e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 24

# प्रभात मंत्र

बुधवार
24.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
एक बात अपने मन में गांठ बांध लें, इस दुनिया में असंभव कुछ भी नहीं है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### गणतंत्र दिवस परेड देखने आएंगे 250 पैक्स के मुखिया

**नई दिल्ली :** देशभर से लगभग 250 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के अध्यक्ष व उनके परिजन केन्द्र सरकार के विशेष अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस का परेड देखने आएंगे। यह जानकारी सहकारिता मंत्रालय ने मंगलवार को दी है।मंत्रालय के अनुसार 24 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 250 लाभार्थी पैक्स के अध्यक्ष और उनके परिजन भारत सरकार के विशेष अतिथि के रूप में इस बार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे। रक्षा मंत्रालय के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथियों की मेजबानी कर रहा है।सहकारिता मंत्रालय के अनुसार दिल्ली प्रवास के दौरान पैक्स के अध्यक्ष 25 जनवरी को सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा से मुलाकात और उनके साथ रात्रि भोज करेंगे। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड देखने के बाद शाम को वे भारत पर्वमें भी शामिल होंगे।

### सुभाष चंद्र बोस का अधूरा है सपना : मोहन भागवत

**कोलकाता :** आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने पश्चिम बंगाल के 24 परगना में मंगलवार को एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस मौके पर उन्होंने नेताजी को याद करते हुए कहा,सुभाष चंद्र बोस जी ने अपने जीवन में अपने लिए नहीं सोच कर, देश के लिए सोचा. धर्म किसी में भेद नहीं करता है. धर्म सभी को एक करने का काम करता है. सभी मनुष्यों को धर्म और अध्यात्म के रास्ते पर चलने का प्रयास करना चाहिए. आरएसएस चीफ ने कहा, सुभाष चंद्र बोस भी धर्म पर चलते थे. उन्होंने अपना पूरा जीवन धर्म के लिए जिया है. सुभाष बाबू के चिंतन और हमारे चिंतन में कोई भेदभाव नहीं है. मोहन भागवत ने आगे कहा, सुभाष चंद्र बोस आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक हैं. इसलिए, हमें उनके जीवन चरित्र से, उनके गुणों से अवगत होना चाहिए. क्या हम वास्तव में जानते हैं कि स्वतंत्रता सेनानियों ने किन सपनों के साथ देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था ? आरएसएस प्रमुख ने कहा,आजादी मिलने के बाद हम अपने स्वार्थ को लेकर सो गये.

### केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का किया ऐलान

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का ऐलान किया गया है. इस संबंध में राष्ट्रपति भवन की ओर से बयान जारी कर ये जानकारी दी गई.राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि भारत सरकार को बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को दिया जा रहा है. वह भारतीय राजनीति में सामाजिक न्याय के पुरोधा और एक प्रेरणादायक शख्सियत थे. यह सम्मान समाज के वंचित वर्ग के उत्थान में कर्पूरी ठाकुर के जीवनभर के योगदान और सामाजिक न्याय के प्रति उनके अथक प्रयासों को श्रद्धांजलि है. कर्पूरी ठाकुर की आज बुधवार को होने वाली 100वीं जन्म जयंती से पहले उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का ऐलान किया गया है.

### करंट लगने से दो श्रमिकों की मौत

**बारासात:** निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से दो श्रमिकों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। खबर लिखे जाने तक मृतकों का नाम पता नहीं चल पाया था। सूत्रों के अनुसार, उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत बारासात के आमडांगा इलाके में घर बनाने के दौरान हाई वोल्टेज बिजली केवल के संपर्क में आने से दो निर्माण श्रमिकों की मौत हो गयी। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने शव को लेकर प्रदर्शन किया।स्थानीय और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आमडांगा के राहाना इलाके में बहरुल मंडल का निर्माण कार्य चल रहा था। वहां संतु मंडल, मोफिजुल मंडल, मैदुल इस्लाम काम कर रहे थे। कार्य के दौरान 11 हजार वोल्ट का बिजली तार भवन के किनारे गिरा हुआ था जिसके स्पर्श से तीन लोग बुरी तरह झुलस गये। अस्पताल ले जाने पर दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया जबकि एक अन्य बारासात अस्पताल में उपचाराधीन है।

### गोवा मुक्ति आंदोलन के अगुआ सत्यनारायण हर्ष का निधन

**बीकानेर:** गोवा मुक्ति आंदोलन में संघर्ष करने वाले बीकानेर के सत्यनारायण हर्ष का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। मंगलवार को ही उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया। हाल ही में राज्य सरकार ने घर पहुंचकर उनका अभिनन्दन किया था। हर्षो के चौक के पास ही रत्ताणी व्यासों के चौक में रहने वाले सत्यनारायण हर्ष ने मंगलवार सुबह अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से बीमार थे और घर पर ही उनका इलाज चल रहा था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

अबुआ आवास योजना अन्तर्गत आयोजित स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए सीएम

# 20 लाख अबुआ आवास का होगा निर्माण : हेमंत

* खूंटी के 3,887 एवं सिमडेगा के 4 हजार लाभुकों को अबुआ आवास हेतु स्वीकृति पत्र दिया गया
* आवास निर्माण हेतु प्रति लाभुक प्रथम किस्त का हुआ हस्तांतरण
* यहां के लोग मान-सम्मान और अधिकार के साथ जीवन यापन करें
* 75 हजार आवास खूंटी और सिमडेगा के लोगों को मिलेगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एक ऐतिहासिक कदम की ओर राज्य सरकार, झारखण्ड के आदिवासी मूलवासी और गरीब गुर्बा लोग बढ़ने जा रहें हैं। राज्य अलग होने के बाद पहला ये कदम है, जब राज्य सरकार राज्य लोगों को मान-सम्मान और अधिकार के साथ जीवन यापन कर सकें, उस दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। इस कड़ी में राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना का शुभारम्भ यहां से हो रहा है।

यहां आबुआ आवास योजना के तहत लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व में भी आपके बीच आकर आपको सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। अलग अलग समय पर पदाधिकारियों ने आपके द्वार जाकर आपकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया है। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने खूंटी के तोरपा स्थित एनएचपीसी ग्राउंड में अबुआ आवास योजना अन्तर्गत आयोजित स्वीकृति पत्र वितरण समारोह कही। मुख्यमंत्री ने कहा यहां खूंटी और सिमडेगा के लाभुक अब अबुआ आवास निर्माण की दिशा में आगे बढ़े। खूंटी और सिमडेगा में करीब 75 हजार अबुआ आवास का निर्माण विभिन्न चरणों में होगा।

### राज्य संपोषित है अबुआ आवास योजना

मुख्यमंत्री ने कहा गरीबों को आवास देने की सूची राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया था। इसमें आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। इसकी सूची पोर्टल में भी अपलोड कर दिया गया। लेकिन केंद्र सरकार ने गरीबों का आवास स्वीकृत नहीं किया। इसलिए राज्य सरकार अपने दम पर अबुआ आवास बनाएगी। यह तीन कमरों और रसोई घर युक्त पक्का आवास होगा। पूर्व में पीएम आवास योजना के तहत दो कमरों का आवास निर्माण किया जाता था, जिसके लिए एक लाख 30 हजार रुपए दिए जाते थे। आपकी सरकार अबुआ आवास निर्माण हेतु 02 लाख रुपए दे रही है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान करीब 30 लाख आवेदन प्राप्त हुए। जब इन आवेदनों को सत्यापन किया गया। सत्यापन के उपरांत 20 लाख जरूरतमंदों को विभिन्न चरण में आवास उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। सरकार आठ लाख से बढ़ाकर 20 लाख आवास का निर्माण करेगी। पहले की अपेक्षा बेहतर आवास सरकार देगी।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, उपायुक्त खूंटी, उपायुक्त सिमडेगा, पुलिस अधीक्षक खूंटी, पुलिस अधीक्षक सिमडेगा, खूंटी एवं सिमडेगा जिला के पदाधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

### रोजगार और स्वरोजगार के हैं अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के कई अवसर उपलब्ध करा रही है। निजी क्षेत्र स्थानीय लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण तय कर दिया है। इसके तहत 50 हजार से अधिक हुनरमंद युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार दिया गया है। दो दिन पूर्व रांची के ओरमांझी स्थित कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित वस्त्र उद्योग में हजारों युवाओं को रोजगार दिया गया है। स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना संचालित की जा रही है। इसके जरिए युवा स्वरोजगार अपनाकर खुशहाली की ओर बढ़ सकते हैं।

## मंदिर के नाम पर लहर नहीं : राहुल गांधी



एजेंसी

**डोमडोमा:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं है. अयोध्या में सोमवार को जो हुआ वह एक राजनीतिक कार्यक्रम था जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शो किया. उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि असम में उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अवरोध पैदा करने का जितना प्रयास किया जा रहा है उससे उनकी यात्रा को उतना ही प्रचार मिल रहा है.राहुल गांधी का कहना था कि कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के धमकाने वाले कदमों से वह डरने वाले नहीं हैं. यह पूछे जाने पर कि 'राम लहर का मुकाबला करने के लिए उनके पास क्या योजना है, तो कांग्रेस नेता ने कहा, ऐसी कोई बात नहीं है कि लहर है. यह भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम था. नरेन्द्र मोदी जी ने फंक्शन किया, शो किया. वो सब ठीक है, अच्छी बात है. लेकिन हम स्पष्ट हैं कि देश को मजबूत बनाने के लिए 'पांच न्याय की योजना हमारे पास है. यह हम आपके सामने रखेंगे.राहुल गांधी ने कहा,इस यात्रा के पीछे न्याय का विचार है. इसमें न्याय के पांच स्तंभ हैं- युवा न्याय, भागीदारी, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक के लिए न्याय. ये पांच स्तंभ देश को शक्ति देंगे. कांग्रेस अगले एक-डेढ़ महीने में इन्हें जनता के सामने रखेगी.असम में कुछ जगहों पर यात्रा में अवरोध से जुड़े सवाल पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा,असम के मुख्यमंत्री जो कर रहे हैं, उससे यात्रा को फायदा हो रहा है. जो प्रचार हमें नहीं मिलता, वो मिल रहा है. उसमें असम के मुख्यमंत्री और शायद उनके पीछे अमित शाह हमारी मदद कर रहे हैं.असम में आज मुख्य मुद्दा यात्रा बन गया है.

### असम के सीएम ने राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने का दिया निर्देश



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक को अवरोधक तोड़ने के लिए भीड़ को उकसाने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया और कांग्रेस समर्थकों के इस कृत्य को नक्सली कार्रवाई बताया.

## वायु सेना पहली बार गणतंत्र दिवस के फ्लाईपास्ट में दिखाएगी टैंगेल फॉर्मेश



एजेंसी

**नई दिल्ली :** गणतंत्र दिवस परेड में फ्लाईपास्ट के दौरान उड़ाए जाने वाले 'टैंगेल' फॉर्मेशन में हेरिटेज विमान डकोटा शामिल होगा, जिसके साथ दो डोर्नियर-228 विमान होंगे। यह विमान एविएशन टर्बाइन फ्यूल और बायोफ्यूल के मिश्रित मिश्रण का उपयोग करके उड़ान भरेंगे। इस 'टैंगेल' फॉर्मेशन का पहली बार भारत ने पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान 11 दिसंबर, 1971 को इस्तेमाल किया था, जब वायु सेना के जवानों को पैराशूट से एयरड्रॉप किया गया था।गणतंत्र दिवस परेड में इस बार वायु सेना के फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। फ्रांस से भारत को मिला पहला सी-295 परिवहन विमान भी गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायु सेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिनमें 29 लड़ाकू विमान, 8 परिवहन और 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। चार विमान भारतीय सेना के और एक भारतीय नौसेना से होगा। परेड में सुखोई-30 लड़ाकू विमान को फ्लाइंग ऑफिसर अस्मा शेख और फ्लाइट लेफ्टिनेंट अनन्या शर्मा उड़ाएंगी। परेड में 6 राफेल वज्रांग फॉर्मेशन इनवर्टेड वाइन ग्लास फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। भारतीय सेना एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के हथियारयुक्त संस्करण का भी प्रदर्शन करेगी, जिसे रुद्र के नाम से भी जाना जाता है। इस बार परेड में फ्रांसीसी सेना की 95 जवानों वाली मार्चिंग कंटीजेंट, 33 जवानों का बैंड और फ्रांसीसी वायु सेना के राफेल जेट और मल्टीरोल टैंकर ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। भारतीय वायु सेना पहली बार गणतंत्र दिवस परेड के फ्लाईपास्ट में 'टैंगेल' फॉर्मेशन का इस्तेमाल करेगी। भारत ने इस हवाई फॉर्मेशन का इस्तेमाल पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान 11 दिसंबर, 1971 को टैंगेल क्षेत्र में पूंगली ब्रिज और नौका को जब्त करने के लिए किया था। इस ऑपरेशन को अक्सर द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़े हवाई ऑपरेशन में से एक माना जाता है।

## श्रीराम मंदिर में भारी भीड़, सीएम योगी ने खुद संभाली कमान

सीएम योगी ने सबसे पहले अयोध्या धाम का हवाई सर्वेक्षण कर रामजन्मभूमि पथ और राम पथ पर मौजूद भीड़ का आंकलन किया।



एजेंसी

**अयोध्या :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद लाखों रामभक्त अपने आराध्य के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच गए। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इन्हें नियंत्रित करने के लिए खुद यहां आकर मोर्चा संभालना पड़ा। उन्होंने पहले हेलीकाप्टर से रामजन्मभूमि व राम पथ का हवाई सर्वेक्षण किया और फिर राम मंदिर पहुंचे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से श्रद्धालुओं को संबोधित कर धैर्य बनाए रखने की अपील की।मंगलवार को सीएम योगी को प्रशासन के माध्यम से यह जानकारी मिली कि अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए अनुमान से बहुत ज्यादा संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए हैं।

इसके बाद उन्होंने तत्काल प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार को रामनगरी में व्यवस्था को सुचारू करने का निर्देश देते हुए रवाना किया। दोपहर में यहां पहुंचे दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार और एसएसपी राजकरण नय्यर से भीड़ नियंत्रण के उपायों पर मंत्रणा कर आनन-फानन में उन्हें प्रभावी कराया। इसके बाद शाम सवा चार बजे के करीब खुद सीएम योगी भी रामनगरी पहुंच गए। पहले उन्होंने अयोध्या धाम का हवाई सर्वेक्षण कर रामजन्मभूमि पथ और राम पथ पर मौजूद भीड़ का आंकलन किया। इसके बाद उनका हेलीकाप्टर साकेत कॉलेज में बनाए गए हेलीपैड पर उतरा। यहां से वह सीधे राम मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए प्रभावी की गई व्यवस्था को परखा। प्रमुख सचिव गृह और डीजी एलओ से भी इस बारे में रिपोर्ट ली। साथ ही सभी रामभक्तों को बिना किसी अवरोध व व्यवधान के सुव्यवस्थित दर्शन कराने के निर्देश दिए।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने झारखंड राज्य अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को बैठक की। रवि कुमार ने सभी से अपील की कि वे भी अपने स्तर पर एक जागरुकता का माहौल बनाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इस नई सूची में अपना नाम चेक करें।उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के पास भी यदि किसी प्रकार की शिकायत या सुझाव आते हैं तो उन्हें भी निर्वाचन कार्यालय तक पहुंचाएं। बैठक में मौजूद लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के द्वारा मतदाता पुनरीक्षण कार्यों के प्रति संतुष्टि व्यक्त करते हुए लगातार हुए जागरुकता कार्यक्रमों की सराहना की।सभी प्रतिनिधियों को बताया गया कि अद्यतन मतदाता सूची को सीईओ झारखंड की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। इस जानकारी को वे अपने-अपने स्तर पर भी जरूर प्रचारित करें ताकि आम मतदाता भी वेबसाइट पर जाकर किसी भी संभावित विसंगति को स्वयं चेक कर ले। सभी राजनीतिक दलों से पुनः अनुरोध किया गया कि वे ईवीएम और वीवीपैट को लेकर राज्य भर में चलाए जा रहे जागरुकता कार्यक्रम के बारे में भी आवश्यक प्रचार प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। बैठक में सभी प्रमुख दलों के प्रतिनिधियों के साथ ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील आदि मौजूद रहे।

## अचानक राज्यपाल से मिलने पहुंचे नीतीश कुमार

एजेंसी

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात की है. करीब 40 मिनट तक दोनों के बीच बातचीत हुई. उनके साथ सीएम के सबसे करीबी मंत्री विजय कुमार चौधरी भी राजभवन में मौजूद थे. वहीं, राजभवन से बाहर निकलने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कोई बातचीत नहीं की. इस बीच इस मुलाकात को लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं. नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राजकीय समारोह के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीधे गवर्नर हाउस पहुंच गए. जिस सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सीएम राजभवन गए, उसमें उनके साथ डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी थे. ऐसे में वहां से उनको (उपमुख्यमंत्री) साथ लिए बगैर गवर्नर हाउस जाना कई तरह की अटकलों को जन्म देता है. हालांकि आरजेडी का कहना है कि यह महज शिष्टाचार मुलाकात है. प्रवक्ता मृत्युंजय ने कहा, यह शिष्टाचार मुलाकात है, इसको लेकर किसी भी तरह की कयासबाजी ठीक नहीं है.हालांकि सूत्र



बताते हैं कि विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति को लेकर दोनों के बीच बातचीत हुई है. साथ ही 5 फरवरी से विधानमंडल का सत्र भी शुरू होना है. ऐसे में मुमकिन है कि इसको लेकर भी दोनों की बातचीत हुई हो. वैसे पिछले कई दिनों से इस बात की चर्चा तेज है कि सूबे में सियासी खेला हो सकता है. संयोजक नहीं बनाए जाने से नाराज नीतीश कुमार कभी भी पाला बदल सकते हैं. पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी इसको लेकर संकेत देते हुए कहा था कि अगर नीतीश आना चाहेंगे तो इस पर विचार किया जाएगा.

# प्राण प्रतिष्ठा पर छठ पोखरा में दीपोत्सव, शामिल हुए हजारों लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा और श्री राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के उपलक्ष्य में हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 11 हज़ार दीए प्रज्वलित किए गए। साथ ही सरयू का पवित्र जल अर्पण किया गया। इस कार्यक्रम में काशी के पंडितों द्वारा गंगा आरती भी की गई। सर्वप्रथम मोहम्मदगंज, हैदरनगर, बराही समेत विभिन्न इलाके से एनसीपी कार्यकर्ता व राम भक्त विधायक कमलेश कुमार सिंह, युवा नेता सूर्या सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह के नेतृत्व में जय श्री राम के जय घोष के साथ छठ पोखरा पहुंचे। कलश के साथ शोभा यात्रा में शामिल नेता विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए हुसैनाबाद



के छठ पोखरा पहुंचे। जुलूस में शामिल लोगों के जय घोष से पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान रहा। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि आज दुनिया के लिए नए युग की शुरुआत है। इस ऐतिहासिक दिन पर संपूर्ण मानव जाति में खुशी व उत्साह है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम सभी के लिए आदर्श हैं। युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि लोगों का उत्साह और उमंग यह बताने के लिए काफी है की लोगों को इस दिन का कितना बेसबरी से इंतजार था। आज ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने में सभी राम भक्त जुटे। उन्होंने कहा कि तंबू से मंदिर तक का सफर कैसा होगा अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित सभी एनसीपी नेताओ कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया व बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज जो लोग दुनिया में हैं वह किस्मत वाले हैं। हमलोग राम लला के मंदिर निर्माण के गवाह बने। इससे बड़ी सौभाग्य की बात नहीं हो सकती।

**हुसैनाबाद के इतिहास में छठ पोखरा पर नहीं हुई इतनी भीड़**

एनसीपी के दीपोत्सव कार्यक्रम में हुसैनाबाद के छठ पोखरा पर ऐतिहासिक भिड़ देखने को मिली। हर व्यक्ति की जुबान पर जय श्री राम का नारा था। जय श्रीराम के नारे से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान रहा। घाट पर 11 हजार दीप जलाने की योजना थी। मगर दीपों की संख्या गिनती के पार रही। मौके पर जमकर आतिशबाजी हुई और बैंड बाजा की गूंज रही। मौके पर आम व खास, मर्द औरतें बड़ी संख्या में मौजूद थे। संपूर्ण क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

# देवगन धाम शीश महल राधा कृष्ण मूर्ति को कराया गया दूध अभिषेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** अयोध्या में श्री राम लल्ला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में छतरपुर में भी धूमधाम से मनाया गया श्री राम सेवा समिति द्वारा पूरे नगर में मंदिरों को साफ सफाई किया गया झंडा गया वही जुलूस में राम लक्ष्मण और सीता की साथ पूरे नगर क्षेत्र में झांकी भ्रमण कराया गया वही इस अवसर पर सरईडीह मोड का नाम बदलकर महावीर चौक किया गया जिसका पूर्व सांसद, मनोज कुमार, चुनु बाबू, मोहन कुमार, एवं अनेक गन्यमान्य लोगो शामिल रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में, चुन्नू बाबू, शैलेंद्र बाबू, मोहन कुमार, कृष्ण जी, अरुण सोनी सहित श्री राम सेवा समिति के कार्यकर्ता शामिल रहे। अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के बाल स्वरूप मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर, देवगण धाम राधा कृष्ण शीशमहल मंदिर में राधा कृष्ण जी के मूर्ति का दूध से अभिषेक किया गया। जिसमे पूर्व उपप्रमुख रंजीत कुमार जायसवाल उर्फ फंटूश और उनकी पत्नी संजू जायसवाल जिला पार्षद छतरपुर पश्चिमी ने संयुक्त रूप से मिलकर राधा कृष्ण के मूर्ति पर दूध से अभिषेक कर धूमधाम से पूजा किया, देवगन धाम मंदिर के महंत साकेत बिहारी दास जी महाराज फलाहारी बाबा से आशीर्वाद लिए इस अवसर पर सरवन यादव बिनोद रजक, मंटू जायसवाल, बनवारी पासवान, दीपक ठाकुर, अजय चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी आदि शामिल रहे।

# प्रश्न मंच प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में ग्रुप ए में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के स्वप्ननिल द्विवेदी, सुधांशु शुक्ला कृष शिक्षा विजेता तथा मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय की अर्चना कुमारी, रिशु कुमारी, व ब्यूटी कुमारी उपविजेता, ग्रुप बी में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर की पूर्णिमा कुमारी, शुभ आदित्य, उत्सव तिवारी विजेता, तथा होली क्रॉस उच्च विद्यालय नया खाड़ के कुलदीप लकड़ा, सबरुन खातून, आरती कुमारी उपविजेता, ग्रुप सी में राजकीय मध्य विद्यालय नगर ऊंटरी मुस्कान कुमारी, तौफीक आलम, प्रियांशू कुमार विजेता, तथा सरस्वती विद्या मंदिर की यास्फी रानी, निधि कुमारी व उत्सव राज उपविजेता तथा ग्रुप डी रामाश्रम विद्या निकेतन की आकृति कुमारी, आरव पांडेय, हंस कुमार पांडेय विजेता तथा गुरुकुल पब्लिक स्कूल के विपुल राज, विराज राज, आर्य पांडेय उपविजेता रहे। प्रश्न मंच प्रतियोगिता का संचालन अधिवक्ता ब्रजेश कुमार चौबे ने किया।

# समता विद्यालय में मनाया गया सुभाषचंद्र बोस जयंती



**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती समारोह केक काटकर एवं पुष्प माल्यार्पण कर विद्यालय के प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान के द्वारा मनाया गया। और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष विनोद चौधरी, सचिव संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राहुल चौहान, बेबी शेख, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी, शिल्पा कुमारी, रेशमा सैयद, रिमझिम देवी, उम्म सैयद, अर्जुन कुमार, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका जनक दुलारी देवी उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक सह झामुमो नेता ने किया भंडारे का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को बस स्टैंड स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पास भव्य महा भंडारा का आयोजन किया गया.महा भंडारा का शुभारंभ पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अंनत प्रताप देव ने लोगों के बीच प्रसाद वितरण कर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव ने कहा कि श्री राम सेना के द्वारा लगातार धार्मिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता है। उन्होंने कहा कि श्री राम सेना के द्वारा श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में भव्य तरीके से पालकी यात्रा निकाला गया। उन्होंने कहा कि श्री राम सेना के द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जो काफी सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि भंडारा कराना पुण्य का काम है.उन्होंने कहा कि श्री राम सेना के द्वारा शोभा यात्रा एवं पालकी यात्रा निकाला गया जो शहर में भ्रमण



किया। श्रीराम सेना अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने कहा कि शोभा यात्रा में 101 किलो लड्डू का भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया साथ ही शाम में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, अशोक जायसवाल, राकेश जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र अग्रहरि, शम्भूनाथ सौदागर , पप्पू अनमोल, प्रताप जायसवाल, संजीत कुमार छोटू, आनंद जायसवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, अजय मुखिया, नीरज जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, आशीष अग्रवाल, मिंटू कुमार, कमलेश मेहता, अमित कुमार गुड्डू, विकास कुमार शालू, कार्यकारणी सदस्य आशीष कुमार, नित्यानंद कुमार, बब्लू केशरी, अशीष कुमार, ऋ तुराज जायसवाल, छन्नू लाल, सूरज कुमार, अनिल मेहता, आशीष गुप्ता, बंटी केशरी, दिनेश जायसवाल, शिवम, अक्षय, क्रिश सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस के दिन बंद रहेगी शराब की दुकानें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन से संबंधित बैठक आयोजित की गयी.उपायुक्त के अवासीय कार्यालय में आयोजित इस बैठक में गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रमों एवं इस दिन विभिन्न विभागों की ओर से निकाले जाने वाले झांकियों की रूपरेखा तैयार की गयी। इस दौरान डीसी ने विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपा। इस दौरान मेदिनीनगर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त को शहर में स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा का विशेष रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सिविल सर्जन को पुलिस लाइन स्टेडियम में एंबुलेंस की व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में विभिन्न विभागों की ओर से झांकी



निकालने का निर्णय लिया गया जो सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, राष्ट्रहित व जिला की कला संस्कृति पर आधारित रहेगा। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने अन्य कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। मौके पर कल्याण पदाधिकारी, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, सदर अंचलाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता,जिला कृषि पदाधिकारी रेड क्रॉस के प्रतिनिधि समेत अन्य मौजूद रहे। इधर 26 जनवरी के दिन जिले में सभी प्रकार की उत्पाद दुकानें,बार समेत सभी प्रकार की मादक वस्तुओं की दुकान पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। इसे लेकर उत्पाद विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है।

# पिपरा बाजार के रामभक्तों ने किया भंडारे का आयोजन



**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा बाजार स्थित देवी मंडप के प्रांगण में राम भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया. राम भक्तों ने कहा कि अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का हमेशा से ही था। एक लंबे इंतजार के बाद अन्याय पर न्याय की जीत हुई है। हम लोगों को पूरा भरोसा था एक न एक दिन मंदिर जरूर बनेगा। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के उपलक्ष पर आज हम सभी लोगों ने मिलकर भंडारे का आयोजन किया है। विधिवत पूजा पाठ भी किया गया है। सैकड़ो लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया है। मुख्य रूप से भंडारे में सहयोग मनोज सोनी अनिल प्रजापति राजकिशोर गुप्ता भीम प्रजापति अभिमन्यु कुमार संजय सिंह मनीष सोनी राजन सोनी दीपक यादव मुकेश सोनी प्रदीप सोनी सहित अन्य पिपरा बाजार के निवासी कर रहे थे।

# शोभायात्रा में उमड़ा लोगों का जनसैलाब, बजरंग दल विहिप और राम जानकी मंदिर के लोग हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददात**

**छतरपुर :** राम मंदिर स्थापना दिवस के मौके पर नगर राम गीतों और भगवा झंडों से गुलज़ार रहा। विभिन्न समितियों के द्वारा अपने अपने तरीके से आस्था को व्यक्त किया गया। महावीर मडंल के द्वारा दुर्गा वाहिनी की सभी बहनों को मंडल के संरक्षक सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमून के द्वारा अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। उन्होंने उक्त दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामलला के मंदिर की स्थापना एक ऐतिसाहिक दिन है दुबारा किसी हिन्दू के जीवन मे नहीं आनेवाला है। हमें इस मौके पर संकल्प लेना होगा कि हम भी अपने इलाके के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। श्री राम के आदर्शो को अपना कर सुखी समृद्ध और सशक्त समाज की स्थापना की जा सकती है।



इलाके में महावीर मंडल के द्वारा पंजाबी ढोल, सिंघा, मांदर, डीजे और घोड़ा नाच के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाला गया जो लोगों के आकर्षण का केंद्र भी रहा। शोभायात्रा शहर के मुख्य पथों, जपला रोड, बाजार, खाटीन, ब्लॉक रोड और गोलक्ष्मी से गुजरता हुआ ठाकुरबाड़ी में आतिशबाजी के साथ समाप्त हुआ। महावीर मडंल के द्वारा आयोजित शोभायात्रा में बजरंग दल, विहिप, दुर्गावाहिनी, श्री राम जानकारी मंदिर के लोगों ने शामिल हो कर सफल बनाया। जय श्री राम के जयकारे से पूरा मौहाल भक्तिमय हो गया। शाम को बजरंग दल के पप्पू सिंह, ऋषभ गुप्ता, सोनू सिंह, शशिकांत, अंकित कुमार, टोन वर्मा, अमित ठाकुर के द्वारा दीप प्रज्वलित के कार्यक्रम का नगर क्षेत्र में अयोजन कर दीपावली जैसा दृश्य बना दिया ऐसा लग मानों अयोध्या नगरी की तस्वीर छतरपुर में उतर आई हो। वहीं महावीर मंडल के रितेश सोनी, आकाश कुमार चंद्रा, मृणाल गुप्ता आयुष कुमार,पंकज गुप्ता, उमेश सोनी, छोटू कुमार, प्रीतम कुमार, रितेश कुमार, गोलु कुमार, सोनू कुमार, दीपक यादव अमित कुमार, विशाल गुप्ता, राकेश कुमार, प्रभाकर कुमार, विनय कुमार, मनीष कुमार, श्रीराम जानकी मंदिर के मनोज सेठी, सुबोध सोनी, मनोज गुप्ता, सुधीर सिन्हा, अशोक सोनी, अजय कुमार। दुर्गा वाहिनी की खुशी कुमारी, शालू कुमारी, स्मृति कुमारी, शिवानी कुमारी, सत्यम कुमारी, सोनी कुमारी, निक्की गुप्ता, नैंसी कुमारी, पूजा कुमारी, स्नेहा शिवांगी ने भी शोभायात्रा में शामिल हो कर उसे सफल बनाया।

# रामेश्वर नाथ अनंत कमाना पूर्ति मंदिर का मनाया गया प्रथम वर्षगांठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर थाना प्रांगण स्थित रामेश्वर नाथ अनंत कमाना पूर्ति मंदिर का मंगलवार को प्रथम वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। अहले सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया था। सबसे पहले भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया गया। हवन के उपरांत सुंदर काण्ड का संगीतमय पाठ हुआ.इसके अलावा महाभंडरा का भी आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया.सभी धार्मिक अनुष्ठानों में थाना प्रभारी शशि रंजन, एएसआई अनंत कुमार सिंह, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, राजेंद्र केशरी, राजू बाजपेई व उमाशंकर बतौर जजमान शामिल रहे.इस दौरान सुंदर काण्ड पाठ कर रहे प्रसिद्ध तबला वादक शिशिर शुक्ला सहित सभी कलाकारों को थाना प्रभारी शशि रंजन और समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर प्रथम नप उपाध्यक्ष अजय बक्स राय, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, गोपाल सोनी, पंडित अचितानंद पांडेय, राजन मिश्रा, सोनू दुबे, रमेश चौबे, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, पिंटू पांडेय, रंजित चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

# बिरसा किसान रथ को दिखाया गया हरी झंडी



**पिपरा, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड मुख्यालय से कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से चलाए जा रहे बिरसा किसान रथ को सांसद प्रतिनिधि मथुरा प्रसाद गुप्ता समाजसेवी लाल बहादुर सिंह रवि रोशन हरि यादव ने संयुक्त रूप से हरा झंडा दिखाकर प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण के लिए रवाना किया। बिरसा किसान रथ का मुख्य उद्देश्य सरकार के द्वारा चलाई जा रहे योजनाओं की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे है। इस रथ के द्वारा पशुपालन योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना गव्य विकास योजना की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। मत्स्य योजनाएं उद्यान योजना भूमि संरक्षण योजनासहित अन्य योजनाओं की जानकारी बिरसा किसान रथ घूम-घूम कर लोगों तक पहुंचा रहा है. इस मौके पर बीएफएसी अध्यक्ष गौतम राज प्रभारी कृषि पदाधिकारी सरजुन राम प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक रंजीत कुमार कपिल देव राय अखिलेश यादव विजय राम धनंजय जी के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

# राम नाम के जयकारों से गूंज उठा कटुवल गांव, रामभक्तों ने शोभायात्रा निकाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के पतरिया खुर्द पंचायत में मुखिया रानी सिंह सह प्रखंड अध्यक्ष व मुखिया संघ का जिला उपाध्यक्ष रानी सिंह के नेतृत्व में भगवान राम का अयोध्या में शुभ आगमन व मूर्ति स्थापित के शुभ अवसर पर पतरिया खुर्द पंचायत के कटुवल गांव में शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा पतरिया खुर्द पंचायत के विभिन्न मोहल्ले से जय श्री राम का घोष करते हुए सभी ग्रामीणों ने गांव के महावीर मंदिर के पास पहुंचा जहां मौके पर पूर्व मुखिया विवेक सिंह मुखिया संघ के अध्यक्ष व ज़िला उपाध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा कि भगवान राम त्रेता युग में 14 वर्ष का बनवास काटकर अयोध्या लौटे थे तो गांव का हर गली मोहल्ले में दीप महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था, 14 वर्ष बनवास काटने के बाद भगवान श्री राम का अयोध्या लोटने पर दीप महोत्सव धूम धाम से मनाई गई थी। वहीं दीप महोत्सव का दिन 500 वर्ष गुजर जाने के बाद पूरे भारत देश में कलयुग युग में 22 जनवरी को दीप महोत्सव पूरे भारत देश का गली मोहल्ले में धूम धाम के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है उसका छोटा सा रूप पतरिया खुर्द के कटुवल पंचायत में ग्रामीणों का उत्साह भगवान के आने का आगमन का शुभ मूहर्त दिखाई दे रहा हैं। मुखिया रानी सिंह ने कहा कि हम हिंदू परिवारों के लिए 22 जनवरी महान पर्व की तरह है 500 वर्षो के बाद भगवान आराध्या राम शुभ आगमन व मूर्ति स्थापित शुभ दिन है जिसका उपलक्ष्य में हमारा देश भारतवासी के साथ साथ पतरिया खुर्द के कटुवल पंचायत के सभी ग्रामीण वासी धूम धाम से भगवान राम का आगमन का खुशहाली का सभी ग्रामीण जश्न मना रहें है। मौके पर विकास सिंह,अमित सिंह,मनोज सिंह, अखिलेश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रदीप राम, सुग्रीव चौधरी सहित सैकड़ों बाल भक्त शोभा यात्रा में शामिल थें।

# नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी के 127 वीं जयंती मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** प्रखंड के टाटीदीरी गांव में विद्या कोचिंग सेंटर के 13 वा स्थापना दिवस सह नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी के 127 वी जयंती और पराक्रम दिवस मंगलवार को मनाया गया। कार्यक्रम के शुरुआत कोचिंग के निदेशक सह जेऐसऐलपीऐस धुरकी के बीआरपी विनोद प्रसाद गुप्ता के द्वारा नेता जी के तस्वीर पर फूल एवं माला चढाकर किया गया। कार्यक्रम मे बिनोद ने नेता जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेता जी का जन्म ऊडिशा राज्य के कटक में 23 जनवरी 1897 ई0 को हुई थी.उन के पिता के नाम जानकी नाथ बोश एवं माता का नाम प्रभावती देवी हैं। उनके पिता पेशे से वकील थे इसलिए नेता जी के पढ़ाई लिखाई अच्छी तरह से हुई. बचपन से ही नेता जी राष्ट्वादी सवभाव के थे। उन्होंने दर्शनशास्त्र में बीए की परीक्षा पास किया और और 1920 मे इंडियन सिविल सर्विस की परीक्षा में देश में चौथा स्थान हासिल किया और प्रशासनिक क्षेत्र में योगदान दिया। देश भक्ति, राष्ट्रवादी के भावना से प्रेरित, नेता जी ने देश को आजाद कराने के लिए नेता जी अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया.और देश को आजाद कराने के लिए आजादी के लडाई में कुद पड़े उनहोंने देश को आजाद कराने के लिए 1943ई0 आजाद हिंद फौज के गठन किया और ऐक नारा दिया तुम मुझे खुन दो मै तुम्हें आजादी दूँगा। देश के आजादी मे नेता जी के योगदान बहुत ही महत्तापूण है. नेता जी के द्वारा किये हुए कार्य को देश कभी भी नहीं भुल सकता. आज उनके बताऐं हुए मार्ग पर चलने के आवश्यकता हैं. जिससे देश और समाज का विकाश हो सके.उनके महत्व को समझते हुए जयंती के अवसर पर विद्यालय के छात्रों को शिक्षा के स्तर को बढाने के लिए 23 जनवरी 2011 को कोचिंग खोला ताकि छात्र छात्राएं उनके आदर्श को समझे और अपना तथा अपने माता पिता के नाम रौशन कर सके. कार्यक्रम में सभी छात्र छात्रा ओ के बीच पठन पाठन सामग्री के वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोनू कुमार, राहुल कुमार, अजित कुमार, सपना कुमारी, रेशमी कुमारी आदि उपस्थित थे।

# रामभक्त नंदन कुमार सिंह ने किया भंडारे का आयोजन



**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के नावाटांड पंचायत मे बाबूदूरा अवस्थित शिव मंदिर परिसर मे राजमणि इंटरप्राइसेज के प्रॉपराइटर सह समाज सेवी नन्दन कुमार सिंह उर्फ़ चिंटु सिंह ने भंडारे का आयोजन किया। राम भक्त नंदन कुमार सिंह ने कहा कि अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम हमेशा से सही था। एक् लंबे समय के बाद अन्याय और न्याय की जीत मिली और हम लोगों की विश्वास था कि एक न एक दिन राम मंदिर जरूर बनेगा। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के बाद सोमवार के भंडारे का आयोजन किया और इस भंडारें मे हजारों हजारों की संख्या मे राम भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। वही पर उन्होंने गरीब असहाय लोगों की बीच कम्बल की वितरण किया और हर वर्ष पुनीत कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री संजय कुमार यादव,थाना प्रभारी अमन कुमार, बीपीओ दीपक कुमार, पिंटू सिंह, विनय कुमार सिंह, तिलक कुमार सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, नवल सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## मुख्यमंत्री ने नेताजी की जयंती पर किया नमन

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। उन्होंने एक्स फ ट्वीट कर कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजादी के महानायक, महान स्वतंत्रता सेनानी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक थे। उन्हें नमन।

## जेसीआई ने श्रीराम दरबार का पूजन कर खीर वितरण किया

**रांची।** अयोध्या के राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देशभर में उल्लास और महोत्सव का माहौल है। इस ऐतिहासिक एवं स्वर्णिम अवसर पर राँची के निवारनपुर के तपोवन मंदिर में जेसीआई राँची द्वारा सोमवार को पूरे दिन विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सुबह में श्रीराम दरबार का पूजन एवं दोपहर में खीर वितरण किया गया। वहीं, संध्याकाल में 11000 दीपक एवं आतिशबाजी कर दीपोत्सव मनाया गया और साथ ही संध्या महाआरती कर श्रद्धालुओ के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर तपोवन मंदिर समिति की ओर से श्रीराम मंदिर समेत पूरे मंदिर परिसर को रंग बिरंगे लाइटों से सजाया गया था।इस कार्यक्रम के संयोजग अंकित मोदी, रोहित दयानी एवं अमन पोद्दार थे और साथ ही संस्था के अध्यक्ष विक्रम चौधरी, सचिव मयंक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, नारायण मुरारका, मनीष रामसिसरिया, दीपक अग्रवाल, अमित खोवल, नीरज पोद्दार, श्याम अनुराग, आशीष गौतम, निशांत मोदी, अंकित अग्रवाल, नटवर बाजोरिया के अलावा जेसीआई राँची के अन्य सदस्यों ने सहयोग दिया।

# 82 देशों से आई 1007 फिल्मों के बीच झारखंड की गिलुआ ने बनाई पहचान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड फिल्म एंड थियेटर एकेडमी (जेएफटीए) द्वारा निर्मित बाल हिंदी फीचर फिल्म गिलुआ के हिस्से में एक और अवार्ड शामिल हो गई है।

गिलुआ को देश का ये तीसरा सम्मान प्राप्त हुआ है, इससे पहले फिल्म को 2022 में गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के फिल्म बाजार कैटेगरी में शामिल किया गया था, इसी साल नोएडा में आयोजित ग्लोबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान 22 देशों से आई फिल्मों के बीच गिलुआ को स्पेशल डिस्टिंक्शन अवार्ड से भी सम्मानित किया चुका है। फेस्टिवल में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद बॉलीवुड के जाने माने शायर गीतकार सईद कादरी के हाथों फिल्म गिलुआ के मुख्य बाल कलाकार सात्विक सिन्हा को फेस्टिवल स्पेशल मेंशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर फिल्म निर्मात्री ज्योति सिन्हा के साथ निर्देशक राजीव सिन्हा भी मौजूद थे।गौरतलब है कि फिल्म महोत्सव की फेहरिस्त में, झारखंड के कलाकारों के साथ बनी, झारखंड की ही कहानी पर आधारित फिल्म गिलुआ को देश का ये तीसरा सम्मान प्राप्त हुआ है, इससे पहले फिल्म को 2022 में गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के फिल्म बाजार कैटेगरी में शामिल किया गया था, इसी साल नोएडा में आयोजित ग्लोबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान 22 देशों से आई फिल्मों के बीच गिलुआ को स्पेशल डिस्टिंक्शन अवार्ड से भी सम्मानित किया चुका है।

# दादा साहेब फाल्के गोल्ड अवार्ड से सम्मानित हुए सांसद संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ का चयन दादासाहेब फाल्के आइकन गोल्ड अवार्ड के लिए किया गया है। सांसद संजय सेठ को यह अवार्ड कल 24 जनवरी को नई दिल्ली में दिया जाएगा। दादासाहब फाल्के संस्थान के द्वारा संसद को बेस्ट आइकॉन एमपी झारखंड के रूप में चुना गया है। सांसद का यह चुनाव क्षेत्र में आम जनता के बीच सक्रियता, लोकसभा में उपस्थित, सत्र में सवाल जवाब, क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर सक्रियता, सोशल मीडिया पर सक्रियता सहित सामाजिक क्षेत्र में किए जाने वाले किए गए कार्यों को लेकर हुआ है। उक्त संस्था ने एक सर्वे के बाद सांसद को इस अवार्ड के लिए नामित किया है। विगत वर्षों में सांसद ने लोकसभा में अपनी सत्र प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई है। सवालों के मामले में भी सांसद सक्रिय रहे हैं। क्षेत्र के मुद्दे को उन्होंने मुखरता से लोकसभा में रखा है। 3 वर्षों से बुक बैंक के माध्यम से लाखों पुस्तकों का वितरण किया गया। टॉय बैंक के माध्यम से हजारों खिलौने का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त सेठ ने सांसद खेल महोत्सव, सांसद सांस्कृतिक महोत्सव, परीक्षा पर चर्चा को लेकर ड्राइविंग कंपटीशन जैसे कई ऐसे कार्य किए हैं, जिनकी चर्चा राष्ट्रीय पटल पर हुई है। सोशल मीडिया पर भी सांसद की सक्रियता बहुत अच्छी रहती है। उनके इन्हीं कार्यों को लेकर दादासाहब फाल्के संस्थान ने उन्हें गोल्ड अवार्ड के लिए चुना है। अपने चुनाव पर सांसद




संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में मैं कार्य कर रहा हूं। उसी का परिणाम आज इस रूप में सामने आया है। सांसद ने कहा की क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की अनथक मेहनत, उनके सुझाव, आम जनता का आशीर्वाद और विश्वास के परिणाम स्वरूप आज वह राष्ट्रीय पटल पर चर्चा में है और उन्हें यह सम्मान मिल रहा है। सांसद ने कहा कि यह पुरस्कार क्षेत्र की जनता को समर्पित है क्योंकि क्षेत्र की जनता के स्नेह प्यार और विश्वास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचा है। यह सम्मान उन्हें कल नई दिल्ली में दिया जाएगा। इस सम्मान के लिए संसद ने दादा साहबफाल्के संस्थान के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट की है।

## श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर रांची में दो दिवसीय दुर्गा उत्सव का समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय भव्य और मनोरम दुर्गा उत्सव का सोमवार देर रात समापन हो गया। रामोत्सव के पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत मनोरम झांकी के साथ सुप्रसिद्ध गायक-गायिकाओं ने भजन संध्या का आयोजन किया गया। दूसरे दिन हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ और श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण, महाभोग भंडारा एवं शिव तांडव स्तोत्र पर बेहद ही आकर्षक आरती का आयोजन भी हुआ। आतिशबाजी का दौर भी चला। सांस्कृतिक संध्या में बिहार के सुप्रसिद्ध गायक अरविंद अकेला उर्फ कल्लू, निशा उपाध्याय सहित कई अन्य कलाकारों ने लोगों को राममय वातावरण में झूमने को विवश कर दिया। सोमवार का यह दिन ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी राजधानी रांची शहर सुबह से लेकर देर रात तक प्रभु राम के उत्सव में पूरी तरह से तल्लीन और सराबोर रहे।

## गणतंत्र दिवस में भाग लेने के लिए झारखंड के 21 योग प्रशिक्षक दिल्ली रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आयुष मंत्रालय ने झारखंड के 21 योग प्रशिक्षकों का चयन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस में योग प्रशिक्षको को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। योग प्रशिक्षकों का चयन झारखंड के हर जिले से किया गया है। इस सम्बन्ध में आयुष निदेशालय, झारखंड सरकार की निदेशक सीमा कुमारी उदयपुरी ने एच डब्ल्यू सी के नोडल अफसर दिवाकर कुमार झा को नियुक्त किया है, योग प्रशिक्षक, डॉ अर्चना कुमारी की देखरेख में आज दिल्ली रवाना हुए। बताते चलें कि पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गणतंत्र दिवस परेड में योग को स्थान दिया है। इस सम्बन्ध में आयुष निदेशालय झारखंड की उपनिदेशक डाक्टर नूजहक सुल्ताना ने भी आदेश जारी किए हैं।



**भाग लेंने वाले झारखंड के योग प्रशिक्षक :** पूनम तिवारी - बोकारो, शौर्या कुमारी - चतरा, अनोज कुमार - देवघर, बिनय पंडित - धनबाद, संतोष गोस्वामी - दुमका, शशि कुमार चौधरी - गढ़वा, आनंद कुमार वर्मा - गिरिडीह, प्रियंका कुमारी - गोड्डा, तुलसी साहू - गुमला, संजीव कुमार सिंह - हजारीबाग, रंजीत प्रसाद यादव - जामताड़ा, नमित नाग - खूंटी, सुषमा सुमन - कोडरमा, घनश्याम यादव - लातेहार, प्रसेनजीत राजबंशी - पाकुर, पवन कुमार गुप्ता - पलामू, धनराज सिंह - रामगढ़, डॉ अर्चना कुमारी - रांची, नीलरतन खान - सरायकेला, दिव्येन्द्र कुमार प्रसाद - सिमडेगा, दीपक पासवान - पश्चिमी सिंहभूम।

## कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग ने नेताजी की जयंती पर कंबल बांटे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** कोकर स्थित सुभाष चौक में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जयंती रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया और गरीब आसहाय लोगों के बीच 85कंबल का वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनूसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान , विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनूसूचित जाति के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेन राम, कार्यक्रम में झारखंड नेशनल कोर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान,रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपचेयरमैन सुरज कुमार



पासवान,ओ बी सी प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष महतो, प्रकाश राम,विजय कुमार राम,बंटी पासवान,संजय कुमार राम,राज कुमार (राजा) ,नंदलाल महतो, संगीता देवी, बसंत पासवान, कैलाश राम,अजय कुमार, अरविंद हजारा,राज कुमार राम, अंशू पासवान,आदि रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## ट्रेड यूनियनों ने नेताजी की जयंती को देश प्रेम दिवस और साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर मंगलवार को झारखंड के अधिकांश जिलों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए इस दिन को देश प्रेम दिवस और साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया। राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों में किसानों, मजदूरों-कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्य स्थलों पर सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देते हुए देश की एकता, अखंडता और भाईचारे की हर कीमत पर रक्षा करने का संकल्प लिया।

राजधानी रांची में मेन रोड स्थित सीटू राज्य कार्यालय के परिसर में नेताजी की तस्वीर पर



माल्यार्पण कर एक सभा की गयी। सभा की अध्यक्षता अनिर्बान बोस ने की। सभा को संबोधित करते हुए सीटू के प्रकाश विप्लव ने कहा कि आज हमारा देश एक ऐसे दोराहे पर खड़ा है। सही मंजिल की ओर जाने के मार्ग में बड़ी बाधाएं खड़ी कर दी गई हैं। शासक वर्ग के जरिये सुनियोजित तरीके से धार्मिक उन्माद का शोर पैदा कर राष्ट्रीय संपदा की लूट तेज कर दी गई है। साथ ही संविधान के संघीय और धर्मनिरपेक्ष चरित्र को ताक पर रखकर भारत को बहुसंख्यकों का एक धार्मिक राष्ट्र बनाने की कवायद तेज कर दी गई है। यह हमारे संविधान की मूल भावना और स्वतंत्रता संग्राम की साझी विरासत और जनतांत्रिक मूल्यों को कमजोर किए जाने की साजिश है, जिसका हमें डटकर मुकाबला करना होगा। सभा को प्रतीक मिश्र, एमएल सिंह, अभिजीत मल्लिक, नवीन चौधरी सहित विभिन्न ट्रेड यूनियन के नेताओं ने संबोधित किया।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र का अंचल कार्यालय अब करमटोली रोड में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपना अंचल कार्यालय प्रथम तल, निदान बिल्डिंग करमटोली रोड, रांची में खोला है।

अंचल कार्यालय का उदघाटन ए. एस. राजीव प्रबंध निदेशक एवं विशेष कार्यकरी अधिकारी बैंक ऑफ महाराष्ट्र के द्वारा किया गया । उद्घाटन के दौरान शिखा कुमारी अंचल प्रबंधक एवं रोहित रमन उप अंचल प्रबंधक के साथ बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।



उपस्थिथ ग्राहको एव फोरम को संबोधित करते हुए बताया गया कि बैंक अन्य बैंकों की तुलना में ग्राहक समावेशन और उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगा। बैंक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और उन ग्राहकों को शामिल करने पर भी अधिक ध्यान देगा जो अभी भी बैंकिंग सुविधाओ से वंचित हैं। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं विशेष कार्यकरी अधिकारी ने आज झारखंड में अंचल कार्यालय के साथ बूटी मोर रांची और अपर बाजार, रांची में अपनी 30 वीं और 31 वीं शाखा का भी उद्घाटन किया।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के तीनों दोषियों को 20-20 साल की सजा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल ने शादी समारोह से घर लौट रही नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले के तीनों दोषी करार अभियुक्तों को मंगलवार को 20-20 साल की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने तीनों पर 10-10 हजार का जुर्माना लगाया है। इनमें प्रदीप उरांव, बुलेट उरांव और चैने उरांव शामिल हैं। इससे पूर्व अदालत ने 17 जनवरी को तीनों को दोषी करार किया था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि आठवीं कक्षा की नाबालिग छात्रा एक शादी समारोह से घर लौट रही थी। इसी दौरान एक नाबालिग सहित चार आरोपितों ने उसे पकड़ लिया और खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। मामले को लेकर नाबालिग के परिजनों ने मांडर थाना में कांड संख्या 212/2021 दर्ज कराया था। इसके बाद मांडर पुलिस ने सभी चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। चार आरोपितों में से एक आरोपित नाबालिग है, जिसका मामला जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में चल रहा है। यह जानकारी एपीपी पुष्पा ने दी।

## राज्यपाल ने नेताजी के चित्र पर किया माल्यार्पण



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वी जयंती मनाई गई। नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कि गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह , झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता जितेंद्र कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय जनता दल के नेता राजेश यादव , खेत मजदूर यूनियन के नेता इम्तियाज़ खान सहित कई लोग उपस्थित थे। पूर्व सांसद भवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की नेताजी सुभाष चंद्र बोस




की सपना आज भी अधूरा है । रामगढ़ के अधिवेशन में उन्होंने गरम दल का निर्माण किया था, आज देश के अंदर जात धर्म के नाम पर राजनीति की जा रही है। देश में बेकारी, बेरोजगारी ,महंगाई चरम पर है। लेकिन धर्म की घुट्टी पिलाकर केंद्र की मोदी सरकार लोगों को वर्ग ला रही है । आज नेताजी की जयंती के अवसर पर सभी लोग संकल्पित हैं, की आने वाले दिन में धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले लोगों को सबक सिखाने के लिए देश के तमाम धर्मनिरपेक्ष पार्टियों एकजुट होकर के देश में लोकतंत्र ,संविधान और देश की आजादी को बचाने के लिए संघर्ष को तेज करेंगे । कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक ,जिला सचिव अजय कुमार सिंह ,झारखंड मुक्ति मोर्चा के जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, इम्तियाज़ खान, कमरुद्दीन निशा, मनोज ठाकुर, श्यामल चक्रवर्ती, मेहुल मृगेंद्र, किरण कुमारी, गोपाल पांडेय, सुनील सिंह, नागो चौधरी,सहित कई लोग शामिल थे।

# चार फरवरी को बंधु तिर्की करेंगे आदिवासियों के साथ महाजुटान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आदिवासियों से जुड़े मुद्दे पर कभी भी किसी भी हाल में समझौता नहीं हो सकता। तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की ज्वलंत समस्याओं पर गंभीर आदिवासी संगठन और समान विचारधारा के लोग एवं संगठन न केवल लड़ेंगे बल्कि वह निश्चित रूप से जीतेंगे भी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी जनाधिकार मंच द्वारा अगले 4 फरवरी 2024 को आयोजित आदिवासी एकता महारैली में आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों, समस्याओं और उनकी वर्तमान परिस्थितियों के सन्दर्भ से संबंधित विशेष मसौदे का लोकार्पण 24 जनवरी को ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान के मंच पर इस महारैली के संयोजकों द्वारा विमोचन किया जायेगा।तिर्की ने कहा कि इस चार फरवरी को मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजीराव मोघे होंगे।




इसके साथ ही गुजरात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राठवा के साथ अनेक गणमान्य नेताओं ने इस विमोचन समारोह में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर दिया है। महारैली की तैयारी अंतिम चरण में है और इसमें भाग लेनेवाले लोगों के स्वागत में झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानी, वीर आंदोलनकारी और झारखण्ड की 23 विभूतियों के नाम पर तोरण द्वार का निर्माण किया जायेगा।वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने इस बात की आलोचना की कि, अनेक संगठनों, नेताओं एवं राजनीतिक दलों द्वारा 4 फरवरी को आयोजित आदिवासी एकता महारैली को केवल ईसाई आदिवासियों की रैली के रूप में प्रचारित किया जा रहा है जो पूरी तरीके से गलत है।

# कांके विधायक समरी लाल ने सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

**प्रभातम मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के बरियातू स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी जोड़ा तालाब के श्री महावीर मंदिर सामुदायिक भवन के दूसरे तल्ले का शिलान्यास कांके विधायक समरी लाल ने मंगलवार को नारियल फोड़कर किया। विधायक ने कहा कि सामुदायिक भवन के दूसरा तल बन जाने पर यहां के लोगों को शादी और अन्य कार्यक्रम करने के लिए कही और नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से मोहल्ले वासियों की यह मांग अब पूरी हुई। इस अवसर मोहल्ले वासियों ने समरी लाल को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने मोहल्ले वासियों से आग्रह किया कि दूसरे तल्ले का निर्माण कार्य अपने देखरेख में करायें। इस



अवसर पर प्रकाश चंद्र सिन्हा, हरिनंदन शर्मा, रामाशीष सिंह, सुरेंद्र मंडल, मुकेश कुमार, रवि पाठक, ओम प्रकाश पांडे, अमित कुमार मंडल, मनोज गोस्वामी, ऋषि कुमार, बबलू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## नप ने मनाया नेताजी की जयंती

**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पर झुमरीतिलैया नगर परिषद ने कार्यक्रम का आयोजन किया। नगर प्रशासक हर्षवर्धन के निर्देश पर नगर प्रबंधक डा. अरविंद कुमार मोदी ने सुभाष चौक पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेताजी स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक उड़ीसा में हुआ था। नेताजी ने देश की आजादी के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उन्होंने नारा दिया था, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। वह आज भी हम सभी के दिलों में बसते हैं। वह 24 साल की उम्र में इंडियन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गए थे। बाद में महात्मा गांधी से वैचारिक मतभेद होने के कारण वह विदेश चले गए और देश की आजादी के लिए विश्वभर में समर्थन जुटाने में लगे रहे। बाद में उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया। कहा जाता है कि सन 21 अक्टूबर 1943 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रुप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में स्थापित भारत की प्रथम स्वतंत्र अंतरिम (अस्थाई) सरकार का गठन किया गया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में स्थापित अंतरिम सरकार भारत की अंग्रेजों के प्रभाव से मुक्त प्रथम स्वतंत्र सरकार थी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। उनके क्रांतिकारी विचारों से प्रभावित होकर कई युवा फौज में शामिल हुए। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं। इस दौरान नगरपालिका के कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।



## कन्दरी दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई



**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के कन्दरी इस्थित दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े गौरव के साथ मनाई गई। इस दिन को मनाने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. राजेश प्रसाद दत्त ने छात्रों को भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

## चोरया मोड़ के समीप हुए सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार पुलिस जवान की मौत

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र के बीजुपाड़ा खलारी मार्ग पर चोरया मोड़ के समीप हुए सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार पुलिस जवान अल्बर्ट नागवार की मौत हो गई बताया जा रहा है कि पुलिस का जवान चामा पुलिस पिकेट से अपने साथी को छोड़कर रांची की और लौट रहा था तभी उक्त स्थान पर एक स्कार्पियो ने अपने चपेट में ले लिया टक्कर इतनी जोर की थी कि टक्कर होते ही मोटरसाइकिल में आग लग गई मौके पर चांद हो पुलिस पहुंच कर जवान के शव को कब्जे में ले लिया साथ ही स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल को थाने ले गई है।



## द आई स्कूल कोडरमा में मनी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सहाना रोड कोडरमा स्थित एडुमेटा द आई स्कूल में मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कर सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय एडमिन श्रुति राय सहित अन्य शिक्षकों ने नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। विद्यालय निदेशक मधु कुमारी ने कहा कि नेताजी ने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई थी जिसे कभी देश भुला नहीं सकता। उन्होंने उनकी जीवनी से बच्चों को सीख लेने की बात बताई। उन्होंने कहा कि नेता जी देश के ऐसे महानायक थे जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। बच्चों को बताया गया कि कैसे नेताजी ने जापान के सहयोग से 1943 में आजाद हिन्द फौज का गठन किया और अंग्रेजों पर आक्रमण किया। बच्चों ने नेता जी के दिए प्रसिद्ध नारे 'तुम मुझे खून दो मै तुम्हें आजादी दूंगा 'का जय घोष किया। इस अवसर पर एडमिन श्रुति राय स्कूल टीचर सपना, स्वाति, स्कूल कर्मी विकास, मनवा देवी के अलावा बच्चों में मयंक सिंह, तक्ष गंझू, सूर्यांश कुमार, रिषित राज, अयांश कुमार, दुर्गेश गंझू, इशिका तिर्की, श्रद्धा पांडेय, आदित्य बल्लव, वीर अग्रवाल, सक्षम राज, आन्या सिंह, मिहिर कुमार, अक्षित कश्यप, परी कुमारी वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## फ्लिपकार्ट ने फ्लिपस्टार अवार्ड्स 2023 कार्यक्रम में शीर्ष विक्रेताओं को सम्मानित किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने श्री की उपस्थिति में नई दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित फ्लिपस्टार्स 2023 कार्यक्रम में अपने विक्रेताओं की उपलब्धियों का सम्मान किया। भानु प्रताप सिंह वर्मा, भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री, श्री रजनीश कुमार, मुख्य कॉर्पोरेट मामलों के अधिकारी, फ्लिपकार्ट समूह और श्रीमती लारा दत्ता, श्री अमित त्रिवेदी जैसी मशहूर हस्तियों/कलाकारों ने श्री अपारशक्ति खुराना द्वारा मेजबानी की।फ्लिपस्टार्स अवार्ड्स फ्लिपकार्ट विक्रेताओं की उपलब्धियों और सफलता का सम्मान करने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। प्रसिद्ध हस्तियों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम ग्राहकों की मांगों को पूरा करने और उनके व्यवसायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए देश भर के 750 से अधिक विक्रेताओं के प्रयासों का जश्न मनाता है।

## एनएसई लगातार पांचवें वर्ष दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फ्यूचर्स इंडस्ट्री एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, एनएसई ग्रुप, जिसमें नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया और एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज शामिल हैं, ने 2023 में दुनिया के सबसे बड़े डेरिवेटिव एक्सचेंज ग्रुप के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) 2023 में लगातार पांचवें वर्ष दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज है। द्वारा बनाए गए आंकड़ों के अनुसार, 2023 में ट्रेडों की संख्या (इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक) के आधार पर एनएसई इक्विटी सेगमेंट में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्सचेंज (डब्ल्यूएफई)।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बी आर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह के प्रांगण में मंगलवार को सभा का आयोजन कर सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ओपी राय अकेडमिक इंचार्ज एम शर्मा उपप्राचार्य नवल किशोर विद्यालय प्रशासक सुनील कुमार सहित समस्त शिक्षकों ने नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।विद्यालय के निदेशक ने बच्चों के बीच कहा कि नेता जी स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई थी। जिसे कभी देश भुला नहीं सकता।उन्होंने उनकी जीवनी से बच्चों को सीख लेने की बात बताई। उन्होंने ने कहा कि नेता जी देश के ऐसे महानायकों थे जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

# चतरा सांसद द्वारा पिपरवार में सांस्कृतिक सामग्री का किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह द्वारा पिपरवार मंडल के सभी पंचायतों में राम भक्तों के भजन कीर्तन के आयोजन किये जाने को लेकर सांस्कृतिक सामग्री क्षेत्र के सभी पंचायत में उपलब्ध कराया गया।अयोध्या धाम के गर्भगृह में प्रभु श्री रामलला को विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ दिन रामभक्तो को चतरा सांसद सुनिल कुमार सिंह ने अपने लोकसभा क्षेत्र में रामभक्तो के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम से संबंधित ढोलक,नालझाल, कृताल,मंजीरा आदि उपलब्ध कराया।पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिपरवार क्षेत्र के बेंती,बहेरा,किचटो,बचरा दक्षिणी पंचायत के मंदिरों में जाकर सांस्कृतिक सामग्री का वितरण किया।इस अवसर पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,मंडल कोषाध्यक्ष रामप्रसाद महतो,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोक्ता,सह संयोजक संजय कुमार भोगता,आदित्य केसरी,महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रीमा देवी,अर्णव कुमार,बेंती मुखिया सरिता देवी,बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी,गणेश भुइंया,गोलू केसरी,बासुदेव साव,बबिता देवी,महेश विश्वकर्मा,सुनिल, राजेश,दीपक,अस्मिता कुमारी,रतन महतो,प्रकाश महतो,किरण भारती,पूनम सिंह,सीता देवी,पूजा कुमारी, विमला देवी,सुमन सोनी, मुरारी सिंह,विजयलक्ष्मी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है : डॉ परमेश्वर भगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** लापुंग प्रखंड के परसा गांव में मंगवार को डॉक्टर परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर समस्या सुनी। बैठक में डॉ. परमेश्वर भगत ने आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक रूप से कैसे जागरुक रहेने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होने नशा पान से दूर रहते हुए एक स्वच्छ और स्वस्थ्य समाज को विकसित करने की बात कही। शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है, समय आने पर भूखे रहे लेकिन अपने बच्चो को जरूर पढ़ाएं। महिला मंडल व एसएचजी ग्रुप के महिलाओं को विशेष रूप से बच्चो की पढ़ाई, परिवार व नशा बंदी के खिलाफ जागरुक रहने का आह्वान किया। श्री भगत ने ग्रामीणों का समस्या को भी सुना। ग्रामीणों ने अपने अपने क्षेत्र के कई समस्याओं से भी श्रीमान को अवगत कराए जिसमे सबसे मुख्य समस्या कृषि के क्षेत्र तथा बिजली एव बिजली पोल का है। मौके पर श्री भगत ने विभाग से बात कर जल्द करवाई कराने का भरोसा दिलाया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया सुभाष चन्द्र बोस की जंयती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई।इस मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में भारतीय स्वतंत्रता के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वी जयंती धूमधाम के साथ मनायी गई।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा और वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद व एडी यादव ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम मे स्कूल के बच्चों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला।विद्यालय के प्राचार्य ने नेताजी के योगदान को देश की स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण बताया।उन्होने कहा कि आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया।उन्होंने देश की स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान किया है।देश में नेताजी का जन्म दिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने विधायक निधि से दो योजना की रखा आधारशिला



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने अपने विधायक निधि से नामकुम प्रखण्ड के गड़के में मंडा खूंटा में सिढ़ी का निर्माण एवं जारये मारेडीह में चबूतरा से टंगरा तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखा। मौके पर रामपुर मुखिया सरस्वती देवी, सिदरौल मुखिया लक्ष्मी कुमारी, ग्राम प्रधान सुनील लकड़ा, महादेव मुण्डा, विजय मुण्डा, मदन टोप्पो, प्रदीप लकड़ा, लेगो कच्छप, ग्राम पहान अजय लकड़ा, शांति लकड़ा, पुष्पा देवी, जयराम तिर्की, सोनूराम मुण्डा, खुदिया कच्छप, सिदरौल मुखिया लक्ष्मी कुमारी, ग्राम प्रधान सुनील लकड़ा, ग्राम प्रधान संदीप सांडिल, मदन टोप्पो, प्रदीप लकड़ा, लेगो कच्छप, ग्राम पहान अजय लकड़ा, शांति लकड़ा, पुष्पा देवी, जयराम तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पिपरवार में तैयारी शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में गणतंत्र दिवस को लेकर सारी तैयारी जोर शोर से की जा रही है।पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।सीआईएसएफ की देख रेख मे बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे परेड का अभ्यास किया जा रहा है।इस परेड अभ्यास में सीआईएसएफ के अलावे महिला होमगार्ड, सीसीएल सिक्योरिटी गार्ड और विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हो रहे हैं।मंगलवार से परेड के लिए अभ्यास की शुरुआत की गई।परेड अभ्यास के दौरान सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंड उपेंद्र सिंह भी खेल मैदान पहुंचकर जवानों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस संबंध में सीसीएल अधिकारियों ने बताया कि बचरा चार नंबर खेल मैदान में 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा,जिसमें पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय के द्वारा झंडोतोलन किया जाएगा।जिसके बाद सीआईएसएफ, सीसीएल सिक्योरिटी,महिला होमगार्ड और विभिन्न स्कूल के बच्चों के द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत किया जाएगा। जिसको लेकर परेड का अभ्यास किया जा रहा है। इसके अलावा पिपरवार क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय, स्कूल, यूनियन कार्यालय,पंचायत भवन सहित अन्य जगहों पर झंडोतोलन को लेकर सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

## 30 दिवसीय टू व्हीलर मैकेनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय टू व्हीलर मैकेनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन समारोह संस्थान के निदेशक संजीत कुमार , बिनोद साहू,अमरेंद्र कुमार , गौरव दास, द्वारा किया गया। राज्य के विभिन प्रखंड बेरो, रामगढ़, गोला, अनगड़ा, से आए 25 प्रशिक्षणार्थियों को संदेश दिया की टू व्हीलर मैकेनिक के क्षेत्र में आगे बढ़ने का बहुत अवसर है । खुद का स्वरोजगार करने का मार्गदर्शन दिया । संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि अपने अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ाने के लिए आप बैंक से भी लोन ले सकते है । मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीचा चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रूही दास, सुनिल मुंडा उपस्थित रहे।

# बाघवार अकादमी की टीम ने संत माइकल रांची को सात विकेट से हराया और किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चान्हो :** आज दिन मंगलवार को वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत शाखा मैदान रांची में खेले गए एक लीग मैच में बाघवार क्रिकेट अकादमी की टीम ने संत माइकल स्कूल की टीम को एक तरफा मुकाबले में सात विकेट से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस बाघवार अकादमी ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। इस टीम के गेंदबाजों ने अपने कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए संत माइकल रांची की टीम को 27 ओवरों में सभी विकेट खोकर 158 रनों पर रोक दिया । संत माइकल टीम के कप्तान हर्षित वर्मा ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 53 रनों का योगदान दिया कृष कुमार मेहता ने 16 रन बनाए तथा अभिमन्यु गुप्ता एवं रूद्र ने अपनी टीम के लिए 14-14 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में बाघवार अकादमी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी शानदार रहा। इस टीम के गेंदबाज जियाउल हक ने अपनी टीम के लिए पांच ओवरों में 30 रन देकर दो विकेट प्राप्त किया। हर्षित नयन ने 6 ओवर में 27 रन देकर दो विकेट प्राप्त किया तथा हिमांशु महली ने 6 ओवर में 37 रन देकर दो विकेट प्राप्त किया । गेंदबाजी की तरह बल्लेबाजी मे भी बाघवार अकादमी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी शानदार रहा 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम के बल्लेबाज हर्षित नयन ने अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 44 रन बनाए। हिमांशु महली तथा आदर्श राज ने अपनी टीम के लिए 32-32 रनों का योगदान दिया तथा गौरव ने 21 रन बनाए और केवल 25.3 ओवरों में मात 3 विकेट के नुकसान पर 159 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। संत माइकल टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन काफी औसत रहा इस टीम के गेंदबाज कृष कुमार मेहता ने 6 ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट प्राप्त किया। इनको छोड़कर कोई भी गेंदबाज बाघवार अकादमी के बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लग सका। । बाघवार अकादमी टीम के ऑलराउंडर हर्षित नयन को उनके बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टीम के इस शानदार सफलता पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने टीम की भूरि- भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम की इस सफलता का पूरा श्रेय इस टीम के कोच अजय कुमार सिंह एवं टीम मैनेजर हरे कृष्णा सिंह को जाता है । साथ ही उन्होंने टीम को इस जीत के लय को बरकरार रखने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले मैंचो में और अच्छा प्रदर्शन करें।

## जंगली हाथी ने कच्चा घर को किया ध्वस्त



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के महरु बंजारा टोली गांव में सोमवर की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे एक विशालकाय हाथी ने खद्दी धान के कच्चा मकान को ध्वस्त कर दिया। खद्दी के घर में सोये हुये सभी सदस्य बाल बाल दबने से बच गये। उन्होंने किसी तरह घर से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। साथ ही घर पर रखे हुये अनाज और घरेलू सामान टूटकर बर्बाद हो गया। हाथी बोदा गांव में खेतों में लगे फसलों को खाते हुए जंगल की ओर निकल गया। घटना की सूचना मिलते ही हरिहरपुर जामटोली पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया और युवा नेता सुनील कच्छप ने पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर सभी क्षति का जायजा लिया। साथ ही वन विभाग को दूरभाष में जानकारी दिया। इस दौरान मुखिया भुक्तभोगी को क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व वार्ड सदस्य ऐनूल खान, रसीद मीर साथ में थे।

# झारखंडी महापंचायत की तैयारियां हुई पूरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** हजारीबाग के नगवां टोल प्लाजा के सपीप हवाई अड्डा मैदान में आज बुधवार 24 जनवरी को महाजुटान हो रहा है। इस महाजुटान का नाम झारखंडी महापंचायत है जो झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। महापंचायत को लेकर हजारीबाग के आम आवाम बेहद उत्साहित हैं। आयोजन समिती के तरफ से तैयारियां पूरी कर ली गई है।महापंचायत का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नीति, नियोजन नीति, खनन नीति, पुनर्वास नीति, निजी कंपनियों में स्थानीय को नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण, ओबीसी आरक्षण, सामजिक न्याय एवं स्थानीय नेतृत्व के मसले पर अपनी आवाज को बुलंद करना है।झारखण्ड में एक बड़े बदलाव के लिए संकल्प लेना है। जिसमें हज़ारीबाग, चतरा व कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से करीब एक लाख युवा साथी और आम जनता शामिल होंगे।

**जयराम महतो और संजय मेहता सहित कई वक्ता करेंगे सभा को संबोधित :** झारखंडी महापंचायत में स्थानीय मुद्दों और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर अपनी आवाज बुलंद कर रहे झारखंडी योद्धा जयराम महतो एवं संजय मेहता उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। इसके अलावा झारखण्ड के अन्य वक्ता भी झारखंडी भावना के तहत अपनी राय जनता के समक्ष रखेंगे।

**नुक्कड़ सभा का आयोजन कर लोगों को किया गया जागरूक :** झारखंडी महापंचायत को लेकर हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, गिरिडीह और रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सैकड़ों स्थानों में जाकर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जनता को जागरूक किया गया है। साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अनेकों जगह नौजवानों एवं लोगों से संवाद स्थापित कर महापंचायत में अपनी उपस्थिति दर्ज करने की अपील किया गया है।

महापंचायत को लेकर झारखंडी योद्धा संजय मेहता द्वारा लगातार जनता से मुलाकात की गयी है। शहरी क्षेत्र के साथ - साथ, गाँव - पंचायत समेत कई स्थानों में नुक्कड़ सभा किया गया है। इसके अलावा चौक-चौराहों में जाकर लोगों को इस महाजुटान का मुख्य उद्देश्य बताया गया है। पहुँचने का आमंत्रण दिया गया है। अब तक करीब एक लाख लोगों तक आमंत्रण पहुंच चुका है। संजय मेहता ने लोगों से यह आह्वान किया है कि झारखंड माटी बचाने और अपने हक़ अधिकारों के इस लड़ाई में संकल्प लेने का वक्त आ गया है। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले बदलाव का शंखनाद करते हैं। हमलोग मिलकर झारखंडी महापंचायत को सफल बनाते हैं। हजारीबाग की धरती से झारखंड में बदलाव का इतिहास लिखते हैं।

## बचरा पंचवटी मोड़ के समीप कार और बाइक में हुई टक्कर, तीन युवक घायल

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल के आगे पंचवटी मोड़ के पास बीती रात कार और बाइक में जोरदार टक्कर होने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गया।घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तीनों को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां तीनों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है।घायलों की पहचान विकास कुमार महतो और युवराज महतो ग्राम बचरा बस्ती थाना पिपरवार के रूप मे की गई है।घटना के संबंध में बताया गया कि तीनों युवक पल्सर बाइक में सवार होकर बचरा बाजारटांड़ की ओर से तेज रफ्तार से आ रहा था,इसी बीच पंचवटी मोड़ के पास वैगन आर कार से जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद तीनों युवक सड़क पर गिर गया,इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में तीनों युवको को बचरा अस्पताल पहुंचाया गया।इस घटना में कार और बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार और सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमार महतो सशस्त्र बल के जवानों के साथ बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने कार और बाइक को जप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## धातकीडीह में सोनी सन्स ज्वेलर्स के तीसरे शोरुम का उद्घाटन कल




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** होल्डिंग संख्या 38, सोनार लाईन, धतकीडीह स्थित सोने एवं चाँदी के ज्वेलरी का भव्य शो-रूम 'सोनी सन्स ज्वेलर्स' का उद्घाटन 25 जनवरी को ललीता देवी के कर कमलों द्वारा होना निश्चित हुआ है। संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए अनीश सोनी ने कहा कि धतकीडीह में यह हमारा तीसरी ईकाइ (शोरूम) है। इससे पूर्व कदमा और मानगो शोरुम है। ग्राहकों की मांग धतकीडीह में ये शोरूम खोला जा रहा है। अनीश सोनी ने कहा कि हमारे इस अत्याधुनिक शो-रूम में सोने, चाँदी एवं डायमंड के बेहतरीन कलेक्शन के साथ-साथ सभी ज्वेलरी राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हॉल मार्क एवं एचयूआईडी किये हुए हैं। सोनी ने कहा कि उद्घाटन ऑफर के तहत सोने की मेकिंग कॉस्ट पर 45 प्रतिशत, चाँदी के मेकिंग कॉस्ट पर 70 प्रतिशत और डायमंड की मेकिंग कॉस्ट पर 80 प्रतिशत की विशेष छुट दी जा रही है। यह ऑफर 5 फरवरी 2024 तक केवल धतकीडीह शोरूम के लिए ही है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचार युवा पीढ़ी के लिए आदर्श : बन्ना गुप्ता



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 127 वीं जयंती के अवसर पर नेताजी विचार मंच के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कदमा उलियान मेन रोड स्थित नेताजी सुभाष पार्क के समीप उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया. मंत्री बन्ना गुप्ता ने युवाओं से नेताजी के आदर्शों पर चलने का प्रण लेने की अपील किया. कर्यक्रम का संचालन नेताजी विचार मंच के सचिव मनोज झा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन पकरासी दा ने किया. कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष भोलानाथ नाथ गोस्वामी, बिस्वनाथ राय (बिशु दा ),एस एम भट्टाचार्जी,बबुआ झा,संजय तिवारी, प्रभात ठाकुर,शाहनवाज अहमद,ईस्वर सिंह,माजिद अखूतर,आदि उपस्थित थे।

## दलमा आंचलिक सुरक्षा समिति ने पहाड़िया समुदाय के बीच बांटे कंबल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दलमा आंचलिक सुरक्षा समिति (निबंधित) केंद्रीय कमेटी की ओर से मंगलवार को बोड़ाम प्रखंड के चिमटी काशीटांड़ पहाड़िया टोला में आदिम जनजाति समुदाय के बीच 60 कंबलों का वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष जलन मांडी, सचिव रामकृष्ण महतो, कोषाध्यक्ष अधर सिंह, उपाध्यक्ष पद्मलोचन सिंह, हरिपद सिंह, बुलेट नाग, हीरालाल मल्लिक, किशोर सिंह, जगदीश सिंह व दशरथ सिंह आदि मौजूद थे। इस संबंध में रामकृष्ण महतो ने बताया कि शीतलहरी के कारण आदिम जनजाति समुदाय के लोग असहाय महसूस कर रहे थे कंबल पाकर उनके चहरे खिले।

## मायुमं ने हिंद आश्रम बर्मामाइंस में बांटी मिठाई

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा प्रभु श्री राम के अयोध्या मे प्रस्थान करने के जशन को मनाते हुए हिंद आश्रम बर्मामाइंस मे दीप प्रज्जवलित कर एवं मिठाईया बाट कर दिवाली की तरह मनाई गई। साथ ही शाखा के सदस्यों ने पटाखे भी जलाए और दिवाली का पर्व मनाया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, आनंद अग्रवाल, शिव चौधरी, विजय सोनी, आकाश अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, अनुज सरायवाला आदि मौजूद थे।



## बेलटांड़ में दुर्गा पूजा समिति का रक्तदान शिविर 27 को

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) की ओर से आगामी 27 जनवरी को बेलटांड़ स्थित भगीरथ सिंह के मकान में प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन, जमशेदपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सदस्यों में काफी उत्साह है और इस बार कम से कम 100 यूनिट का लक्ष्य पूरा करने को लेकर तैयारियां चल रही है। इसमें मुख्य रूप से ईशान चंद्र गोप, विजय कुमार मंडल, जगदीश प्रसाद मंडल, प्रदीप कुमार पैड़ा, उज्ज्वल कांति दास, राजू मंडल, मिहिर कुमार प्रमाणिक, कृष्ण प्रसाद महतो, डॉ. कालीपद दास, शिशुपाल सिंह सरदार, सुकुमार दास, विश्वजीत महतो, सरोज मंडल, गौतम कुमार पांडेय, सुदामा कर्मकार, रथु मोदक, चंदन दत्त, प्रवीण मल्लिक, विश्वनाथ मल्लिक, बाणेश्वर तंतुबाई, दीपक दास, रविंद्र भौमिक, सुनील कुमार, कल्याण कुमार गोराई, मिहिर कुमार महतो व रामचंद्र महतो आदि मौजूद थे।

## कुचाई के पारलवादी में हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम झूमर का आयोजन

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के बंदोलोहर पंचायत अंतर्गत पंचायत पारलवादी गांव में वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति टुसू मेला व मांगे पर्व के शुभ अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम झूमर प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि खूंटपानी प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा ने किया। कहा कि झूमर प्रोग्राम का आयोजन कला संस्कृति और समाज को बचाए रखने के लिए एकता का प्रतीक हैं,हमे अपने कला संस्कृति को बचाए रखने के लिए एकता होने की जरूरत है। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष रवि कुमार महतो, सचिव अंगद महतो,कोषाध्यक्ष राजकुमार महतो,संरक्षक प्रेमलाल महतो, सदस्य मनोज कुमार महतो, कमेटी के सभी सदस्य अगर मौजूद थे।

## सनराइज एनक्लेव में सुंदरकांड और भजन संध्या का हुआ आयोजन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर के वार्ड- 2 स्थित नराइज एनक्लेव में अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अनुष्ठान में सभी लोगों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। सुंदरकाण्ड के पश्चात लोगों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। समाजसेवी मीरा तिवारी ने बताया कि इस सोसाइटी में महिलाओं का एक ऐसा ग्रुप है जो प्रत्येक मंगलवार को बारी बारी से सबके घर में सुंदरकाण्ड का पाठ करती है। इसी तर्ज पर संध्या में सभी सोसाइटीवासी भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना के बाद सुंदरकांड का पाठ और भजन किया। कार्यक्रम में सिद्धि विनायक होम मेकर्स के बिल्डर सूरज बदानी सपत्नीक आरती में सम्मिलित हुए।

## लेपाटांड़ में हुआ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ कलश विसर्जन

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड़ गांव में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ कलश विसर्जन किया गया। अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को कलशयात्रा कर दूर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर पुरे ग्रामीण सामुहिक रूप से दिन भर भगवान श्री राम के भक्ति में डूबे रहे। वहीं मंगलवार को सैकड़ों महिलाएं माथे पर कलश के साथ शोभायात्रा कर तालाब में कलशों का विसर्जन किया। विसर्जन के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं समिति के नव किशोर सिंह मुण्डा ने बताया कि कल से ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किया गया।

### श्रीलेदर्स शोरुम बिष्टुपुर में नेताजी की 127वीं जयंती पर श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन

# मानव जाति को बंधनों से मुक्त कराना ही नेताजी के जीवन का उद्देश्य था : शेखर डे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार को बिष्टुपुर के रोड स्थित श्रीलेदर्स शोरूम के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पर श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सह सुभाष संस्कृति परिषद के उपाध्यक्ष एवं श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे, परिषद के बिमल रॉय, भास्कर मित्रा, पूरबी घोष, प्रीती लेखा रॉय, मीरा शर्मा, बारून डे और सुभाष त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान श्रीलेदर्स परिवार के सदस्य, कर्मचारी के अलावा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए शेखर डे ने कहा कि, नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक अनन्त व्यक्ति थे, जिनकी तुलना किसी से नहीं हो सकता है। हमें सिर्फ उन्हें एक सैनिक के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि उनकी सोच आजादी के बाद देश कैसा हो उसका अनुश्रण करना चाहिए। उनके जीवन का उद्देश्य मानव जाति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्त कराना था। श्री डे ने कहा कि नेताजी का सोच था कि देश को शक्तिशाली बनाने के लिए जात-पात, ऊंच नीच, धर्म से ऊपर उठकर कर आर्थिक आधार पर लोगों को आरक्षण मिले। आज भी हम राजनीति जाति और धर्म के नाम पर कर रहें है जिससे देश कमजोर होता।

## जमशेदपुर महिला समिति परिसर में नेताजी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

वहीं इस अवसर पर बिष्टुपुर क्यू रोड स्थित जमशेदपुर महिला समिति कार्यालय के परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण सुभाष संस्कृति परिषद के उपाध्यक्ष एवं श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर श्रीलेडर्स के पार्टनर शेखर डे की पत्नी ज्योत्सना डे, बिथिका रॉय, प्रीति लेखा रॉय, पुरबी घोष, झरना कर उपस्थित थे। सभी ने नेताजी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान जमशेदपुर महिला समिति की ज्योत्सना डे ने नेताजी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उपास्थित स्कूल के बच्चों को उनके बताए रास्ते पर चलने की सीख दी। इस अवसर पर जमशेदपुर महिला समिति के सदस्य और स्कूल के बच्चें उपस्थित थे।




## राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोककर देश को क्या संदेश देना चाहती है भाजपा सरकार : बब्लू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बब्लू झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा कि मेरे विचार से कण-कण में भगवान का वास होता है। आपका मन अगर साफ हो तो ईश्वर का दर्शन कहीं भी हो सकता है, लेकिन चिंताजनक बात यह है एक तरफ श्री श्री शंकर देव मंदिर में आने का निमंत्रण दिया जाता है और दूसरी तरफ रोका जाता है यह कहीं ना कहीं धर्म को ईश्वर को लोगों को अपनी राजनीति का हथियार बनाया जा रहा है। राहुल जी मंदिर दर्शन करने से रोका जा रहा है। यह बहुत ही अफसोस की बात है। क्या इस देश ने रावण राज से बदतर भी आने का कोई संदेश दे रहा है? वहीँ एक तरफ अयोध्या में उत्सव का वातावरण है और दूसरी तरफ असम सरकार तय करेगी कौन किस मंदिर में जाएगा और किस मंदिर में हीं। जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर देश भर में लोगों ने मंदिर में जाकर पूजा किया, तो असम में ऐसा क्या हुआ? क्या असम के मुख्यमंत्री एक यात्री को जो देश में लोगों की समस्या सुनने का काम कर रहा है,



ऐसे इंसान राहुल गांधी को मंदिर जाने से कल रोका गया। बब्लू झा ने बताया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा जब से शुरू हुई मणिपुर से तब से लेकर अभी तक उसे रोकने का भाजपा और आरएसएस अड़ंगा लगाया जा रहा है। कांग्रेस के भारत जोड़ो न्याय यात्री नेताओं पर उनके काफिले पर हमला हुआ, नेताओं की गाड़ियों तोड़ी गई, पोस्टर्स फाड़े गए,कट आउट तोड़े गए। कुछ नेताओं के साथ मारपीट हुई ,मीडिया वालों के साथ धक्का मुकी हुई। राहुल गांधी लगातार अपनी यात्रा जारी रखें हुए हैं और बौखलाई हुई हैं शासन और नए-नए पैतरे खोज रहे हैं। बबलू झा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि ना सहेंगे और ना डरेंगे इस डरी हुई भाजपा मोदी सरकार से।

## जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने नेताजी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती समारोह आज जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में आयोजित हुआ। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं कांग्रेस नेताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में आम बगान मैदान साकची पहुंचा कर नेताजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज भारत को आजादी दिलाने में नेताजी सुभाष चंद्र बोसजी का महान योगदान है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव कमलेश कुमार पाण्डेय, के के शुक्ल, रियाजुद्दीन खान, रामदरस चौधरी, जितेन्द्र सिंह, गुरदीप सिंह, रीता शर्मा, राजगीरी सिंह यादव, तनवीर खान, दुर्गा प्रसाद, रानी राव, सचिन कुमार सिंह, संजय घोष, एल सोनाराम, अमृत सिंह, दिबेश राज, सन्नी सिंह, राजेश कुमार आदि उपस्थित थे। इससे पूर्व सुबह 7 बजे टेल्को प्रखण्ड कांग्रेस एवं जेम्को मण्डल के तत्वावधान में झगरूबगान से शहीद भगत सिंह चौक तक प्रभातफेरी निकाला गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे शामिल हुए।




## केंद्र के जन विरोधी वन नीति को लेकर खरसावां में ग्राम सभा मंच की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां के गांगुली मैदान में ग्राम सभा मंच खरसावां के द्वारा बोसेन मुंडा के अध्यक्षता पर एक विशेष बैठक आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के केंद्रीय सदस्य सोहनलाल कुम्हार ने उपस्थित हुए। सोहनलाल ने कहा कि बड़े-बड़े उद्योगपतियों को खनन करने तथा उद्योग स्थापित करने के लिए वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत 2022 को वन संरक्षण नियम तैयार की है। साथ ही 2023 को इसे लोकसभा से पारित भी कर लिया गया है। इसे सुधार करने हेतु विभिन्न सामाजिक जन संगठनों ने प्रधानमंत्री राष्ट्रपति तथा केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को भी ज्ञापन दिया गया था। बैठक में जंगलों की बचाएं करने के साथ सरकार को ध्यान आकृष्ट करने के लिए आगामी 29 जनवरी को खरसावां प्रखंड अंचल के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से सोहनलाल कुम्हार भारत सिंह मुंडा दोगुना सिंह सरदार आदि उपस्थित थे।



## नेताजी सुभाष संस्कृति मंच ने बेलटांड़ में मनाई नेताजी की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** नेताजी सुभाष संस्कृति मंच पटमदा की ओर से मंगलवार को बेलटांड़ स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए दर्जनों लोगों ने नमन किया। इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए मंच के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप ने कहा कि उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम विकसित भारत बना सकते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से ईशान चंद्र गोप, विजय कुमार मंडल, जगदीश प्रसाद मंडल, प्रदीप कुमार पैड़ा, उज्ज्वल कांति दास, इंद्र नारायण महतो, सहदेव महतो, राजू मंडल, मिहिर कुमार प्रमाणिक, कृष्ण प्रसाद महतो, डॉ. कालीपद दास, शिशुपाल सिंह सरदार, सुकुमार दास, गौतम कुमार पांडेय, सुदामा कर्मकार, प्रवीण मल्लिक, विश्वनाथ मल्लिक, बाणेश्वर तंतुबाई, दीपक दास, रविंद्र भौमिक, सुनील कुमार, आदि थे।

## पटमदा डिग्री कॉलेज में मनाया गया नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा डिग्री कॉलेज ,जाल्ला में मगंलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना और उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान से कॉलेज के सभागार में पराक्रम दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। नेताजी के जयंती के अवसर पर प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्रों में उत्साह देखा गया। सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माला अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुमंत कुमार सेन ने कहा कि हमें नेताजी के चरित्र और उनके जीवन के उद्देश्य से सीख लेनी चाहिए। 12 जनवरी युवा दिवस पर खेल से संबंधी विभिन्न प्रकार का आयोजन महाविद्यालय में प्रतिवर्ष होता रहा है ताकि युवा का सर्वांगीण विकास हो ,क्योंकि युवा ही देश का निर्माता है। मंच का संचालन डॉ गौतम गोराई और प्रो चंद्रशेखर महतो ने किया। इस अवसर पर डॉ गीता चक्रवर्ती, प्रो सहेला बानो ,प्रो बी विनायक, प्रो सरस्वती मैडम, प्रो माधुरी, प्रो अभिराम महतो, प्रो श्रीकांत मांझी, प्रो डॉ शालिग्राम मिश्र , एनएसएस पदाधिकारी डॉ कमल किशोर महतो एवं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।




## मां तुझे सलाम संस्था ने नेताजी को किया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मां तुझे सलाम संस्था द्वारा जमशेदपुर के खासमहल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती के पर उनके छायाचित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। वहीं संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान ने कहा कि हम लोगों को सुभाष चंद्र बोस के बताए हुए आदर्श पर चलना चाहिए। जयंती समारोह में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान, विनय सिंह, रैना पूर्ति, प्रकाश सडिल, नंदकिशोर ठाकुर, कानू हेंब्रम, मुकेश पाल ,मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

## कायस्थ महासभा व चित्रगुप्त महासमिति ने नेताजी को नमन कर किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

गम्हरिया : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, सरायकेला-खरसावां और चित्रगुप्त महासमिति, गम्हरिया के संयुक्त तत्वावधान में चित्रगुप्त भवन में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की 127वीं जयंती समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश ने किया। इस मौके पर सदस्यों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर और पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर अपने सम्बोधन में जिलाध्यक्ष ने नेताजी सुभाष चंद्र को देश की महान विभूति की संज्ञा देते हुए कहा है ऐसे महापुरुष युग युग तक जीवंत रहते हैं। इस मौके पर कायस्थ महासभा के जिला महासचिव गिरीश चंद्र प्रसाद, चित्रगुप्त महासमिति के महासचिव प्रणव शंकर, राजेश श्रीवास्तव, रत्नेश्वर सहाय, सुभाष प्रसाद, नरेंद्र कर्ण, देवब्रत कुमार, अभय लाभ समेत काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पराक्रम दिवस के रुप में मनाई नेताजी की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने साकची नेताजी सुभाष मैदान (आम बागान) स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र नेताजी सुभाष चंद्र बोस के त्याग और बलिदान को सदैव स्मरण रखेगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, नीरज सिंह, सुधांशु ओझा, बबुआ सिंह, संजीव सिन्हा, मंजीत सिंह, राजीव सिंह, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, अजय श्रीवास्तव, आदि थे।



## भुवन मिलन मेला में टुसू चौडल रहा आकर्षक का केंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के झाड़ुआ सीता नाला के भुवन मिलन मेला में मंगलवार को लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। पारम्परिक टुसु मेला में लोग टुसु चौडल लेकर गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते मेला का भ्रमण किया। करीब 30 फीट उंचा एक टुसु चौडल मेला में आकर्षण का केंद्र रहा। सुबह से ही लोगों का मेला में आना जाना लगा रहा। मेला कमेटी एवं ईचागढ़ पुलिस शांति पूर्ण मेला को सफल बनाने में लगे रहे। मेला कमेटी द्वारा टुसु चौडलों को पुरस्कृत भी किया गया। टुसु गीत के साथ नृत्य के साथ दर्शक भी जमकर थिरके। मुखिया प्रतिनिधि राम सिंह मुण्डा ने कहा कि टुसु मेला हमारी संस्कृति है। विभिन्न जगहों पर महिने भर टुसु मेला लगता है। उन्होंने कहा कि इस मेला में जहां टुसु चौडल शोभा बढ़ा रहा है वहीं टुसु गीत पर नाचते हुए लोग मेला का आनंद उठाते है। उन्होंने कहा कि इस संस्कृति को बचाए रखना जरूरी है।

## अंसार खान ने मनाया नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती, बांटे लड्डू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्याय सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि ने अंसार खान ने अपने आवासीय कार्यालय जवाहर नगर में सुभाष चंद्र बोस की 127 में जयंती जयंती मनाई। इस अवसर पर काफी लोग शामिल हुए। अंसार खान ने कहा नेताजी ने अपनी पूरी जिंदगी देश के नाम कर दी थी। वहीं कांग्रेस पार्टी के महिला जिला महासचिव रश्मि निगार और समाजसेवी राजाराम पंडित ने भी नेताजी के विचार पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लड्डू वितरण किया गया। मौके पर कांग्रेस पार्टी महिला जिला महासचिव रश्मि निगार, समाज सेवक राजाराम पंडित, जियाउल कमर, जुबेर मलिक, मोहम्मद जाहिद, नूर आलम, अली इमाम, नवाबुल्लाह, हमीदुल्लाह, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद आरजू, मोहम्मद रफीक, आनंद एक्का,रोशन, तिरूपुर, मोहम्मद गिलानी, अली इमाम, मोहम्मद आरिफ, सुनीता एक्का, मोहम्मद फैज, मोहम्मद जमीर, मोहम्मद नूर आलम, नूरुजमा जमा, मोहम्मद अयान खान,आदि शामिल हुए।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## फिर गर्म हुआ बिहार का सियासी पारा

बिहार का सियासी पारा मंगलवार को गर्म हो गया. जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व वित्त मंत्री विजय चौधरी राजभवन पहुंच गए. ये उनका अचानक कार्यक्रम बना. इससे पहले वे राज्यपाल के साथ एक सरकारी कार्यक्रम में शिरकत हुए. दोपहर के बाद नीतीश और विजय चौधरी राजभवन से बाहर निकले. दोनों नेताओं की राज्यपाल से करीब 40 मिनट तक बातचीत हुई. कहा यह भी जा रहा है कि नीतीश कुमार ने बजट सत्र को लेकर राज्यपाल से बात की है. राज्यपाल से मुलाकात के बाद अटकलें लगने लगी कि क्या नीतीश कुमार एक बार फिर से पाला बदलेंगे. क्या नीतीश इंडिया गठबंधन छोड़कर एक बार फिर से बीजेपी के साथ जाने को तैयार हैं. सीएम नीतीश की राज्यपाल से मुलाकात और गठबंधन छोड़ने की अटकलों पर जेडीयू के सीनियर नेता केसी त्यागी ने जवाब दिया है. केसी त्यागी ने कहा कि मुख्यमंत्री और गवर्नर के बीच कई तरह की शिष्टाचार मुलाकात होती रहती हैं. कुलपतियों के चयन को लेकर यह बैठक प्रस्तावित थी. केसी त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार को लेकर इस तरह की चर्चाएं अफसोसजनक हैं. वह इंडिया गठबंधन के निर्माता हैं, उन्होंने अपने बच्चों की तरह से पाल पोस कर इसे बड़ा किया,इससे बाहर जाने के बाद तो छोड़िए जब-जब इसके कार्यक्रमों में देरी होती है तो वे अफसोस में रहते हैं. कहा कि बिहार में जब हम एनडीए से बाहर आए थे तो हमारे 16 सांसद थे और एक सीट पर हम नंबर दो थे, हमारी जो भूमिका है वह पहले से तय है। आरजेडी कांग्रेस और वामपंथी दल मिल बैठकर इस समस्या का निदान कर लेंगे, ऐसी हमारी शुभकामनाएं है. त्यागी ने कहा कि हमारी पार्टी की बहुत पहले से राय रही है, हमें गर्व है कि अपने नेता के बारे में ईडी,सीबीआई, इनकम टैक्स यह सबका कोई पंगा नहीं है लेकिन यह एजेंसी खुद ही जांच के घेरे में आ गई जिस तरह से इन्होंने शासक दल के नेताओं के इशारे पर अति सक्रियता दिखाई है. जिस तरह से राज्यों की असहमति से राज्यों की निर्वाचित सरकार की सहमति के विरुद्ध जाकर केंद्रीय एजेंसीयां काम कर रही है तो यह फेडरल स्ट्रक्चर है वही चरमरा गया है. फिलहाल, नीतीश के अचानक राजभवन जाने से राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं. चूंकि, मंगलवार को ही जदयू ने कांग्रेस के दावे को खारिज किया है. एक दिन पहले कांग्रेस ने दावा किया था कि बिहार में जब राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरेगी, तब नीतीश कुमार भी शामिल होने पहुंचेंगे और राहुल गांधी का स्वागत करेंगे. इस संबंध में जदयू नेता खालिद अनवर ने बयान जारी किया और स्पष्ट किया कि कांग्रेस की तरफ से आधिकारिक न्योता नहीं मिला है. ना ही किसी कांग्रेस नेता की जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार से मौखिक बातचीत हुई है. खालिद अनवर ने कहा कि कांग्रेस की तरफ से यह दावा क्यों किया गया, यह बात वो लोग ही बता सकते हैं. जदयू की तरफ से भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत करने की फिलहाल कोई तैयारी नहीं है. उन्होंने यह भी जोड़ा कि जदयू हमेशा से सामाजिक सद्भावना के पक्ष में रही है. वो इस तरह की यात्राओं का स्वागत करती है. जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में बिहार विधानसभा में बजट पेश किया जाना है. ऐसे में नीतीश सरकार बजट सत्र की तैयारी में जुटी है. इसी सिलसिले में नीतीश कुमार राज्यपाल से मिलने गए थे. उनके साथ वित्त मंत्री विजय चौधरी भी थे. हालांकि, इन दावों को स्पष्ट नहीं किया गया है. ऐसे में राजनीतिक चर्चाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है. चूंकि बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार को सरप्राइजिंग लीडर के तौर पर जाना जाता है. नीतीश कुमार कब, क्या फैसला लेते हैं, इस बात की किसी को भनक नहीं लगने देते हैं. हाल ही में उन्होंने ललन सिंह की जगह पार्टी की कमान भी संभाली है. बिहार में पिछले कुछ दिनों से जदयू में निचले स्तर पर कार्यकर्ताओं और नेताओं में निराशा की बातें चल रही हैं. ऐसे में नीतीश कुमार के सियासी कदम पर हर किसी की निगाहें टिकी हैं. राजनीतिक जानकार कहते हैं कि 2019 के चुनाव में नीतीश की पार्टी जदयू, एनडीए का हिस्सा थी और बिहार में बीजेपी-जदयू गठबंधन ने 40 में से 39 सीटों पर जीत हासिल की थी. एक सीट कांग्रेस को मिली थी. साल 2022 में नीतीश कुमार ने अचानक पाला बदला और महागठबंधन का हिस्सा हो गए. नीतीश के इस निर्णय से पार्टी के अंदरखाने नाराजगी है. आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी नेताओं और उम्मीदवारों को भी लगता है कि उनके लिए जीत की राह आसान नहीं होगी. 2019 को चुनाव में जदयू ने राजद और कांग्रेस के खिलाफ लड़ा था. ऐसे में 2023 में उनके साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरने से बड़ा खतरा उठाना पड़ सकता है. यही फैक्टर निचले स्तर से नीतीश तक पहुंच रहे हैं. कहा जा रहा है कि हाईकमान भी पार्टी नेताओं के फैक्ट पर गंभीरता दिखा रहा है. वहीं, नीतीश कुमार को लेकर भी खबरें चलती आ रही हैं कि वो इंडिया ब्लॉक से नाखुश चल रहे हैं. पहला कारण सीट शेयरिंग में देरी भी बताया जा रहा है. दूसरा- अलायंस का चेयरमैन पद भी नहीं दिए जाने से जदयू खेमे में असंतोष देखा जा रहा है. पिछले कुछ समय से नीतीश के एनडीए में वापस जाने की अटलकलें लगाई जा रही हैं. दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक अखबार को दिए इंटरव्यू में जेडीयू और नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी की संभावना पर टिप्पणी की थी. शाह से पूछा गया था कि क्या नीतीश कुमार के लिए एनडीए के दरवाजे अब भी खुले हैं?

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर विशेष

# हमेशा के लिए प्रासंगिक है जननायक के आदर्श



**बिजय कुमार ठाकुर**
एपीआरओ पलामू

24 जनवरी को कर्पूरी ठाकुर की जयंती है। वैसे व्यक्ति की जयंती, जिन्होंने अपनी जीवनशैली एवं कार्य क्षमता के बदौलत आदर्श स्थापित किया। जन-जन के बीच अमिट छाप छोड़ी। सामान्य, सरल, सहज जीवन शैली एवं सामाजिक न्याय से सकल समाज के बीच गहरी पैठ और आपसी सामंजस्य बैठाने का उदाहरण पेश कर जननायक कहलाये। जयंती के अवसर पर देश व विभिन्न राज्यों के विभिन्न स्थानों पर समारोह आयोजित होंगे। इस अवसर पर उनकी जीवनी, उनके विचारों और उनके सिद्धांतों को याद किया जाएगा, लेकिन उन्हें याद करने मात्र से काम नहीं चलने वाला, बल्कि उनके गुण एवं आदर्शों को आत्मसात कर अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। ब्रिटिश काल में संयुक्त बिहार के समस्तीपुर स्थित एक गांव पितौंझिया में नाई जाति में 24 जनवरी 1924 को जन्म लेकर जननायक बनने का जो गौरव प्राप्त किया, वह सब उनकी सरल और सहृदयता से संभव हो सका। वह जाति बंधन से बढ़कर जनता के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे और सादगी की अनूठी मिसाल पेश की। वे कभी एक जाति, समुदाय में बंधकर नहीं रहे। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के लिए प्रतिबद्ध रहे और सर्वजन की बेहतरी के लिए जीवनपर्यंत संघर्षरत रहें। स्वतंत्रता सेनानी,शिक्षक एवं राजनीतिज्ञ के रूप में लोकप्रिय रहे। कठिन परिस्थितियों में भी ईमानदारी, शिष्टाचार और मर्यादा का पालन किया। युवाओं को रोजगार देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता रही। वर्तमान राजनीतिक कालचक्र में उनके जीवन आदर्शों को आत्मसात किया जाना अति आवश्यक महसूस की जाती रही है। राजनीतिक मूल्य, निष्ठा एवं




इमानदारी सवालों के घेरे में हो, तो ऐसे में कर्पूरी ठाकुर के विचार उनकी सादगी अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने अपने जीवन काल में सामाजिक न्याय एवं राजनीतिक दूरदर्शिता का जो परिचय दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। वे गरीबों के सच्चे हितैषी एवं राज्य तथा राष्ट्रीय राजनीतिक के ऐसे पुरोधा थे, जिन्होंने हमेशा से वंचित, गरीब, पिछड़े, अति पिछड़े और समाज के शोषित-पीड़ित, प्रताड़ित लोगों की समस्याओं के निराकरण किया। कमजोर वर्ग के उत्थान का रास्ता अख्तियार किया। वे हमेशा दीन-दुखियों, गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करना अपना धर्म समझते थे। सार्वजनिक हितों के ज्वलंत एवं महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी मृदुल वाणी से जनता में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने गरीबों में राजनीतिक और सामाजिक चेतना जागृत की और उन्हें आगे बढ़ने की ताकत देने का कार्य किया। इसके लिए लोकतांत्रिक प्रणालियों का भी सहारा लिया। संयुक्त बिहार के उत्थान की दिशा में उन्होंने आदर्श भूमिका का निर्माण कर अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाई। बिहार में मुख्यमंत्री पद को संभाला और अपने दक्ष प्रशासनिक कौशल से संयुक्त बिहार को प्रगति के मार्ग पर खड़ा करने का प्रयास किया।कर्पूरी ठाकुर अपनी व्यस्त राजनयिक जीवन के बावजूद जनता की पहुंच से कभी दूर नहीं रहे और न ही राजनीति में व्यक्तिगत मतभेद को पनपने दिया। उनकी सोच थी की शिक्षा के बगैर गरीब, वंचित वर्गों के घर विकास की रोशनी नहीं पहुंचेगी। इसलिए अपने मुख्यमंत्रित्व काल में ही मैट्रिक तक की शिक्षा को मुफ्त करने का काम किया। महिला शिक्षा पर भी जोर दिया। कर्पूरी ठाकुर के उस समय की सोच, उनके दिमाग की उपज आज फलिभुत होता नजर आ रहा है। वर्तमान दौर में सरकारें नि॰ शुल्क शिक्षा व्यवस्था कर रही है। उनके विचारों को आत्मसात किए जाने के बेहतर परिणाम मिलेंगे। जयंती के अवसर पर हम सभी जनों जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचार, उनकी सादगी को आत्मसात करने, समाज के अंतिम व्यक्तियों के उत्थान, एवं दीन-दुखियों की सेवा की सोच विकसित करने की दिशा में संकल्प लेने की आवश्यकता है। साथ ही ऐसे आदर्श व्यक्ति को किसी जाति सूत्र में न बांधकर हर वर्ग में नई चेतना जगाने की दिशा में कार्य करें।

दृष्टि कोण

# सोशल मीडिया में जजों की ट्रोलिंग और कुछ नैतिक सवाल

बात अब मीडिया ट्रायल और अदालती फैसलों की आलोचना से कहीं आगे फैसले देने वाले जजों की ट्रोलिंग तक आन पहुंची है। यही कारण है कि हाल में भोपाल में आयोजित दसवें मप्र न्यायाधीश सम्मेलन में जिला न्यायालयों के जजों ने यह मुद्दा जोर शोर से उठाया और वरिष्ठ जजों से मार्गदर्शन मांगा कि न्यायाधीशों की ट्रोलिंग पर उन्हें क्या करना चाहिए? सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों की ट्रोलिंग भी अदालती अवमानना हो सकती है या नहीं? सोशल मीडिया में किसी खास वैचारिक एजेंडे अथवा पूर्वाग्रह दुराग्रह के चलते गढ़े जाने वाले नरेटिव, न्यूसेंस और जजों की व्यक्तिगत आलोचना को किस रूप में लिया जाना चाहिए? क्योंकि भारत में सोशल मीडिया की नकेल कसने के लिए बहुत कड़े कानून नहीं है। ऐसे कानून बन भी जाएं तो फिर व्यक्ति की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का क्या होगा? वैसे भी कई लोगों का मानना है कि सोशल मीडिया दरअसल जनता की आवाज है। लाख आलोचना के बावजूद इसे दबाया नहीं जा सकता। सम्मेलन में शामिल देश के सुप्रीम कोर्ट के ज्यादातर न्यायाधीशों की राय यही थी कि जजों की सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के मामलो को फिलहाल इग्नोर (अनदेखा) करना ही बेहतर है। भाव यही कि ऐसे तत्वों के मुंह लगने से कोई फायदा नहीं है। हालांकि




यह उत्तर भी कई सवालों से भरा है। यूं न्यायपालिका के सामने नई चुनौती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस( एआई ) की भी है, लेकिन उसका मामला थोड़ा अलग है। न्यायाधीशों पर सोशल मीडिया के हमलों का मामला ज्यादा संवेदनशील इसलिए है क्योंकि अदालती फैसले समाज में न्याय की रक्षा का काम करते हैं। इसी से समाज को संचालित करने का दिशानिर्देश और सुसूत्रता भी मिलती है। अदालती फैसले हमेशा निष्पक्ष और न्यायसंगत प्रतीत हों, ऐसा जरूरी नहीं है, लेकिन उन फैसलों की आलोचना तार्किक और कानूनी आधार पर ही की जा सकती है। लेकिन जब ऐसे फैसलों के पीछे न्यायाधीश के विवेक, न्यायिकता अथवा पूर्वाग्रह को लेकर सवाल उठाए जाने लगें, उनकी भद्दे ढंग से ट्रोलिंग की जाए तो तब न्यायाधीशों का विचलित होना स्वाभाविक है। सम्मेलन में शामिल कई जजों ने कहा कि वर्तमान में लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे कि वाट्सएप ग्रुप और फेसबुक पर हमारे विरुद्ध अमर्यादित बातें होती हैं। जिन्हें फैसला पसंद नहीं आता, वे भ्रम फैलाते हैं। भद्दे कमेंट करते हैं। क्या ऐसा करने वालों पर हम (न्यायाधीश) कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट (अदालत की अवमानना) की कार्रवाई कर सकते हैं? इन सवालो के जवाब में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अभय एस ओक ने कहा कि न्यायाधीश सोशल मीडिया की ट्रोलिंग से न तो डरें और न हीं किसी एजेंडे के तहत गढ़े जाने वाले नैरेटिव से प्रभावित हों। इसे सिर्फ इग्नोर करें, क्योंकि सोशल मीडिया की कोई अकाउंटेबिलिटी (जवाबदेही) नहीं है। जस्टिस ओक ने बताया कि मुंबई में तो जजों को प्रभावित और परेशान करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल इतना बढ़ गया है कि कई जजों के खिलाफ ही पिटीशन दायर हो जाती है। इस सम्मेलन में यह बात साफ झलकी कि आज न्यायाधीश समुदाय अगर किसी बात से सर्वाधिक चिंतित है तो वो है, सोशल मीडिया। ऐसा मीडिया जिसके हजारों मुंह, आंखें और कान हैं लेकिन कहीं कोई रिमोट कंट्रोल नहीं है। और शायद मस्तिष्क भी नहीं है। इस मीडिया ने अब मानव जीवन में इतनी भीतर तक घुसपैठ कर ली है कि किसी का इससे बचना लगभग असंभव है। यदि कोई बचा हुआ भी है तो उस पर आदिम सभ्यता का होने का टैग लग सकता है। यूं सोशल मीडिया पर जजों को लेकर अमर्यादित प्रतिक्रियाओं को लेकर पहले भी चिंता जाहिर की जाती रही है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शरद अरविंद बोबडे ने अपना पद ग्रहण करते हुए कहा था कि फिलहाल सुप्रीम कोर्ट सोशल मीडिया में अनियंत्रित आलोचना पर काबू करने के लिए कुछ भी नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा, 'हम इस तरह की मीडिया के लिए अभी कुछ भी नहीं कर सकते हैं। हम नहीं जानते हैं कि हमें क्या कदम उठाना है। वे न केवल लांछन लगा रहे हैं बल्कि लोगों और न्यायाधीशों की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर रहे हैं। ऊपर से यह शिकायत भी है कि बोलने की स्वतंत्रता नहीं है। उन्होंने कहा कि दरसअल फैसले की नहीं न्यायाधीश की आलोचना करना मानहानि है। पिछले साल व्हाट्सएप से जुड़े एक मामले में दलीलें सुनते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश दीपक गुप्ता ने टिप्पणी की थी कि कैसे निर्दोष लोगों को ऑनलाइन ट्रोल किया जा रहा था और कैसे गुमनाम संस्थाओं ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल प्रतिष्ठा को कीचड़ में धकेलने के लिए किया था। कुछ महीने पहले, न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की एक अलग पीठ ने बताया था कि कैसे न्यायाधीशों को भी सोशल मीडिया का खामियाजा भुगतना पड़ता है।

## रामगढ़ आस-पास की खबरें

# राम उत्सव को लेकर सयाल शिव मंदिर में 5100 दिए जलाए गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल प्राचीन शिव मंदिर में सोमवार देर शाम को अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सयाल शिव मंदिर में भव्य दीपोत्सव मनाया गया। यहां पुजा कमिटी के द्वारा 5100 दिये को जलाया गया। वहीं बनारस से आए आचार्य अजय हरि शुक्ल जी के द्वारा पुजा पाठ कराया गया और महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके आलावा कई मंदिरों में भंडारा का आयोजन कर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं शाम के समय सयाल के युवाओं ने



मोटरसाइकिल जुलूस निकाला जिसका नेतृत्व पिंटू सिंह ने किया। इसदौरान युवाओं ने जय श्री राम के नारा उदघोष किया। वहीं यह जुलूस सयाल की विभिन्न कॉलोनियों में भ्रमण करते हुए पुनः ह प्राचीन मंदिर पहुंची। वहीं इस शोभा यात्रा में पूर्व जिला पार्षद अर्चना, पंसस कंचन कुमारी,पुर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येन्द्र यादव, उपमुखिया विमलेश कुमार, छोटन सिंह, शशी दुसाध, भुषण शर्मा, सागर शर्मा,सनी कुमार, मोनू साव, अजय भगत, अक्षय, रोहित सिंह, मदन कुमार, साहिल, मोनू कुमार, अदिप, रोशन, बंटी, अजीत सिन्हा, रामकृपाल मालाकार, पुनीत, पिंटू मुंडा, ऋषिकेश, अंशु, सूरज, सत्यम, अभिषेक, आशीष, सुमित इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अंतिम संस्कार में दर्जनों मंत्री समेत सैकड़ों लोग हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला के मांडू प्रखंड अंतर्गत मुरपा पंचायत निवासी विशाल कुमार (पिता विक्रम महतो) 19 वर्ष का एक सडक दुर्घटना में निधन हो गया, बताया गया कि 22 जनवरी को मांडू से अपना घर वापस आ रहा था इसी क्रम में दो पहिया वाहन अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर जाने से गंभीर चोट लगी जिससे घटनास्थल पर उक्त युवक की मौत हो गई, मृतक युवक गोला पॉलिटेक्निक प्रथम वर्ष के छात्र इस संस्थान में हो रही थी परंतु 22 जनवरी को छुट्टी के कारण अपने पर ही था घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन सड़क मार्ग से घटनास्थल पर पहुंचे और उसे होप अस्पताल रांची रोड ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया उधर युवक का शव देखते ही माता-पिता एवं भाई व परिजन दहा ड़कर,फफक कर रो पड़े, सड़क दुर्घटना लगभग 8॰00 बजे हुई थी जिसकी सूचना मिलते ही देर रात मंत्री नेता समेत कई ग्रामीण आश्वासन देने पहुंचे, परिजनों से मिले एवं दुखद घड़ी में ढाड़स बंधाया सुबह मंगलवार को झारखंड सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा झामुमो केंद्रीय सचिव राजकुमार महतो तेजनाथ महतो घर पर पहुंचे, 23 जनवरी को सुबह



12॰00 बजे अंतिम दाह संस्कार चिहटीदह स्मशान घाट अंतिम संस्कार किया गया जिसमें मृतक के पिता विक्रम महतो द्वारा बड़े पुत्र को जवान बेटा को मुखाग्नि देते ही फक्कड़कर रो पड़े शव के अंतिम दाहसंस्कार में झामुमो रामगढ़ जिला अध्यक्ष विनोद किसकू,आजसु पार्टी केंद्रीय महासचिव तिवारी महतो, मांडू राजद जिलाध्यक्ष गुलज़ार अंसारी, मांडू पूर्व पार्षद नरेश महतो, भाजपा नेता, कुलेश्वर महतो, उमेश चंद्र पटेल, कुजू पूर्वी पंचायत के मुखिया ललिता देवी पूर्व मुखिया अशोक महतो मुखिया राकेश मेहता,बादल महतो वकील महतो नरेश पटेल, तुलसीदास महतो हीरालाल महतो, सुंदरलाल महतो मनोज यादव, अमनदीप चौधरी, प्रदीप महतो, कालेश्वर महतो विकास महतो, सुदामा महतो मिनेश्वर महतो, सहित सैकड़ो ग्रामीण अंतिम दाह-संस्कार में शामिल हुए।

## रामगढ़ में सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के सुभाष चौक स्थित सुभाषचंद्र बॉस की 127 वी जयंती मनाई गई हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्व महिंद्र सिंह गांधी के परिवार की और से सुभाषचंद्र बॉस की 128 वी जयंती मनाई गई इस दौरान सुभाषचंद्र बॉस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। मौके पर मौजूद स्व महिंद्र सिंह गांधी के पुत्र बन्नी गांधी ने कहा सुभाषचंद्र बॉस ने नारा दिया तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा इनकी विचारधारा से आज भी लोगों को प्रेरणा मिलती है जो पूरे भारत के नागरिकों को मज़बूत बनाती है और देश के लिए मर मिटने को लेकर एक ऊर्जा प्रदान करती है आज भी हम सुभाषचंद्र बॉस को याद कर रहे और हर वर्ष करते रहेंगे मौके पर रामगढ़ ज़िला अध्यक्ष अल्पसंख्यक ज़ोया परवीन, ज़िला के वरीय उपाध्यक्ष बन्नी गांधी, कमल बागड़िया, जगजीत सिंह सोनी, बलराम साहू, जय कुमार अग्रवाल, मो आशिक़, शमीम जावेद, विल्सन फ़्रांसिस, अजमल हुसैन, डॉ राजेश खंडेलवाल, ओम प्रकाश खंडरवाल,राजू सोमया, सुमित कुमार, ऋषिकेश, धन्यमशी, चंदन कुमार, सद्दाम हुसैन आदि उपस्थित थे।

## बेरोजगार एससी-एसटी युवा मोर्चा ने अरगड्डा महाप्रबंधक को सौंपा पत्र

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के बेरोजगार एससी/ एसटी युवा मोर्चा के द्वारा मंगलवार को सीसीएल अरगड्डा महाप्रबंधक को लोकल सेल में भागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में एक मांग पत्र सौपा। पत्र में कहा है कि लोकल सेल खोले जाने के आदेशों उपरांत ठेका मजदूरी कार्यों के आवंटन हेतु हमारे क्षेत्र में बाहरी लोग प्रयासरत ही नहीं हावी भी हो रहे हैं। हम यहां के बासीदें होने के साथ-साथ बेरोजगार एससी/ एसटी युवा जन हैं। हमारी भूमि भी श्रीमान के कोलयरी परिक्षेत्र में अधिग्रहित की गई हैं। साथ ही साथ हम खनन के दुष्प्रभावों से भी पूर्व प्रभावित हैं। अतः आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए लोकल सेल में ठेका मजदूरी का कार्य आवंटित करने की कृपा करें। पत्र की प्रतिलिपि जिलाधीश, एसडीओ, पुलिस अधीक्षक, सीओ रामगढ़, थाना रामगढ़ व गिद्दी को भी दी गई हैं। पत्र सौपने में नेतृत्व कृष्णा पासवान, गोविंद गोप, संजय राम, मनोज पासवान, रिकी पासवान, संजय रवानी, रवि पासवान, शैलेश भुईयां, महेंद्र पासवान, सोनी मुंडा आदि युवा शामिल है।



## श्री राम ध्वजा पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जैन समाज की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राम जन्म भूमि अयोध्यआ मे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समस्त भारत वर्ष में उत्साह उल्लास का वातावरण के साथ सम्पूर्ण विश्व भी राम मय हो गया है।इस उत्सव में श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ के द्वारा श्री राम जन्म भूमि अयोध्या मे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर समाज की ओर से श्री मंदिर जी को विद्युत सज्जा एवं दीपों से सजाया गया तथा श्री राम ध्वजा पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का समाज की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। श्रद्धालु के बीच फल का वितरण किया गया सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी , विधायक सुनिता चौधारी भी जैन मंदिर के प्रांगण से फल वितरण किया। समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने समस्त रामगढ़ वासियों को प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई दी है। मौके पर , जंबू जैन, नरेंद्र छाबड़ा,दीपक जैन,राजू सेठी, देवेंद्र गंगवाल,ललीत चूड़ीवाल, राजू पाटनी, जीवन जैन,विनोद जैन,स्व्ह शरद जैन,राजेंद्र चूड़ीवाल, मांगीलाल चूड़ीवाल,विनोद पहाड़िया ,नितिन पाटनी,मनोज जैन,सौरव जैन, प्रदीप पाटनी, महेंद्र बागरा,राजेंद्र बागरा,मीना जैन, बीना बागरा,निशा सेठी, पल्लवी अजमेरा,खुशबू चूड़ीवाल,ऊषा अजमेरा,ऊषा पाटनी,सुशील चूड़ीवाल, सुनिता पाटनी,प्रिया पाटनी,अनिता चूड़ीवाल,बीरेंद्र गंगवाल,विकास सेठी,सौरव अजमेरा आदि लोग उपस्थित थे ।

## भाजयुमो रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनीं

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता युवा मोर्चा, रामगढ़ कैंट मण्डल अध्यक्ष तरुण साव के नेतृत्व में मनाया गया नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नेताजी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर नेताजी को दी श्रद्धांजलि। कार्यक्रम में भाजयुमो ज़िला उपाध्यक्ष प्रह्लाद पांडे, अंजू ठाकुर, ज़िला मंत्री नीतीश कुमार, ज़िला कार्यालय मंत्री संजय अग्रवाल, ज़िला सोशल मीडिया सह-प्रभारी सुमित अग्रवाल, कैंट मण्डल के आईटी सेल प्रभारी शशि शेखर सिंह, भाजपा रामगढ़ के शिवपूजन कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ जयसवाल समेत भाजपा एवं युवा मोर्चा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे चतरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** मंत्री पेयजल एवं स्वक्षता विभाग झारखंड सरकार श्री मिथलेश कुमार ठाकुर आज एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे। मंत्री के चतरा परिषदन आगमन पर उपायुक्त श्री अबु इमरान ने आभार व्यक्त करते हुए पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया।

## श्रीरामचरित्र मानस पाठ के उपरांत अखंड भंडारे का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** पावन श्री अयोध्या धाम में 22 जनवरी को पूर्ण हुए श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर टंडवा प्रखंड के सोपारम गांव में 22 जनवरी की सुबह से प्रारंभ हुए, श्री रामचरित्र मानस का पाठ एवं भव्य कीर्तन, भजन का विधिवत समापन मंगलवार की शाम 4ः00 बजे हवन पूजन के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सोपारम के शिव मंदिर प्रांगण में अखंड भंडारे का भी आयोजन किया गया।इस भंडारे में आसपास के सभी कुमारी कन्याओं, भैरव बाबा सहित समस्त महिला पुरुषों ने भंडारे में आकर प्रसाद ग्रहण किया। भगवान श्री राम के अयोध्या पुन आगमन में वर्षो से पलके बिछाए हुए लोगों ने भावुक होते हुए बताया कि, अब पुनः रामराज स्थापित हुआ है, अब हमारे गांव, शहर का विकास अयोध्या धाम की ही भांति होगा। इस पूरे उत्सव को विधि विधान एवं भाव पूर्वक मनाने में आचार्य नारायण पाठक, रामकुमार पाठक यजमान पवन कुमार सहित रविंद्र नाथ सिंह, रामनारायण दास, मुख्तार दास, सुशील कुमार दास, स्थानीय मुखिया किशून राम, विवेक कुमार आनंद, रोहित कुमार सिंह, अभय कुमार दास, शालिग्राम दास, मुरली दास, अखलेश दास, विजय दास समेत सभी ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## उपायुक्त ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर उनके फोटो पर माल्यार्पण कर शत शत नमन किया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान ने गोपनीय शाखा कार्यालय कक्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के फोटो पर माल्यार्पण करते हुए उनको श्रद्धाजंली दे कर शत शत नमन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि देश के आजादी की संघर्ष में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की कठिन त्याग, संघर्ष, वीरता जैसे जीवन मूल्यों से हमे सीख लेने की आवश्यकता है। सम्पूर्ण देश उनके शहादत की ऋणी रहेगा।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती में शामिल हुए 20 सूत्री अध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** रांची स्थित राजद कार्यालय में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती कार्यक्रम में मयूरहंड बीस सूत्री अध्यक्ष श्री रामभरोस यादव बतौर शामिल हुए। दूरभाष पर बातचीत करते हुए श्री यादव ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी के लिए यह अहम कुर्बानी दिया।नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ अगर छल नहीं किया जाता तो 1947 से पहले ही देश आजाद हो गया होता। श्री यादव ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक ऐसे शख्सियत थे जिन्होंने अपने दम पर आजाद हिंद फौज की गठन कर डाली जिसमें हजारों हजार देश के नौजवानों को सेना के रूप में शामिल किया गया जिन्होंने देश की आजादी के लिए स्वयं को न्योछावर कर दिया। आजाद हिंद फौज के प्रमुख रहे नेताजी सुभाष चंद्र बोस गरम दल के नेताओं में प्रमुख रुप से शामिल थे। गरम दल के नेताओं का विचार महात्मा गांधी के विचारों से कभी मेल नहीं खाता था। इनका कहना था अगर कोई एक थप्पड़ मारता है तो बदले में उसे दो थप्पड़ मारा जाए।यही चीज नरम दल के नेताओं को खासकर अहिंसा और सत्य की पुजारी बापू को पसंद नहीं था। श्री यादव ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बताए मार्गों पर आज के नौजवानों को चलने की जरूरत है।

## प्रतिदिन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के गेट पर दर्जनों परिजन लगा रहें चक्कर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के गोवा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में इन दिनों परिजनों का तांता लगा हुआ है। यह भीड़ अपने बच्चियों के खाते में प्रति वर्ष सरकार द्वारा भेजी जाने वाली रुपये बच्चियों के खाते में वार्डेन नितेश्वरी देवी द्वारा नहीं ट्रांसफर करने को लेकर हो रही है। गेट पर मौजूद बच्चियों के परिजनों ने बताया कि हम लोगों को वार्डेन नितेश्वरी सिंह द्वारा परेशान किया जा रहा है। चुकी मेरी पुत्री का नामंकन के समय पोस्ट ऑफिस या बैंक ऑफ इंडिया का खाता नम्बर दिया गया है। वार्डेन द्वारा बार बार एक हीं बात कहा जाता है कि इन सब खाते में सरकारी रुपये ट्रांसफर नहीं होगा। दुशरा एसबीआई का खाता खुलवा कर दो तब सरकारी रुपये ट्रांसफर होगा। वहीं परिजनों ने बताया कि यह सब वार्डेन नितेश्वरी सिंह जानबूझ कर रुपये की मांग को लेकर हम लोगों को परेशान कर रही है। बता दें कि कस्तूरबा विद्यालय के वार्डेन नितेश्वरी सिंह हमेशा विवादों में रही है। कुछ दिन पूर्व विद्यालय से बच्ची गायब का मामला सामने आया था। जिसमें प्रमुख रोहन साहू द्वारा जांच पड़ताल की गई थी। और मामला सही पाया गया था।वहीं बच्चियों के सरकारी मेनू के अनुशार हॉर्लिक्स, दूध, नास्ता नहीं मिलने के कारण तथा बच्चियों द्वारा रोटी खुद बना कर खाने एवं गिनती से रोटी दो देने को लेकर बच्चियों ने हंगामा की थी। जिसे लेकर विधायक किसुन दास द्वारा जांच पड़ताल में मामला सही पाया गया था। गौर तलब है कि विद्यालय का मामले को बाहर प्रसारित करने वाले बच्चियों को हमेशा मानसिक टॉर्चर किया जाता रहा है जिसे लेकर विद्यालय में बच्चियों के साथ हो रहे खाने से लेकर अन्य कारणों का जुल्म दहशत में बाहर मीडिया या पदाधिकारियों को सही सही बातों से अवगत कराने से असमर्थ रहती हैं। किसी बच्ची ने यदि हिम्मत जुटा कर अंदर की शिकायत बाहर कर दी तो उसका खमियाजा उक्त बच्ची

## नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई, मालार्पण कर नमन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** अनुमण्डल मुख्यालय के सिमरिया चौक स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोष की जयंती मनाई गई। जिसमें उनके प्रतिमा पर मालार्पण किया गया। और उनके देश की आजादी में महती भूमिका को नमन के साथ याद किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के महान क्रन्तिकारी में एक थे। उन्होंने भारत की आजादी के लिए कई आंदोलनों में भाग लिया और साथ ही आजाद हिन्द फौज की स्थापना की थी। नेताजी द्वारा देश की आजादी के लिए किए गए अभूतपूर्व योगदान के लिए और उनको नमन करने के लिए हर साल उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता। प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी को देश भर में उनकी जयंती मनाई जाती है। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी सन्नी राज, जीप सदस्य देवनन्दन साहू, प्रमुख रोहन साहू, बीडीओ नीतू सिंह, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुब्बे, थाना प्रभारी विवेक कुमार, मुखिया सुधीर कुमार सिंह, करम साहू के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

### एसडीओ सन्नी राज ने रेफरल अस्पताल में दिया दस्तक, कर्मियों में भागमभाग

## हॉसपिटल उपस्थिति पंजी देख भड़के एसडीओ, दी कार्रवाई की चेतावनी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** अनुमण्डल के एक मात्र रेफरल हॉस्पिटल में अनुमण्डल पदाधिकारी सन्नी राज का अचानक दस्तक से कर्मियों में हड़कम्प मच गई। कर्मी जिधर तिधर थे किंतु जानकारी मिलते हीं भागमभाग में हो गए। यहां तक कि हॉस्पिटल के उपस्थिति पंजी के अनुशार एसडीओ ने सभी कर्मी को नाम के अनुशार उपस्थिति देखी। और तो और गैर हाजिर कर्मियों का नाम लेकर कार्रवाई के लिए अपने साथ ले गए। बता दें कि इन दिनों रेफरल अस्पताल में स्वास्थ कर्मी तो ज्यादा हैं किंतु दुर्घटना घटित इलाज के दौरान बहुत कम स्वास्थ कर्मी देखने को मिलेंगे। इसका कारण है कि बायोमैट्रिक हाजरी सुबह आगमन का बना कर दिन भर गायब रहते हैं वहीं शाम होते हीं हॉस्पिटल पहुंच पुनः प्रस्थान का हाजरी बना निकल पड़ते हैं। इस तरह की शिकायत अनुमण्डल पदाधिकारी को मिल चुकी थी ।जिसके आलोक में अचानक शिरकत करते हुए जांच पड़ताल की गई साथ हीं गायब पाए गए कर्मियों पर कार्रवाई की बात कही। जबकि बहुत ऐसे कर्मी हैं जो आते हैं 11 बजे फिर भी उनकी हाजरी बनी रहती है। वैसे में वैसे स्वास्थ कर्मियों पर कार्रवाई किया जाना अनिवार्य है।

# लातेहार की खबरें

## केन्द्रीय विद्यालय में पेंटिंग परीक्षा प्रतियोगिता आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय लातेहार में 23 जनवरी दिन मंगलवार को परीक्षा पर चर्चा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर, गांधी इंटर महाविद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, लातेहार पब्लिक स्कूल,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, एवं राजकीयकृत +2 उच्च विदयालय लातेहार से 100 छात्र एवं छात्राओं ने परीक्षा पर चर्चा पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। परीक्षा पर चर्चा पेंटिंग प्रतियोगिता 2 घंटे का था। जिसमें प्रतियोगिता में सभी छात्र एवं छात्राओं ने अपनी अपनी भावाभिवयक्ति को दर्शाया। इस प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार की छात्रा रौशनी कुमारी ने प्रथम स्थान, राजकीयकृत +2 उच्च विदयालय लातेहार की प्रिया सिन्हा ने द्वितीय स्थान एवं सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार की एंजल कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं।परीक्षा पर चर्चा पेंटिंग प्रतियोगिता के संयोजक के रूप में अनुराग कुमार कश्यप एवं शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्राचार्य के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई।

## एसवीएम में जयंती समारोह के दौरान याद किए गए सुभाष चन्द्र बोस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की127 वीं जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय, प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, जयंती प्रमुख फूलचंद सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के भैया/ बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। षष्ठ की बहन श्रेया गुप्ता, आकांक्षा कुमारी, पुष्कर कुमार, रूपाली, अष्टम की छात्रा शिप्रा आरजू के द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया।जिसे सुनकर भैया/बहने नेताजी के जीवन से प्रेरणा और उद्देश्यों को समझा। वहीं नवम की छात्रा रिंकी कुमारी के द्वारा एकल गीत की प्रस्तुति की गई।अष्टम की छात्रा राधिका अपनी कविता के माध्यम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवन चरित्र व देश भक्ति को दर्शाने का काम किया। विद्यालय के आचार्य कपिलदेव प्रमाणिक ने नेताजी के जर्मनी, जापान की यात्रा हिटलर से मुलाकात, आजाद हिंद फौज की स्थापना पर विस्तार से भैया बहनों को बताया।जयंती प्रमुख फूलचंद आचार्य ने बताया कि विद्यालय जीवन में सुभाष बाबू का बंगला भाषा की जानकारी कम थी, परंतु शिक्षकों के प्रेरणा फलस्वरूप बंगला भाषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुए। प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि प्रतिभा बचपन से ही दिखती है, एक सुभाष चंद्र बोस की विद्यालयी जीवन से जुड़ी घटना को याद दिलाया एवं उनके त्याग, समर्पण की भावना को उजागर किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निम्नांकित आचार्य और दीदीजी को गरिमामई उपस्थिति रही। शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम अंबशटा, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, यादव, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक, आकाश कुमार सेन, मधु, खुशबू तिवारी, दीपक कुमार दास उपस्थित रहे।

## लातेहार बाजारटांड़ मुहल्ले के नाम को बदलकर श्रीराम नगर रखा गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** अयोध्या में श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सोमवार को जिला मुख्यालय स्तिथ वार्ड नंबर -2 आईटीआई बाजारटांड़ को बदलकर श्रीराम नगर रखा गया। मुहल्ले को नवीकरण विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार और जिला परिषद् अध्यक्ष पूनम देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। यहां के लोगों ने बताया कि आज तक इस मुहल्ले के लोग अपना पता सही से नहीं बता पाते थे।अब मुहल्ले का नाम बदलकर श्रीराम नगर होने से यहां के लोग काफी खुश हो रहे हैं। वहीं श्रीराम नगर मुहल्ले को चार वार्ड में बांटा गया है। मौके पर मनोहर प्रसाद, आशीष सिंह, सचिव पिंटू प्रसाद, सलेंद्र सिंह, प्रभु सिंह, राजेश प्रसाद, दुर्गेश कुमार, अरविंद यादव, विकाश रामनाथ आमीन, रामजन्म जायसवाल, राजेश शर्मा, निरज विश्वकर्मा, श्रवण प्रसाद, जय सिया राम, मनोज प्रसाद, छोटू प्रसाद, बिनोद प्रसाद, उत्तम राम, ब्रजेश यादव, जगदीश राम, रामजीवन राम, गजेंद्र राम,उदय प्रसाद इत्यादि सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयंती




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के बाजकुम स्थित मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लातेहार के प्रांगण में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा की अध्यक्षता में पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 127वीं जयन्ती बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंच का संचालन धीरजन राम (आचार्य) ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने देश प्रेम की भावना छात्र छात्राओं के बीच व्यक्त किया साथ ही पराक्रम दिवस पर प्रकाश डालते हुए इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है, उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया, जिनके आह्वान पर हजारों लोग आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। मौके पर मौजूद आचार्य मुकेश कुमार, जयकान्त, पूजा दीदी एवं सभी आचार्यों एवं दीदी जी ने अपना-अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## बारियातू व डाढ़ा पंचायत में विकसित भारत कार्यक्रम का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सहित डाढा पंचायत मे केन्द्र सरकार द्वारा निर्देशित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, जीप सदस्य रमेश राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष लव सिह,सां.प्रतिनिधि सतेन्द्र प्रसाद सिंह, बृजमोहन राम युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप केसरी, सतेन्द्र राम, टोटी मुखिया शान्ति देवी, बारियातु मुखिया सरिता देवी, पं.स.सदस्य सोनी देवी समाजसेवी मुंसी साव की गरिमापुर्ण उपस्थिति रही.एवं सभी मान्यवरों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे केन्द्र सरकार द्वारा जनहित मे संचालित महिला शसक्तीकरण, स्वच्छता योजना, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान समृधि योजना, आयुषमान कार्ड योजना, गरिबों के लिए निशुल्क अनाज वितरण, सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में आम जन के बीच जानकारी दिया एवं कोरोना काल मे वैक्सिन निर्माण व फ्री वैक्सिनेशन, सेना के शक्तिकरण, जैसे उनके उपलब्धि के बारे मे बताया, मौके पर योजनाओं का स्टाल लगाया गया, डा सुरेंद्र कुमार सीएचओ सैलिना एक्का, ए एन एम उषा कुमारी ने शिविर के माध्यम से लोगो का ईलाज किया. भाजपा मंडल अध्यक्ष लव सिह ने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार दृढ़ संकल्पी है,उनके दृढ़ संकल्प से आज भारत विकसित राष्ट्र बनने के मार्ग पर अग्रसर है, उनका संकल्प 2047 तक विकसित भारत बनाने का है, उन्होंने सभी जनता को विकसित भारत बनाने मे मोदी सरकार के हाथ मजबुत करने का आह्वान किया, उन्होंने केन्द्र सरकार के कार्य को धरातल पर उतारने के लिए, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, व समस्त प्रशासनिक अधिकारी, कर्मीयों का आभार व्यक्त किया। वही प्रखंड मुख्यालय स्थित मैसर्स प्रिन्स गैस एजेन्सी (भारत गैस )के वितरक सह समाजसेवी मुंसी साव ने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित उज्वला योजना के बारे मे बताया, उन्होंने कहा कि यह योजना अभी बंद नहीं हुआ है, वैसे लोग जो इस योजना से बंचित है ,वे हमारे गैस एजेन्सी मे आकर आवेदन जमा करे साथ ही कहा कि अभी एक भरा हुआ गैस सिलेंडर का मुल्य 960.50 रुपये है अगर वह उज्वला योजना के अंतर्गत कनेक्शन है तो उसपर 337 रु.सबसिडी है, जनरल कनेक्शन पर मात्र 37 रुपये सबसिडी है।

## संक्षिप्त खबरें

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गाल्होबार पंचायत में दिखा भक्ति का नजारा

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होबार पंचायत में बड़े ही धूमधाम से श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाई गई। इस शुभ अवसर पर पंच ब्रह्मण के द्वारा श्री राम की पूजन, सुंदर काण्ड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ एवम संगीतमय आरती सह भंडारा का आयोजन किया गया। संध्या में दीप प्रज्वलित की गई और भजन एवम भक्तिमय जागरण का भी आयोजन किया गया। इस पूजन को व्यकरणाचार्य पंडित श्री बाढ़ो मिश्र के गरिमामय उपस्तिथि में संपन्न किया गया कार्यक्रम का अयोजन विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष श्यामसुंदर विश्वकर्मा और बजरंगदल के संयोजक सुनील कुमार मंडल के द्वारा किया गया। पंडित भगवान मिश्र , पंडित चूड़ामणि पाण्डे, पंडित नित्यानंद, सूरज पाठक और विवेक मिश्र इन पंच ब्राह्मणों के द्वारा पूजा संपन्न किया गया।इस कार्यक्रम में राकेश कुमार, सुधीर रजक, रामु राम वर्मा, हिमांशु, चेतलाल मंडल, डेगलाल महतो, डॉ0 धनेश्वर, शम्भू, उज्जवल, मुकेश, सुनील, मनीष, राहुल, सुशील, सुबोध, नरेश, पंचम, उमेश, गौतम बरनवाल, दशरथ, रंजीत, प्रशांत, बबलू, जानकी, काजल, रमेश, धनेश्वर मंडल, जितन, अमरदीप, चंद्रिक, पुनीत, विनोद, एवम अरुण उपस्थित थे।



### कामगारों को किया गया सम्मानित

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड क्षेत्र के हुटपा और मेरु के बीच में स्थित श्री मंगलम टाइल्स और सैनिटरी दुकान् के मालिक लखन प्रसाद ने अपना बहुत ही दिल की दरिया दिखाई है। उन्होंने सभी श्री मंगलम टाइल्स और सैनिटरी दुकान में काम करने वाले सभी कामगारों को अयोध्या मे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर के खुसी में अपने कामगारों को माला ओर गमछा के द्वारा बहुत ही नेक तरीका से सम्मानित किया है। उनका इस नेक पहल की पूरा दारू ,झूमर ,ओर आस के क्षेत्र में बहुत ही चर्चा का विषय बन गया।



### एनटीपीसी के सौजन्य ने मुखिया ने बांटा 180 कंबल

**कटकमदाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कुसुम्भा पंचायत अंतर्गत ग्राम फतहा स्थित मुखिया कार्यालय में मंगलवार को एनटीपीसी के सौजन्य से 180 वृद्ध, असहाय व जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण का शुभारंभ कुसुम्भा पंचायत के मुखिया कल्लू राम, उप मुखिया सुरेंद्र बांडो ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत कंपनी की ओर से कंबल वितरण सराहनीय पहल है। कंबल वितरण एनटीपीसी के एलएआर एंड आर विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी, उप महाप्रबंधक संजीत कुमार सेनापति के निर्देशन में फतहा, कुसुम्भा व जमुआरी के ग्रामीणों को कंबल वितरण किया गया। मौके पर एनटीपीसी के सीआरएस विभाग के कार्यपालक रजनीश कुमार, सतीश कुमार, वार्ड सदस्य पोलिना टोपनो, अशोक महतो उपस्थित थे।



### दो दिवसीय रामोस्तव में सांसद एवं विधायक हुए शामिल

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री रामलीला कृष्णालीला महासमिति द्वारा आयोजित रामोत्सव का श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ भव्य समापन समारोह। प्रभु श्री राम प्रेम के लिए राम भक्तो ने पूरा हजारीबाग को राममय बना दिया है। स्थानीय बड़ा अखाड़ा में पेंटिंग प्रतियोगिता, भक्ति में संगीत, भक्ति में नृत्य , समान समारोह एवं संध्या 6:00 बजे से भव्य रामलीला का आयोजन किया गया। सांसद ने कहा कि अयोध्या के बाद हजारीबाग के नगर वासियों का राम प्रेम किसी से छुपा नहीं है और जिसका साक्षी यहां रामलीला एवं रामलला प्राण प्रतिष्ठा के समय की भीड़ है। स्थानीय सदर विधायक ने कहा कि जिस तरह हजारीबाग की रामनवमी इंटरनेशनल है उसी तरह यह कार्यक्रम भी अयोध्या के बाद सबसे ज्यादा भव्य है। पेंटिंग प्रतियोगिता में रिंकी कुमारी,सूचित कुमार एवं मेघा ने क्रमश- प्रथम ,द्वितीय , तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया। मंच संचालन प्रदीप पाठक ने किया।




### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उपायुक्त ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने आवासीय कार्यालय में नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। माल्यार्पण के पश्चात उपायुक्त ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस में देशभक्ति, राष्ट्र भक्ति और आजादी के लिए समर्पण की भावना थी। युवाओं को नेता जी के आदर्शों पर चलना चाहिए। उनके विचारों को आगे बढ़ाना चाहिए। नेता जी के संघर्ष एवं बलिदान को यूं ही नहीं भुलाया जा सकता है। देश की आजादी में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

## जेएससीए के पूर्व प्रसिडेंट संजय सिंह के निधन पर बीएसए में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** झारखण्ड स्टेट क्रिकेट काउंसिल के पूर्व प्रसिडेंट संजय सिंह के असामयिक निधन पर बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन (बीएसए) में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा मे बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सबसे पहले बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दिया और उनके तसवीर पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि संजय सिंह बड़े साधारण व्यक्ति थे। क्रिकेट खेल से उनका जुड़ाव काफी वर्षो से रहा है। संजय सिंह हजारीबाग डिस्ट्रिक से क्रिकेट खेलते हुए जिला कप्तान भी रह चुंके है। रिटायर 11 से कुछ वर्षो पूर्व तक वह क्रिकेट भी खेले है, लंबे दिनों तक वह क्रिकेट खेलते रहे है। वारसी ने बताया कि संजय सिंह झारखण्ड क्रिकेट एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रसिडेंट रह चुंके है। उनकी निष्पक्षता, कर्तव्य निष्ठा और कर्मठता को देखते हुए उन्हें यह पद सौंपा गया था।



## रामलला के आगमन के खुशी में भाजयुमो महामंत्री ने लगाया रक्तदान शिविर, 22 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला भाजयुमो महामंत्री राज करण पांडेय ने मंगलवार को अपने जन्मदिन और अयोध्या में रामलला के आगमन की खुशी में हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल और विलंटरी ब्लड डोनर्स संघ के सहयोग से एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन मार्खम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स परिसर में किया। कड़ाके की ठंड के वाबजूद भाजयुमो नेता राज करण पांडेय के आवाह्न पर कुल 22 यूनिट रक्त का संग्रहण इस शिविर के माध्यम से हुआ। यह रक्तदान शिविर का आयोजन ऐसे समय में हुआ जब ब्लड बैंक में रक्त का घोर अभाव था और जरूरतमंद मरीज ब्लड के बेहद परेशान थे। इस शिविर से अधिग्रहित रक्त से ब्लड बैंक में जरूरतमंदों के लिए विभिन्न ग्रुप के रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। उक्त रक्तदान शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, सरिया बीडीओ पप्पू रजक, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, वोलंटरी ब्लड डोनर्स संघ के अध्यक्ष निर्मल जैन, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने फीता काटकर और रक्तदाताओं का हौसला अफजाई कर किया। मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की बदलते दौर में आजकल जहां लोग अपनी खुशियों का इजहार के लिए बेवजह के आयोजनों के नाम पर हजारों लाखों लुटा देते हैं ।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली हजारीबाग में ब्रजेश कुमार सिंह ने प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हार टोली, हजारीबाग में ब्रजेश कुमार सिंह ने प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया द्य आज विद्यालय में ब्रजेश कुमार सिंह ने प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात आचार्य बंधु-भगनी के साथ बैठक में अपने संबोधन में कहा- आप सभी अपने स्वभाव से कार्य करें द्यस्वयं को अपडेट करें एवं अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ करेंद्य विद्या भारती के लक्ष्य को केंद्र में रखकर कार्य करें द्यबच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें । हम सभी टीम भाव के साथ कार्य करेंगे तभी अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे ।

मौके पर विद्यालय के सचिव ,संजय उपाध्याय ने कहा -आप सभी आचार्य बंधु- भगिनी पूरे मनोयोग से शिक्षण कार्य करें, जिससे कि भैया- बहनों का सर्वाधिक विकास हो सकेद्य मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन एवं आचार्य बंधु - भगिनी उपस्थित थे ।

## महापुरुषों के याद कर आदर्श जीवन में एक नया उत्साह भर देते हैं : शैलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** आईलेक्स पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें कक्षा 6 से लेकर कक्षा 9 तक के बच्चों ने भाग लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की तस्वीर पर विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार सहित शिक्षक एवं बच्चों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्प माला और पुष्प अर्पित किया। मौके पर स्कूल निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महत्व हमारे देश के इतिहास में बहुत बड़ा है। देश के स्वतंत्रता संग्राम में भी सुभाष चंद्र बोस का योगदान अति महत्वपूर्ण है। जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। साथ हीं उन्होंने कहा कि नेताजी के अंदर देश के प्रति जो जूनून जो पागलपन था अगर बच्चे भी उस पागलपन को अपना लें तो वें स्वयं तो ऊंचाई को छुएंगे हीं साथ हीं देश को भी एक नया आयाम देंगे जो की नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कक्षा 7 की सफद अलमास और अक्शा इकराम ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला। इसके बाद अन्य विद्यार्थियों ने सुभाष चंद्र बोस से जुड़ी कई बातें सबके समक्ष रखी। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा की जोश से ओत- प्रोत होकर बच्चों ने कई नारे भी लगाए कार्यक्रम में शामिल होने वाले में रितिका, सपना, रिद्धि,निधि, मुस्कान, स्वीटी, अन्य रितिका आदि कई बच्चों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। स्वीटी ने नेताजी के विचार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि याद रखिए सबसे बड़ा अपराध, अन्याय सहना और गलत के साथ समझौता करना है। मुस्कान ने भी नेताजी के विचार पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संघर्ष ने मुझे मनुष्य बनाया, मुझमें आत्मविश्वास उत्पन्न हुआ, जो पहले मुझमें नहीं था।




## कांडतरी में कीर्तन का हुआ आयोजन, विधायक अंबा प्रसाद ने महिलाओं के साथ गाया भक्ति भजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** रामल्ला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के कांडतरी में आयोजित अखंड कीर्तन में विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने महिलाओं के साथ भक्ति भजन गाया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी भी विधायक अंबा प्रसाद के साथ मौजूद रही। पुरूषो व महिलाओं ने ढोल मांदर एवं वाद्य यंत्रों को बजाकर भक्ति भजन गाए। इस दौरान विधायक ने स्कूल टोला स्थित मंदिर एवं शिव मंदिर पहुंचकर माथा टेका व दिया जलाया। इस दौरान उप प्रमुख बचन देव कुमार, उपमुखिया राजदेव महतो, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता, पप्पू प्रसाद, सुरेश महतो, प्रेमचंद महतो, मुरली महतो, अशोक कुमार, रीता देवी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## संजय सिंह ने भंडारा में दूध प्रदान किया 7000 राम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** अयोध्या में राम मंदिर व रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़कागांव सूर्य मंदिर प्रांगण में मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह के द्वारा 301 किलो दूध प्रदान किया गया। भंडारा में लगभग 7 हजार राम भक्तों ने खीर स्वरूप प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर उप मुखिया सत्यदेव कुमार , श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद ,पूर्व विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर बालेश्वर महतो, हजारीबाग गैसोलीन के प्रोपराइटर मनोज कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, कुशवाहा समाज अध्यक्ष लालमणि महतो, सचिव जयनाथ महतो, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, शशि कुमार मेहता, धर्मेंद्र कुमार, बुद्धि नाथ महतो, देवेंद्र कुमार ,राजू कुमार राजा ,बृजेश कुमार के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।



## सीसीएल तापिन नॉर्थ परियोजना के 41 नंबर में ग्रामीण प्रबंधन के विरुद्ध हुए गोलबंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** सीसीएल तापिन नॉर्थ परियोजना के 41नंबर में ग्रामीण प्रबंधन के विरुद्ध गोलबंद हुए। मंगलवार को तापिन नॉर्थ परियोजना के पदाधिकारी 41नंबर पहुंचे थे। जानकारी देते हुए वहां के ग्रामीणों ने कहा की सीसीएल प्रबंधन हमलोगों की बातों को नहीं सुनती है। वहां की एक महिला नगिया देवी ने बताया कि हम यहां के रैय्यत हैं और खाता 13 में हमारी जमीन है लेकिन प्रबंधन ने हमारे जमीन का इस्तेमाल कर लिया है लेकिन कोई मुआवजा नहीं दिया है ।ग्रामीणों का कहना है की हमलोग पढ़े लिखे लोग नहीं हैं ।वहीं एक अन्य ग्रामीण थॉमस लुगुन ने कहा कि हमारे पूर्वज कई दशकों से यहां रहते आ रहे है। जब सीसीएल का अस्तित्व भी नहीं था लेकिन आज सीसीएल प्रबंधन हमारी बातों को अनसुना कर रही है। सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा की यदि प्रबंधन को हमारी जमीन पर काम करना है तो हमें उचित मुआवजा दे और हमारे लिए पुनर्वास की व्यवस्था करे। हम ग्रामीण इतने वर्षो से यहां रह रहे हैं यदि प्रबंधन हमें यहां से विस्थापित करेगी तो हम कहां जायेंगे जब तक हमें कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जाती।

**क्या कहते हैं परियोजना पदाधिकारी :** वहीं इस संबंध में तापिन नॉर्थ के परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि वहां के ग्रामीणों के साथ कई बार बैठक की गई है। परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण अपने दस्तावेज को प्रबंधन के समक्ष रखें प्रबंधन हर तरह से ग्रामीण की सहायता करने के लिए तत्पर है। परियोजना पदाधिकारी का कहना है कि यदि वहां के ग्रामीण कितने वर्षो से वहां रह रहे हैं तो अपने दस्तावेज को प्रस्तुत करें और मुआवजा प्राप्त करें। क्योंकि दस्तावेज के आधार पर ही किसी भी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सकता है। मौके पर मुख्य रूप से दीपक गंझू ,नागिया देवी,बिंदु देवी, रूपा देवी, सीता देवी,पारो देवी, मासोमात मालती, असरिता तिग्गा, बिरसी देवी, मसोमत नेहा, चेतलाल रविदास, छोटन उरांव,थॉमस लुगुन,राजू रविदास, हबील जाडिया, फ्रांसिस जादिया,छोटू गांजहु,अर्जुन भुइयां, धनेश्वर रविदास,भोला भुइंया, प्रसाद भुइंया, संजय दीपक गांझू रैय्यत, नागिया देवी,बिंदु देवी, रूपा देवी, सीता देवी,पारो देवी, मसाओमात मालती, असरिता तिग्गा, बिरसी देवी, मसोमत नेहा, चेतलाल रविदास, छोटन उरांव,थॉमस लुगुन,राजू रविदास, हबील जाडिया, फ्रांसिस जादिया,छोटू गांजहु,अर्जुन भुइयां, धनेश्वर रविदास,भोला भुइंया, प्रसाद भुइंया, संजय भुइंया सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



## बरही के अंचल कार्यालय परिसर में बनेगा प्रयोगशाला केंद्र, सांसद ने किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड के अंचल कार्यालय परिसर में खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मद अंतर्गत कार्यकारी मानक प्रयोगशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। मौके पर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, डोमन पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, विस प्रतिनिधि छठु गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य, विकास सिंह, तैयब अंसारी, कांग्रेस के विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, शशि जयसवाल, प्रमोद सिंह, रघुवीर यादव, भवन निर्माण के प्रोपराइटर मुकेश कुमार समेत कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। बताया गया कि यह योजना बिल्डिंग डिविजन से 40 लाख रुपये के प्रक्लन राशि की लागत से बनाया जा रहा है।

## सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती में आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल ने किया प्रभातफेरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ चेडरा अवस्थित आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128 वी जयन्ती के सुअवसर पर विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षको ने रैली निकाली । रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर ब्लॉक रोड, चेडरा,अखाड़ा चौक होते हुए पुनः विद्यालय में समापन किया गया।रैली में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक जीवंत झाँकी में सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गाँधी, सरोजनी नायडू, रानी लक्ष्मीबाई,बेगम हजरत महल,भीम राव अम्बेडकर,भगत सिंह,भारत माता,बिजय लक्ष्मी पंडित,कस्तूरबा गांधी,कमला नेहरू,सावित्री बाई फुले,राजमाता जीजा बाई के रूप में बच्चों ने जिया।रैली के उपरांत विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय नारायण ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आजादी की लड़ाई में अभूतपूर्व योगदान दिया था,जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता ।बच्चे उनका अनुशरण कर अपने जीवन को सवांर सकते है।वही विद्यालय के प्रबंध निदेशक सागर कुमार ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस के आदर्शो एवं अनुशासन को अपनाकर अपने जीवन को साकार कर सकते है।इस मौके पर मुख्य रूप से मैनेजिंग डायरेक्टर सागर कुमार,राणा इकबाल खान,शिक्षक तृप्ति दास,अनिल कुमार,रीता कुमारी,राहुल कुमार उपाध्याय, रेणु कुमारी,अजित कुमार मिश्रा, ज्योति टोप्पो,ब्रह्मदेव मंडल,महजबीन आरा,उपासना कुमारी,नाजमीन आरा,अर्चना कुमारी,रवि कुमार,नीलम कुमारी,प्रीति कुमारी,सुमन कुमारी,मिनी देवी,मो.सैफुल्ला, प्रतिभा अंसारी,स्वाति कुमारी,ताजुद्दीन अंसारी,सिमरन कुमारी,महजबी नाज,रवि पांडेय,राजेश शर्मा,गुणाधर देवी,प्रतिमा देवी,यशोदा देवी समेत काफी संख्या में छात्र शामिल थे।



## नवादा एवं कुसुम्भा में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरों में पूजा का किया गया आयोजन

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 22 जनवरी को अयोध्या में हुए श्री राम लला कि प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने के लिए सनातन संस्कृति को मानने वाले लोगों ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। अयोध्या में भगवान श्री रामलला के नवविग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूरा प्रखंड ही राममय हो गया। कहीं भव्य शोभा यात्रा तो कहीं सुंदर काण्ड के पाठ के साथ साथ श्री राम के जयकारे ने समा बांधा। इसी के तहत विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न मंदिरों की तरह नवादा स्थित टेकवाडीह के हनुमान मंदिर में भी उत्सव मनाया गया। मंदिर के मुख्य द्वार को केले के पत्ते और फूल से सजाया गया साथ ही झालर लाइट से जगमग किया गया। मंदिर में उत्सव हेतु सुंदर काण्ड का आयोजन हुआ जिसमें भरी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित देखी गई। मुख्य द्वार पर एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई जिसमें अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण भी किया गया। प्रखंड के कुसुम्भा स्थित बजरंग बली मंदिर में गांव की महिलाओं के द्वारा भजन, कीर्तन एवम गीत गया गया साथ ही मंदिर परिसर को भगवा झंडों से सजाया गया। पूजा समापन के पश्चात प्रभु के आगमन कि खुशी में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई और पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए जमुनिया डैम स्थित ऐतिहासिक हनुमान धारा मंदिर पहुंचकर मत्था टेक कर शोभा यात्रा वापस कुसुम्भा मंदिर पहुंची। टेकवाडीह में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रकाश राणा, कैलाश ठाकुर, रामजी मिस्त्री, वासुदेव मिस्त्री, गुलाब साव, प्रयाग मिस्त्री, धुपलाल साव, खुशीलाल साव, सुंदरलाल साव, शंभू लाल साव, संतोष साव, कैलाश मिस्त्री, अशोक साव, राजकुमार राणा, दिनेश साव, लखन साव, महावीर मिस्त्री, देवा मिस्त्री, गोवर्धन साव, कैलाश साव, जुगेश्वर साव, विकास राणा, पिंटू कुमार, अनिल साव, राजू साव, गोविंद राणा, विनोद राणा, पवन राणा, प्रवीण राणा, उदय कुमार, श्रवण कुमार, सुभाष कुमार, टिंकू साव, रंजीत साव, पिंटू ठाकुर, महेंद्र मिस्त्री, भुवनेश्वर मिस्त्री, लाटो साव, रामचंद्र साव, जागेश्वर साव, चमेली देवी, उमा देवी, चंचला देवी, भगीया देवी, गुड़िया देवी, तिलकी देवी सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।



### श्रीदस में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिखाया नेताजी जी की छवि

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित इस उत्सव में बच्चों ने सुभाष चंद्र बोस को स्मरण करते हुए नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके आदर्शों को साझा किय। आयोजन की शुरुआत श्रीदस स्कूल के शिक्षकों के द्वारा सुभाष चंद्र बोस की चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात बच्चों ने प्रेरक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करके उनके जीवन और आजाद हिंद फौज की देश की आजादी में दिए गए योगदान को अभिनय और स्वांद के माध्यम से नाट्य करते हुए बच्चों ने दिखाया। इस दौरान प्रधानाध्यापक रोहित सिंह बच्चों से मुखातिब होते हुए नेता जी सुभाषचंद्र बोस की गरिमय जिंदगी की व्याख्यान करते हुए बच्चों से उनके आदर्शों और साहसी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगे नेता जी की कथन खा की जिसके अंदर सनक नहीं होती, वह कभी महान नहीं बन सकता, इस कथन को बच्चों से सार्थक करने के लिए कहा।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों ने बरही में घोष दल के साथ नगर भ्रमण करते हुए नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को याद किया। नेता जी की झाँकी को विद्यालय प्रवंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अमित साहू, समिति सदस्य कुन्दन कुमारसाहू, समाज मुखिया सुरेश साहू, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय एवम् सभी आचार्य आचार्या ने नगर भ्रमण करवाया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेताओं में से एक थे, जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और अद्वितीय नेतृत्व के माध्यम से भारतीयों को स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। नेताजी ने ही आजाद हिंद फोज का नेतृत्व किया था और उनका नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने देशवासियों को और भी कई ऐसे संदेश दिए, जो आज भी हमें प्रेरित करते हैं।

## कोटक सिक्योरिटीज ने लॉन्च किया ट्रेड फ्री प्रो प्लान

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कोटक सिक्योरिटीज ने अपने कोटक निओ और कोटक स्टॉक ट्रेडर प्लेटफॉर्म पर व्यापारियों के लिए ट्रेड फ्री प्रो प्लान लॉन्च किया है। यह फीचर-पैक सब्सक्रिप्शन-आधारित प्लान 9.75 फीसदी सालाना पर पे लेटर, जिसे मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी (MTF) भी कहा जाता है, प्रदान करता है। यूजर्स 1000 से ज्यादा स्टॉक ट्रेड कर सकते हैं और अपनी क्रय शक्ति को 4 गुना तक बढ़ा सकते हैं। पे लैटर (बाद में भुगतान) सुविधा की अन्य मुख्य विशेषताओं में अनलिमिटेड होल्डिंग अवधि, पोजिशन बनाने और एमटीएफ रिसर्च अनुसंधान सिफारिशें पाने के लिए नकदी के बजाय कोलैटरल के रूप में किसी के शेयरों और ईटीएफ का उपयोग करने की क्षमता है। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ जयदीप हंसराज ने कहा, ÷हमारे ग्राहकों की जरूरतों को सुनना और पूरी करना हमारी यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण रहा है। पे लैटर सुविधा की बढ़ती मांग को समझते हुए हमें ट्रेड फ्री प्रो योजना शुरू करने के लिए प्रेरणा मिली। हम ट्रेडर्स को उनकी इच्छा के अनुसार सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, 9.75त्न सालाना की किफायती ब्याज दर पर योजना की पेशकश को लेकर उत्साहित हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पेशकश को लगातार विकसित करने के लिए समर्पित हैं कि हम भारत में निवेशकों और ट्रेडर्स के लिए पसंदीदा ब्रांड बने रहें। कोटक सिक्योरिटीज के प्रेसिडेंट और हेड - डिजिटल बिजनेस, आशीष नंदा ने कहा, ÷कोटक सिक्योरिटीज में हमारे ग्राहकों की जरूरतें हमारी पेशकश के केंद्र में हैं। ट्रेड फ्री प्रो योजना की शुरुआत इंडस्ट्री में मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा की बढ़ती लोकप्रियता पर सीधे प्रतिक्रिया देती है।

## कामधेनु पेंट्स अपने चैनल पार्टनर्स को थाईलैंड की ड्रीम ट्रिप पर ले गया




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कामधेनु समूह का एक ब्रांड और उच्च गुणवत्ता वाले पेंट और इमल्शन के अग्रणी निर्माता, कामधेनु पेंट्स ने अपने महत्वपूर्ण चैनल पार्टनरों के लिए थाईलैंड के समुद्र तटीय शहर 'हुआ हिन' के लिए एक अविस्मरणीय प्रोत्साहन पारिवारिक यात्रा का आयोजन किया। इस शानदार आयोजन ने उत्साह, विलासिता और सांस्कृतिक तल्लीनता की नई ऊंचाई का वादा किया, जिससे यह जीवन भर की यादगार यात्रा बन गई। यह कार्यक्रम उच्च प्रदर्शन करने वाले चैनल भागीदारों को सम्मानित करने और उनके परिवारों के साथ जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया था।पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन, बॉलीवुड में संगीत की दुनिया की सनसनी सोना महापात्रा और मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन आकाश गुप्ता ने बेहतरीन परफॉर्मेंस देकर मंच पर अपना जलवा बिखेरा। सुश्री सेन ने योग्य विजेताओं, चैनल पार्टनर/कर्मचारियों को सोने की चेन और अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया, जबकि महापात्रा ने अपने शानदार लाइव प्रदर्शन से मंच पर जोश भर दिया। स्टैंड अप कॉमेडियन आकाश गुप्ता के मजाकिया हास्य कला ने खुशी के रंग को और गहरा कर दी, जिससे यह उपस्थित सभी लोगों के लिए एक यादगार यात्रा बन गई।कार्यक्रम में बोलते हुए, कामधेनु कलर एंड कोटिंग्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा, ÷कामधेनु पेंट्स में, हम अपने चैनल पार्टनरन /कर्मचारियों को उनके अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित करने में विश्वास करते हैं। थाईलैंड की यह यात्रा उस सम्मान को व्यक्त करने का हमारा तरीका था। हम दिल से आभार व्यक्त करते हैं और ऐसी यादें छोड़ते हैं जो जीवन भर याद रहेंगी। हमें विश्वास है कि यह अनुभव न केवल हमारे रिश्तों को मजबूत करेगा बल्कि हमारे चैनल पार्टनर /कर्मचारियों को भविष्य में और भी अधिक ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा। हमारे चैनल भागीदारों के साथ तालमेल में हमारा लक्ष्य वित्त वर्ष 2028 तक 1000 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करना है।

## हनुमान मंदिर सिरका में भव्य भंडारा आयोजित



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कोयलांचल सिरका शनिचर बाजार के समीप हनुमान मंदिर के प्रांगण में मंगलवार अपराह्न भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर भक्तों के द्वारा लोगों के बीच पुड़ी, सब्जी व अन्य मिष्ठान प्रसाद का वितरण हुआ। मौके पर रामाशीष प्रजापति, रणधीर कुमार, रंजन कुमार आदि उपस्थित थे।

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठित पर ग्राम हेसला में शोभायात्रा निकाला गया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नगर परिषद क्षेत्र हेसला में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर हेसला पंचमुखी हनुमान मंदिर अखाड़ा से श्री राम शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा हेसला रेलवे गेट , शिव मंदिर , खान मोहल्ला होते हुए शिव मंदिर हेसला में पहुंच कर संपन्न हुआ। जिसमें पूरे गांव के सभी महिला एवं पुरुष के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।इस शोभायात्रा श्री राम की झांकी भी बनाई गई थी । जिसे देख लोगों में और भी उत्साह हुआ ।इस शोभायात्रा में मुख्य रूप से शामिल झालकु बेदिया, आकाश चौधरी , रोशन बेदिया , नरेश बेदिया , विशाल बेदिया , दीपक बेदिया, धनेश्वर बेदिया , छोटू बेदिया एवं अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा उनके नारे हमें आज भी प्रेरित करती है : सुनीता चौधरी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती के अवसर पर रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी के द्वारा रामगढ़ सुभाष चौक स्थित प्रतिमा में पुष्प अर्पित ओर माल्यार्पण कर किया गया और साथ ही विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बताए गए रास्ते पर हम सभी को चलना चाहिए तभी उनके सपने साकार होंगे उनकी बातें वो नारा



आज भी हमें याद आती है उनका एक नारा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा जिसको सुनकर अंग्रेज भी थरथर कांपते थे द्य उनको में अपना मार्ग दर्शक के रूप में मानती हूं वो हमारे प्रेरणा श्रोत है द्य मौके पर विधायक सुनीता चौधरी के साथ, केंद्र कोषाध्यक्ष विमल बुधीया, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, नगर सचिव नीरज मंडल, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, लालू शर्मा, दीपू गुप्ता, संजय कुशवाहा, गगन चौधरी, मनीष गोयल, मनोज साव, नंदू महतो, कुणाल मोदी, अमित कुशवाहा, दीपक देव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद हुए।

# रामगढ़ छावनी मैदान में मिशन साहसी कार्यक्रम का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में चल रहे मिशन साहसी कार्यक्रम का मंगलवार को छावनी फुटबॉल मैदान में समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रांची मेयर और भाजपा की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा, अभाविप प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन मिश्रा, अभाविप प्रांत छात्रा प्रमुख डॉ. पुष्कर बाला, खेलो भारत की राष्ट्रीय संयोजक पल्लवी गाड़ी, अभाविप रामगढ़ नगर अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार और नगर सह मंत्री तनवी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं अतिथियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित उन्हें श्रद्धांजलि दी।अपने संबोधन में सांसद जयंत सिन्हा ने मिशन साहसी कार्यक्रम में शामिल छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश बदल रहा है, देश




की आधी आबादी जग चुकी है और देश के विकास में अपनी भागीदारी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही है। मिशन साहसी कार्यक्रम छात्राओं में आत्म सुरक्षा को लेकर नई ऊर्जा का संचार कर रहा है। वहीं डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्राओं को सशक्त करने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। ऐसे ही एक अभियान मिशन साहसी के माध्यम से छात्राओं के मनोबल को बढ़ाया जा रहा है। आज के परिवेश में छात्राओं को असामाजिक तत्वों से सुरक्षा के लिए गुर सीखना जरूरी है।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने एक से बढ़कर एक हैरतंगेज करतब प्रस्तुत किए। अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बताया जाता है कि मिशन साहसी काग्रक्रम के तहत 17 विद्यालयों की लगभग 3000 छात्राओं ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन अंशु पांडे और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आशीष कुमार ने किया। मौके पर मुख्य रूप से कराटे प्रशिक्षक नरेन्द्र सिन्हा, शशि पांडेय, कमल नायक, रूपेश कुमार, आर्य अग्रवाल, सलोनी कुमारी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, जिला संयोजक शुभम गिरी, जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर, उमेश कुमार, सुदीप कुमार, राहुल रजक, दीक्षा कुमारी, मोंटी, तन्वी, रीना, खुशी, अमित, मधु सिंह, सुमित्रा, अभिषेक कुशवाहा, सहित कई उपस्थित थे।

## कटिया में हुआ कंबल का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** ग्राम कटिया बस्ती के पंचायत भवन में मुखिया किशोर कुमार महतो के नेतृत्व में ब्लॉक से प्राप्त 120 और पीवीयुएनएल से प्राप्त 110 कंबल गरीब असहाय एवं वृद्ध व्यक्तियों के बीच वितरण किया गया। तथा मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा कहा गया कि शीत लहरी एवं ठंड से लोग काफी परेशान है तथा इस ठंड को देखते हुए पंचायत में गरीबों के बीच लगभग 230 कंबल लोगों को दिया गया।मौके पर उप मुखिया नंदकिशोर महतो, वार्ड सदस्य रीता देवी, किरण देवी, गोपाल महतो, तेरुष देवी, संगीता देवी, रणधीर कपूर, रविंद्र कुमार, मनीष कुमार, रवि कुमार, मितरंजन कुमार, सुनील कुमार, लक्ष्मी तुरी, कलावती देवी, सुशीला देवी, यशवंती देवी, चिंतामणि देवी, सुशीला देवी, इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर सैलून पार्लर बंद रहेंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** अखिल भारतीय नाई समाज समिति पतरातु की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता गणेश ठाकुर एवं संचालन परमेश्वर ठाकुर के द्वारा किया गया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि अखिल भारतीय नाई समाज समिति पतरातु एवं कर्पूरी विचार मंच एक साथ मिलकर जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 वी जयंती समारोह मनाई जाएगी जिसकी तैयारी पुर्ण हो गई है साथ मे यह भी निर्णय लिया गया की दिनांक 24/01/2024 को सभी शैलून सभी पार्लर व्यवसाय करने वाले दुकान बंद रहेगी। मौके पर नागेश्वर ठाकुर, बसंत ठाकुर, ललन ठाकुर, आशीष ठाकुर, रामप्रसाद ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर, संजय ठाकुर, अमित ठाकुर, पारकेश्वर ठाकुर, लालमोहन ठाकुर, बसंत ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, संजय ठाकुर, मदन ठाकुर, दिलीप ठाकुर,राजेंद्र ठाकुर, बासुदेव ठाकुर, मुकेश ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, मंगरा ठाकुर प्रमोद ठाकुर इत्यादि उपस्थित थे।

## सुभाष चंद्र बोस का जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी के नेतृत्व में मांडू सचिवालय में सुभाष चंद्र बोस का जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य रूप से उपस्थित मांडू चट्टी के मुखिया अनीता देवी समाजसेवी छोटे लाल भुईयां ,मोहम्मद मिस्टर आलम, उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता, धनेश्वर साहू , बिपिन गुप्ता, निसी प्रसाद कांत गुप्ता, अर्जुन राम ,आलम अंसारी, सुरेंद्र कुमार, निरंजन महतो छोटे राम, केतन कुमार,मुंशी महतो, एमडी जावेद हुसैन, अलिफ खान सोमू कुमार, बाली कुमार,आदि लोग उपस्थित थे, सुभाष चंद्र बोस जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लोगो ने इनका विचार धारा पर चलने का संकल्प लिया वक्ताओं ने बताया कि वह अपने भाषणों और नारों से लोगों में जोश भर देते थे। उनके जन्मदिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर हम नेताजी के कुछ प्रसिद्ध विचार और नारों के बारे में बता रहे हैं।

## सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती पर माले कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भाकपा-माले पार्टी कार्यकर्ताओं ने सुभाष चंद्र बोस के 127 वीं जयंती पर मेन रोड रोड स्थित पार्टी कार्यालय से हाथों में झंडा लिए भाकपा माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया के नेतृत्व में रोड़ मार्च करते हुए भाकपा-माले जिन्दाबाद, कारपोरेट साम्प्रदायिक फासीवाद मुर्दावाद, साम्राज्यवाद हो बर्बाद, फासीवाद मुर्दावाद के नारे लगाते हुए सुभाष चौक पहुंचकर, सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया के द्वारा माल्यार्पण के साथ ही उपस्थिति माले कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस का जन्म ओडिशा के कटक में 1897 ई0में हुआ था। वह देश सेवा में अपनी पुरी जीवन समर्पित कर दिया । सुभाष चंद्र बोस ने ही नारा दिया था,तुम खून दो हम आजादी देंगे । उक्त कार्यक्रम में सरयू बेदिया, देवानंद गोप, जयनंदन गोप, लालचंद बेदिया,लाल कुमार बेदिया,लाल मोहन मुण्डा, शैलेन्द्र बेदिया, अजीत बेदिया,उमेश गोप, नन्हकू बेदिया आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर परिसर में मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गयी। इस कार्यक्रम में प्रथम कक्षा से लेकर नवम कक्षा तक के छात्र ङ्क छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। तृतीय कक्षा के छात्र अभिज्ञान सोलंकी ने नेताजी का वेश धारण कर उनके सुप्रसिद्ध कथन 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' को भाव के साथ प्रस्तुत किया। नवम कक्षा की छात्रा श्वेता कुमारी, मानसी कुमारी, मेघा कुमारी, स्वीकृति कुमारी तथा काव्या चौधरी ने नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की। छात्रों ने नेता जी के कथनों को भी उद्धृत किया तथा उन्हें नमन किया। प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी ने नेताजी के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंग का उल्लेख करके उनकी संघर्षशीलता एवं स्वतंत्रता के लिए व्याकुलता के विषय में छात्र-छात्राओं को बताया। वरिष्ठ शिक्षिका स्वप्ना चक्रवर्ती ने भी स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के योगदान की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका उषा सिंह ने किया तथा संयोजन सरोज सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता), सचिव विमल किशोर जाजू तथा प्रशासक एस पी सिन्हा ने नेता जी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि नेता जी का जीवन एवम संघर्ष 'आजाद भारत' के हर नागरिक के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक ङ्क शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण का निभाई।

## गुरु नानक पब्लिक स्कूल में फाउंडर मेंबर सरदार ज्ञानीराम सिंह जी की पुण्यतिथि तथा स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में फाउंडर मेंबर सरदार ज्ञानीराम सिंह जी की पुण्यतिथि तथा स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में आए अनमोल सिंह जी के द्वारा और डिप्टी चेयरमैन सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा जी के द्वारा ज्ञानी राम सिंह जी को पुष्पो की श्रद्धांजलि दी। अनमोल सिंह जी ने प्रार्थना सभा में ज्ञानी रामसिंह जी के अमूल्य प्रयासों के बारे बताया जिसकी वजह से आज यह विद्यालय विकास की ओर लगातार अग्रसर हो रहा है। उन्होंने विद्यालय को आगे ले जाने के लिए न जाने कितने कठिनाइयों का सामना किया और उन समस्याओं को समझते हुए भी वह आगे बढ़ते रहे जिसका परिणाम यह हुआ कि आज विद्यालय रामगढ़ के श्रेष्ठ विद्यालयों में से एक है। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने ज्ञानीराम सिंह जी को नमन किया और कहां की उनके सपने को और आगे ले जाना है जिससे यह विद्यालय और ऊंचाइयों तक जाये। आज विद्यालय मे सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन के अवसर मे भी कार्यक्रम हुए।कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थें।

## इनरव्हील क्लब ने एनीमिया जांच शिविर का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ क्षेत्र की प्रसिद्ध महिलाओं की सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब आफ रामगढ़ कैंट ने आज 23 जनवरी को संत फ्रांसिस स्कूल में एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 13 वर्ष से ऊपर के आयु की छात्राओं का निशुल्क एनीमिया जांच किया गयाद्यइनरव्हील क्लब का रामगढ़ कैंट द्वारा आयोजित एनीमिया जांच शिविर में महिला जांच चिकित्सक डॉ सौम्य जैन ने छात्राओं की जांच की। जांच में छात्राओं के बीच हीमोग्लोबिन कम पाया गया। इस मौके पर क्लब के द्वारा छात्राओं के बीच निशुल्क आयरन की दवा वितरण किया गया द्य इस मौके पर डॉक्टर सौम्या जैन ने छात्राओं को मासिक के समय स्वच्छता और युवा अवस्था के समय होने वाली समस्याओं और उनके निदान के बारे में बताया। उन्होंने इस मौके पर छात्राओं को खून की कमी के लक्षण और उससे बचने के उपाय भी बताए। इस मौके पर क्लब की अध्यक्षता मेघा बगड़िया, सचिव नीरू साहनी, कोषाध्यक्ष नमिता सराफ, पीडीसी शर्मिष्ठा दत्ता, अनुराधा सर्राफ आदि मौजूद थी।

# मां विंध्यवासिनी भगवती दुर्गा मंदिर में सुंदर काण्ड एवं शोभा यात्रा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राधा गोविन्द विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित मां विंध्यवासिनी भगवती दुर्गा मंदिर में विधिवत पूजन अर्चना,सुंदर काण्ड एवम हवन का आयोजन किया गया।सुंदर काण्ड व हवन कार्यकम आचार्य मुकेश कुमार पांडे के मुखारबिंद से सम्पन्न हुई तत्पश्चात प्रभु श्री राम,लक्ष्मण,माता सीता एवम राम भक्त हनुमान की जीवंत झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र था।यह शोभा यात्रा विश्वविद्यालय परिसर से निकलकर विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। शोभा यात्रा में विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण , शिक्षक ,एवम सैकड़ों छात्र छात्राएं ने श्री राम जय जय जय राम करते हुए बड़े उत्साह के साथ जय घोष का गूंज देखने को मिला। विश्वविद्यालय परिसर में भंडारे का आयोजन कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने जय श्री राम जय श्री राम के साथ अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या में हो रहे श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा पर तमाम विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण , शिक्षकगण एवम छात्र छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई दी और कहा की 22 जनवरी बहुत ही



ऐतिहासिक पल है । आज पूरे देश में रामलला प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। हम सभी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के गुण व आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे।कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कहा अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से देश में एक नए युग की शुरुआत हुई हैं। इस प्राण प्रतिष्ठा की यादगार युगों- युगांतर तक लोगो में बना रहेगामौके पर राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव सुश्री प्रियंका कुमारी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ.अशोक कुमार सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवम छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# अनुमंडल न्यायालय के आदेश का पालन कराने पहुंचे अंचल अधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** न्यायालय के आदेश को पालन कराए जाने को लेकर पतरातू अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे बरकाकाना ओपी प्रभारी मणि सिंह, पुअनी अफजाल अंसारी अपने दल बल के साथ अम्बाटांड़ पहुंचकर न्यायालय के आदेश को पालन कराया गया। इस संबंध में अंबाटाड़ निवासी शमीम अंसारी द्वारा बताया गया कि राजा खान बीरबल खान इनके पिता कमरू खान द्वारा आवासीय परिसर में बत्तख पालन किया जाता है। जिस कारण अम्बाटांड़ के पूरे आवासीय परिसर में गंदगी व वायु प्रदूषण हो रही थी। जिसके आलोक में रामगढ़ अनुमंडल न्यायालय में दंड प्रक्रिया संहिता धारा 133 के तहत मामला दर्ज कराया गया। जिसके आलोक में न्यायालय द्वारा जिस नाले को बांधकर तालाब के शक्ल दिया गया था। उसे तुरंत काट कर हटाने की बात कही गई थी। इसके साथ ही आवासीय परिसर में किसी भी तरह की गंदगी नहीं फैलाई जाने की बात कही गई। न्यायालय के इन्हीं आदेशों को पालन कराए जाने को लेकर अंचल अधिकारी व बरकाकाना ओपी पुलिस अपने दल बल के साथ पहुंचकर न्यायालय के आदेश को पालन कराया गया। अंचल अधिकारी की उपस्थिति में ही नाले को बांधकर तालाब बनाया गया था। उसे भी काट कर खुलवा दिया गया है।

**क्या कहते हैं अंचल अधिकारी**

पतरातू अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे द्वारा बताया गया कि रामगढ़ अनुमंडल न्यायालय के आदेशानुसार न्यायालय के आदेश को पालन कराया गया। इसके साथ ही बांधे गए नाले को खुलवाया गया है। बत्तख व्यवसाईयों को सख्त निर्देश दिया गया है। दो दिनों के अंदर इनके पास जितने भी बत्तख हैं। उसे कहीं अन्य स्थानों पर ले जाकर अपना व्यवसाय करें। दो दिनों के अंदर बत्तख व्यवसाय द्वारा आदेशों को पालन नहीं किया जाता है। तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-टी16-ब्रिजेज-50-III, दिनांक 23.01.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** मुरी-रांची अनुभाग के लोहरदगा-टोरी में छोटे पुल नं. 173, 177 एवं 187 तथा फ्लैट टॉप छोटे पुल (47 अदद) की बैरल लंबाई के विस्तार के संबंध में एसएंडटी कार्यों के साथ अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,58,60,378.46; **बयाना राशि:** रु. 2,29,300; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** 0; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 15.02.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 01.02.2024, **वेबसाइट का विवरण तथा ब्यौरा:** www.ireps.gov.in (कार्य निविदा)। (PR-1055)

## टाटा डीएवी जामाडोबा में नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी जामाडोबा में भारत माँ के लाल अमर बलिदानी नेता सुभाषचन्द्र बोस का जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लासपूर्वक छात्रों के द्वारा मनाया गया। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा, वरिष्ठ अध्यापक ए एन सिंह तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर अपने श्रद्धाभाव को अभिव्यक्त किया। तत्पश्चात् प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने छात्रों को उद्बोधित करते हुये कहा कि नेताजी केवल एक व्यक्तिमात्र नहीं अपितु साक्षात् कर्तव्य एवं त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। नेताजी ने अपना पूरा जीवन देश की स्वतन्त्रता संग्राम के लिये समर्पित कर दिया। नेताजी जैसे वीर पराक्रमी उद्भट क्रान्तिकारियों के त्याग एवं तपस्या का ही प्रतिफ़ल है कि आज हम देशवासी स्वतन्त्र तथा स्वच्छन्द जीवनयापन कर पा रहे हैं। प्राचार्य अनुजकुमार मिश्रा ने सभी को नेताजी के जीवनी से खुद के जीवनपथ को प्रकाशित करने के लिये प्रेरित किया।कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा वन्दिता ने बडे ही जोशीले अन्दाज में खूनी हस्ताक्षर कविता का पाठ किया जिसे सुन सभी रोमांचित हो उठे। सातवीं कक्षा की अनन्या ने हिन्दी में तथा अभिनव ने अंग्रेजी भाषा में नेताजी के जीवन पर आधारित ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किया। दोनों की ओजस्वितापूर्ण भाषण शैली से प्रभावित होकर सभी ने जोरदार तालियों से प्रशंसा व्यक्त की। हिन्दी शिक्षिका तृप्ति ने नेताजी के कर्तव्यपथ पर आधारित स्वरचित वीररस से भरी कविता का पाठ किया जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के अन्त छात्रों ने राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रभक्ति भाव को जागृत किया।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर एक दिवसीय रामायण मानस पाठ का हुआ आयोजन



**तोपचांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 22 जनवरी 2024 को अयोध्या राम मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर तोपचांची प्रखण्ड के कोटालडीह ग्राम के ग्रामिणों के द्वारा एक दिवसीय एकाह रामायण मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर विद्वान आचार्य पंडित एवं विश्व मानस प्रचारक निलेश उपाध्याय के नेतृत्व में आचार्य पंडित विनोद उपाध्याय, पंडित बद्री उपाध्याय, पंडित कन्हाई उपाध्याय ने बैदिक रीति-रिवाज शंखध्वनि से मंगलाचरण स्वस्तीवाचन करते हुए भगवान शिव का पूजा अर्चना कर भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा किया।पहले सैकड़ों की संख्या में नगर भ्रमण किया गया। तथा सभी मंदिरों जाकर पूजा अर्चना की गई। कोटालडीह शिव मंदिर में रामायण पाठ शुरू किया। इस अवसर पर गांव के बुजूर्ग सहित अबाल बृद्ध बनिता सभी शामिल हुए।

## नेताजी की जयंती पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नेताजी स्पोर्टिंग क्लब एवं वोलेंटियर ब्लड डोनर एसोसिएशन ने भूली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी। इस अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया। जिसमें 40 यूनिट ब्लड संग्रह हुआ। इस जयंती समारोह में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो मुख्य अतिथि, समाजसेवी सह अध्यक्ष युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) दिलीप सिंह, इसराफिल लाला विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। आयोजकों की ओर से सभी आगंतुक अतिथियों को सम्मानित किया गया। ढूलू महतो ने जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए नेता जी की जीविनी पर विस्तार से प्रकाश डाला।साथ ही इस अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाये जाने की सरहाना की। इस जयंती समारोह पर ब्लड कैंप आयोजित करने के लिए दिलीप सिंह ने आयोजकों की खूब प्रशंसा की।उन्होंने कहा ब्लड कही से भी निर्माण नही किया जाता है, यह डोनेट से ही प्राप्त होती है। किसी जरूरतमंद की मौत ब्लड के आभाव में न हो इसके लिए समय समय पर कैंप लगाना आवश्यक है।

## जोगता नागरिक समिति के द्वारा नेताजी की जयंती मनाई गई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोगता नागरिक समिति आवसीय कार्यालय में जोगता नागरिक समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा तथा सदस्यों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई जिसमें माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से अनुज कुमार सिन्हा, मुकेश गुप्ता, मंगल चौहान, निर्मल कुमार निषाद, हसीब खान, असगर मियां, मन्नु महतो, महेश, टोपा चौहान आदि लोग उपस्थित थे।



## घायल आरएसएस कार्यकर्ता से मिले गिरिडीह एसपी व भाजपा नेता

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा समेत कई भाजपा नेता मंगलवार को सदर अस्पताल पहुंचे और मारपीट में घायल आरएसएस के प्रचारक का हाल-चाल लिया। वही बताया गया कि सोमवार को बरगंडा से बड़ा चौक जाने के दौरान आजाद नगर में कुछ सामाजिक तत्वों ने इसके साथ मारपीट की थी। जिसमें यह घायल हो गया था।जिसके बाद सदर अस्पताल में इसका इलाज चल रहा है। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सभी को सकारात्मक आश्वासन दिया और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की बात कही।मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, भाजपा नेता सुरेश साव ,दिलीप वर्मा , संदीप देंगच्य समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



### राहुल गांधी के धनबाद आगमन को लेकर कांग्रेसियों ने की सभा

# राहुल गांधी की न्याय यात्रा धनबाद में ऐतिहासिक होगा : जलेश्वर महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** कतरास श्यामडीह में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की एक सभा हुई। जिसमें राहुल गांधी के धनबाद आगमन की तैयारी पर चर्चा की गई। पूर्व विधायक जलेश्वर महतो ने कहा कि राहुल गांधी के न्याय यात्रा धनबाद में ऐतिहासिक होगा। न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को तन मन धन से जुट जाने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सड़क के दोनों ओर बैनर पोस्टर से पाट देना है। कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा अपना अपना बैनर पोस्टर लगाये।

यह न्याय यात्रा कार्यकर्ताओं में एक नया ऊर्जा देगी देश को नया दिशा देने वाला है। असम की घटना पर चर्चा करते हुए भाजपा सरकार की निंदा की। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे जिले में लगातार कार्यक्रम कर रही है। राहुल गांधी का धनबाद में विश्राम होगा। धनबाद के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के लिए राहुल गांधी का आना बहुत बड़ी बात है। उनके आगमन पर ऐसा तैयारी करें कि लोग वर्षो तक याद रखें। असम में राहुल गांधी को मंदिर में जाने से रोके जाने की निंदा की। असम की सरकार ने अमानवीय कार्य किया है। मौके पर लगनदेव यादव, जावेद रजा, बलराम महतो, प्रदीप पांडेय, अशोक लाल, जियाउल हक, रविंद्र पांडेय, शौकत खान, विकास सिंह, विनोद शर्मा, राजाराम यादव, योगेंद्र रजक, रोबिन पाल, मो समद, राम रतन मंडल, इंदल यादव, मो करीम अंसारी, बबलू पांडेय, मो कमरुद्दीन, मो आलम, रणधीर सिंह, अजय पासवान, दुर्गा रवानी, मो इसराइल अंसारी, मो सरफुद्दीन, मो प्रिंस, लल्लू लाला, शिवेश सिन्हा, शंकर महतो, वुचून सिंह, अनिता देवी, अनिल चन्द्र यादव, जोगिंदर महतो, विशाल महतो, पोरेश चौबे नगर अध्यक्ष रंजीत पांडेय उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता राजेश राम ने की जबकि संचालन राहुल महतो ने किया।




## महुदा : युवक का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना क्षेत्र के महुदा मोड़ के दास टोला आंबेडकर नगर के पीछे खेत में एक 40 वर्षीय युवक की शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है । वही कुछ दूरी पर सड़क किनारे एक मोटर साइकिल संख्या जे एच 9 ए डब्लू/ 9960 खड़ा मिला। मोटर साइकिल के नंबर से पता चला की उक्त गाड़ी मोहन नापित पिता, दुर्गाचरण नापित गांव, मोदीडीह ,पोस्ट रामनगरगड़ थाना महुदा के नाम से गाड़ी का रजिस्ट्रेशन हुआ है। शव की पहचान मोहन नापित के रूप में किया है। बताया जाता हैं की जिस स्थान पर शव मिला है वहा पर डिपोजल गिलास, पानी का बोतल , भुजाली का खोलिया मिला है।हत्यारों ने शव के चेहरा को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। संभावना जताया जा रहा हैं की आपसी रंजिश के कारण किसी ने हत्या किया है। महुदा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया है। और पुलिस जांच में जुट गई है।

### मायुमो ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

## नेताजी के सपनों का भारत चाहिए : पवन महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने नया बाजार, भूली मोड़ के पास नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदम कद प्रतिमा में माल्यार्पण कर 127 वीं जयंती मनायी। इस अवसर पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा की भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में नेताजी की भूमिका अतुलनीय रही है। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। विचारधारा से भी आजादी के बाद एक समाजवादी व्यवस्था के पक्षधर थे। साथ ही अंग्रेजो की गुलामी से मुक्ति की लड़ाई सम्मानजनक क्रांतिकारी रास्तों से पाना चाहते थे।

देश में समानता का अधिकार नेताजी के रास्ते पर चलकर ही पाया जा सकता है। इसलिए आज नेताजी के सपनो का भारत बनाने की संकल्प लेने की जरूरत है। नेताजी को उचित सम्मान और राष्ट्रीय निधि के रूप में आम जनता स्वीकार करती है। जनता के दिलों में उनके प्रति राष्ट्र प्रेम की लहरें हमेशा लहराती रहती है। युवाओं को उनके बताए रास्ते पर चलने हेतु हर कुर्बानी के लिए हमेशा तत्पर रहना होगा। माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से मायुमो जिला सचिव राणा चतराज, जिला उपाध्यक्ष सुरजीत चंद्रा, अशोक पासवान, सुरेश साव आदि थे।

## महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों की लंबित समस्याओं का किया निराकरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल रेलकर्मियों की समस्याओं के निराकरण के लिए व्यक्तिगत रूप से रूचि ले रहे हैं। इस क्रम में आज मुख्यालय, हाजीपुर में महाप्रबंधक ने कुछ रेलकर्मी/उनके आश्रित से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए । महाप्रबंधक ने विस्तारपूर्वक उनकी समयाओं को सुना तथा संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि रेल से जुड़े स्टेक होल्डर की समस्याओं के निष्पादन के उद्देष्य से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में रजिस्टर्ड करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं। महाप्रबंधक के इस पहल से रेलकर्मियों में काफी हर्ष है । कर्मचारी कल्याण के प्रति महाप्रबंधक की यह पहल रेलकर्मियों को और अधिक निष्ठा के साथ कार्य निष्पादन हेतु प्रेरक का काम करेगा ।

## हम तुम्हे खून देंगें, तुम हमें प्रदूषण से आजादी दो के नारे के साथ हुआ रक्तदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** यूथ कॉन्सेप्ट तत्वावधान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर मंगलवार को झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के खिलाफ रक्तदान कर प्रदूषण से आजादी की माँग की गई। सदस्यों ने रक्तदान करते हुए प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प भी लिया। सभी लोगों ने हम तुम्हे खून देंगें, तुम हमें प्रदूषण से आजादी दो के नारे लगाए। यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कहा था तुम मुझे खून दो मैं तुझे आजादी दूंगा। आज के परिपेक्ष्य में कहना है कि हम तुम्हे खून देंगें, तुम हमें प्रदूषण से आजादी दो। उन्होने कहा कि नेताजी के पदचिन्हों पर चल कर बीसीसीएल द्वारा मानक के विरुद्ध कोयला खनन के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। वहीं ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि प्रदूषण के खिलाफ आंदोलन को धार देने के लिए सभी संगठनों को एक मंच पर आना जरूरी है। इसके लिए आगामी 28 जनवरी को झरिया में एक बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें आगे के आंदोलन में 24 घंटे का उपवास धरना की तिथि सुनिश्चित की जाएगी। डॉ मनोज ने कहा कि कोयलांचल के सभी संगठन जो पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं 28 जनवरी के बैठक में शामिल हों। कार्यक्रम में डॉ मनोज सिंह, अख़लाक़ अहमद, डॉ एस हैदर, मो महताब, राजीव राय, चितरंजन पासवान, रिजवान अंसारी, सुमित घोस, शमशाद आलम आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## एनएसयूआई ने रक्तदान कर मनाई नेताजी की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** तेतुलमारी स्थित सुभाष चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के प्रतिमा पर माला अर्पण कर एवं रक्तदान कर एनएसयूआई ने सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई। मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणविजय सिंह एव जेएमएम के वरिष्ठ नेता रतीलाल तथा मनोज रवानी मौजूद थे। कार्यक्रम में रक्त शिविर लगाया गया जहा बारी बारी से सभी ने रक्तदान कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद किया। मौके पर उपस्थित जिला सचिव आकाश कुमार प्रमाणिक, जिला मीडिया प्रभारी रवि शर्मा, कतरास नगर अध्यक्ष साहिल अली, कतरास कॉलेज महासचिव अमन अंसारी, सागर कुमार, मो अफरोज, मो अमन, प्रकाश कुमार, सरोज कुमार, सन्नी कुमार मोजुद थे।

## स्वामीनारायण मंदिर में तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अयोध्या धाम में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर धनबाद के स्वामीनारायण मंदिर में तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें 20 जनवरी को घनश्याम महिला मंडल की सदस्यों ने सामूहिक सुंदरकांड, 21 जनवरी को रामलीला व श्री राम झांकी व 22 जनवरी को हनुमान चालीसा पाठ, भगवान स्वामीनारायण को अन्नकूट भोग एवं शाक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्चना रावल, विजयाबेन पटेल, दमुबेन चावड़ा, हीना चावड़ा, लेखाबेन चौहान, दक्षाबेन चौहान, मीनाबेन चावड़ा, जयश्री चौहान, नयना परमार, प्रवीण चौहान, नौतम चौहान सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सेमिनार व रैली का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले में नेहरू युवा केन्द्र ज़िला कार्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सेमिनार व रैली का आयोजन किया गया। वही रैली में जिला प्रशासन द्वारा पंपलेट एवं किताब लोगो के बीच वितरण किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि ज़िला सड़क सुरक्षा मैनेजर मो वाजिद हसन, डीटीओ स्टाफ प्रधान मरांडी उपस्थित हुए। साथ ही सबसे पहले सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर मालार्पण कर जयंती मनाया गया। इधर मुख्य वक्ता सड़क सुरक्षा मैनेजर मो वाजिद हसन ने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह एक राष्ट्व्यापी अभियान है। यह दुर्घटना ओर उससे होने वाली मृत्यु की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है।साथ ही यह जिम्मेदारी तरीके से वाहन चलाने, पैदल यात्री सुरक्षा और बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे की अनिवार्यता के महत्व को समझने में मदद करता है। मौके पर नहेरु युवा केन्द्र लेखापाल नैयर परवेज ने बताया कि गिरिडीह ज़िले से सभी प्रखंडो के युवाओं ने भाग लिया। साथ ही उपस्थित 25 युवाओं को टीशर्ट एवं टोपी दिया गया। वही यह कार्यक्रम युवाओं के द्वारा सभी प्रखण्डों में जाकर युवा क्लब के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाएगी।

## भाजपाइयों ने मनाया नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह ज़िले में भाजपा नेता सुरेश साव एंव भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर गिरिडीह के सुभाष चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वही भाजपा नेता सुरेश सुरेश साव ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने कहा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा उन्होंने आजाद हिंद फौज बनाकर देश की आजादी के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया। सुरेश साव जी ने कहा भारत देश के प्रेरणा स्रोत नेता जी सुभाष चन्द्र बोस हर हिन्दुस्तानी के दिलों में बसते हैं, नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी सबसे प्रभावी नेता थे जिन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की इस फ़ौज ने अंग्रेजों के दाँत खट्टे कर दिए।, युवाओं के लिए प्रेरणा दायक हैं। मौके पर उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, सुभाषचंद्र सिन्हा, अमर सिन्हा, अनिल वर्मा, सिंकु सिन्हा श्याबल घोष, साहु ठाकुर, ज्योतिष शर्मा, दयाल कुमार उपस्थित थे।

## सरिया में धूमधाम से मनाई गई नेता जी की जयंती






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया बागोडीह मोड़ मे मंगलवार को नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की 127 वी जयंती मनाई गई इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से गांडेय के पूर्व विधायक जय प्रकाश बर्मा,सत्यदेव प्रसाद, सचिन्द्र सिह,भोला मंडल उपस्थित थे ।कार्यक्रम की शुरुआत नेता जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व माल्यर्पण कर किया गया ।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नेता जी की जीवनी हर लोगो के लिये परेरणा दायक है उन्होंने देश की स्वतंत्रता मे अहम भागीदारी निभाई है तुम मुझे खून दो मै तुम्हें आजादी दूँगा का नारा युवाओं में खास कर आजादी के समय अहम रहा आज हम सबो को उनके विचारों पर अमल करने की आवश्यकता है उनके नामकरण पर इस चौक का नाम नेताजी चौक है ।वही दूसरी ओर भाकपा माले के प्रखंड सचिव भोला मंडल ने कहा कि आज हम सब नेता जी को इस समय मे याद कर रहे है जब देश के संविधान पर हमला हो रहा है युवाओं को रोजगार नही मिल पा रहा है संविधान के विपरीत कार्य हो रहा है ।

## घटिया सड़क निर्माण का भाकपा माले ने किया विरोध



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुधिटांड़ मोड़ से गमतरीया होकर तेलोनारी तक बन रही सड़क का निर्माण बेहद ही घटिया तरीके से किया जा रहा है। इस सड़क निर्माण के क्रम में गमतरिया में पीसीसी की ढलाई में घोर अनियमितता बरती जा रही है। प्रशासन इसकी जांच कर बेहतर सड़क निर्माण सुनिश्चित कराए। उसके बातें भूतपूर्व स्थानीय जिप सदस्य सह माले नेता राजेश यादव ने आज सुबह सूचना मिलने पर ग्रामीणों के साथ घटिया सड़क निर्माण का मुआयना करने के बाद कही। कहा कि, अभी तक जितनी भी पीसीसी सड़क की ढलाई की गई है, उसे एक नजर देखने भर से निर्माण में अनियमितता का पता चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया है कि, सड़क निर्माण में उपयोग किए जा रहे चिप्स और सीमेंट सहित अन्य सामग्री का भी अनुपात और क्वालिटी दोनों ही खराब है।

# जिला कांग्रेस कमिटी का बूथ लेवल कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटाँगर प्रखण्ड अन्तर्गत रेंगारिह क्षेत्र के पहाड़ी बैठक कोनपाला वन क्षेत्र में विधायक कोलीबिरा की उपस्थिति में बूथ लेवल कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कोनपाला पंचायत के पंचायत अध्यक्ष अतुल बरला ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज हमारा देश और प्रदेश बहुत ही संकट से गुजर रहा है।आज देश के आम जनमानस को दिग्भ्रमित करके देश में तोड़ो फोड़ो और राज करो की नीति अपना रही है।कभी जात पात के नाम पर,कभी धर्म के नाम पर,कभी सरना और ईसाई के नाम पर लोगों को बांटा जा रहा है।ये सारा खेल भाजपा सिर्फ सत्ता पाने के लिए किया जा रहा है।आपको बताना चाहता हूं कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की सरकार एवं भाजपा के



जितने भी कथित संस्था है उन सभी का बोल की झारखण्ड में डीलिस्टिंग करते हुए वैसे आदिवासी जो ईसाई धर्म को अपना लिया वैसे आदिवासी समुदाय को आदिवासी सूचि से हटा दिया जाए।ये भाजपा का सोच हम आदिवासियों के लिए बहुत ही दुर्भावना पूर्ण है,भाजपा चाहती है कि झारखण्ड में जो खनिज सम्पदा उसपर कब्जा किया जाए। ईसाई समुदाय एवं मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय को हर प्रकार से उपेक्षित और बंचित कर इस देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाए। इसलिए हम सभी साथियों से कहना चाहूंगा कि भाजपा के नापाक इरादों को समाप्त करना है तो हमें एक जूट होकर अपने वोट का उपयोग करना है। जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम ने कहा कि आज हमें कांग्रेस के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है।आज हमारे गठबंधन की सरकार झारखण्ड के गरीबों के लिए एक से बढ़कर एक नीति लागू किया है।आज राहुल गांधी इस देश के आम नागरिक का भलाई, उत्थान और न्याय मिले उसी के लिए न्याय यात्रा शुरू किए हैं।आज हमारी महिलाओं को सम्मान सही ढ़ंग से नहीं मिल रहा है, कहा तो जरूर जा रहा है कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ किन्तु ठीक इसके बिपरित भाजपा कार्य कर रही है। हमें एक जूट होकर देश में कांग्रेस की सरकार को स्थापित करने की आवश्यकता है। अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हमारा संबैधानिक अधिकार है नौकरी का उसे खत्म करने का मंसूबा बना कर निजीकरण देश में कर रहा है। जबकि संबिधान में प्रावधान है कि दलित, आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण को समाप्त कर रहा है। क्योंकि निजीकरण में कम्पनी अपने हिसाब से युवक और युवतियों को नौकरी देने का कार्य करेंगे और कर रहे हैं। इसलिए इस पर हमें एक जूटता बनाने की है। कार्यकर्ताओं को प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू,नोमिता बा, फ्रांसिस बिलुंग, बिपिन पंकज मिंज ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज,पीटर लकड़ा, प्रखंड प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर अहमद, टीटांगर प्रखण्ड अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद वाहिद, रेने टेटे, जमीर हसन, सचिन हेरेंज, मुखिया सुशीला लकड़ा, शशि मिंज, रंजीत एक्का, सभी पंचायत के बूथ लेवल पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भव्य भंडारे के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम भट्टखिजरी में तीन दिवसीय श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 21 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ अनुष्ठान प्रारंभ किया गया वहीं 22 जनवरी दिन सोमवार को महंत श्री अनिल पाठक, श्री अमित तिवारी तथा महाराज श्री गणेश पांडे द्वारा श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा विधिवत रूप से पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम कर मंदिर में प्रतिमा स्थापित की गई। जिसके पश्चात रात्रि में हर घर दीपउत्सव का भी कार्यक्रम किया गया। वही 23 जनवरी को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भंडारे में शामिल हुए तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस तीन दिवसीय अनुष्ठान के कार्यक्रम के दौरान पूरे मंदिर परिसर को विद्युत लाइट एवं ध्वज के साथ सजाया गया वहीं बेदी पूजा



महाआरती के भी विशेष प्रबंध किए गए थे। इस आयोजन के मौके पर सूरज कुमार दसौधीं, रमेश चंद्र कुंवर, जगरनाथ साहू, रामनंदन साहु, जितेन्द्र साहु, नरेश साहु, अखिलेश दसौधीं, नन्दलाल साहु, चंदन साहु, रोहित साहु, किशोर साहू, अनतेश राउत, राजेश साहु, भरत उरांव, सतेन्द्र साहु, दशरथ लोहरा, तरूण साहु, कृष्णा साहु, मुकेश साहु, मुखलाल साहु, बंधन लोहरा, विक्की महली, मिथलेश साहु, विकास साहु के साथ आस पास के अन्य ग्राम जैसे रामपुर, मुंदो, बाघा, भक्सों, अरकोसा, खखपरता, बेजवाली, तिगरा से भारी संख्या में भक्तजनो ने भाग लिए थे।

## दृढ़ इच्छा शक्ति और कृतसंकल्पित के धनी व्यक्ति थे सुभाषचंद्र बोस : प्रधानाचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य एवं आचार्य आचार्या द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर पररम्भ किया गया। वही प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने सुभाषचंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस दृढ़ इच्छाशक्ति और कृतसंकल्पित व्यक्ति थे। भारतीय स्वतंत्रता की लड़ाई में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान था। देश आजदी के लिये उन्हेंने आम जनता से तुम मुझे खून दो मैं तुझे आजादी दूंगा का नारा देते हुए सहयोग का आह्वान किया था।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नेताजी की 127 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 23 जनवरी मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्रीमान देवा उरांव जी के द्वारा दीप प्रज्वलन एवम पुष्पार्चन करके की। नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए देवा उरांव ने कहा कि, नेताजी भारत माता के वीर सपूत थें। आजाद हिन्द फौज कि स्थापना करके अंग्रेजो से लोहा लिया, उन्होंने भारतीय जनमानस के लिए तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का



नारा बुलंद किया और स्वतन्त्रता आंदोलन में नई जान फूँक दी। कार्यक्रम को बढ़ाते हुए वरिष्ठ आचार्या रीता दीदी जी के साथ बहन हिमानी के द्वारा भी नेताजी के जीवनी के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। जयंती प्रमुख शांति दीदी जी ने बताया कि,सुभाष चंद्र बोस पर स्वामी विवेकानंद के विचारों का गहरा प्रभाव पड़ा। नेता जी ने घर त्याग दिया। सुभाष की इच्छा थी की वो देश सेवा करके और अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करके स्वंत्रता प्राप्त किया जाये। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान प्रमोद कुमार के साथ सभी आचार्य वृंद उपस्थित थें।

# उपायुक्त ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128 वीं जयंती पर आज जिला के पावरगंज चौक पर अवस्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां, उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला भू अर्जन पदाधिकारी जयज्योति सामंता, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, सिविल सर्जन व जिले के अन्य सभी पदाधिकारियों जिला शिक्षा अधीक्षक/ पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, खेल पदाधिकारी, नगर प्रशासक, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, कल्याण



पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता सहित अन्यद्वारा माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करउन्हें नमन की गई।

# डीएवी विद्यालय में स्वतंत्रता सेनानी नेताजी की जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में धर्म शिक्षक के मेहेर द्वारा स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता सेनानियों के उपकारों को शब्दों में वर्णित कर पाना असंभव है। वे स्वतंत्रता आंदोलन के मजबूत स्तंभ हैं। उन्होंने लोगों को उनके अधिकारों और उनकी शक्ति के बारे में जागरूक किया। यह सब स्वतंत्रता सेनानियों के कारण ही है कि हम किसी भी प्रकार के उपनिवेशवाद या अन्याय से मुक्त एक स्वतंत्र देश में समृद्ध हो रहे हैं। विद्यालय में पराक्रम दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्जन कर किया गया। शिक्षक रुचिर मृगेंद्र ने मंच संचालन किया। कक्षा नौवीं की छात्रा तृषा मोहन केसरी तथा शिक्षिका पल्लवी कुमारी ने प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया। माननीय प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को नेताजी का संक्षिप्त जीवन परिचय व उनकी उपलब्धियों से परिचित करवाते हुए स्वतंत्रता सेनानियों का हमारे अतीत व वर्तमान पर प्रभाव तथा उनके जीवन से मिलने वाली प्रेरणा को समझाया और कहा कि संघर्ष ही जीवन है यदि जीवन में सुलक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए संघर्ष न किया जाए तो जीवन नीरस व व्यर्थ है।

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे सुभाष चंद्र बोस : नीरु शांति भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर पावरगंज सुभाष चौक स्थित सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्म पत्नी श्रीमती नीरू शांति भगत जी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता संग्राम के एक अग्रणी नेता थे। आज उनकी जयंती पर हम लोग उनको नमन करते हैं और इन स्वतंत्रता सेनानियों की सोच को आगे बढ़ाते हुए



उनके दिखाएं रास्ते पर चलकर हम सभी देश सेवा का कार्य करें। इस मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय पूर्व महासचिव कवलजीत सिंह, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, नगर उपाध्यक्ष आयुष गोयल नगर प्रधान सचिव सूर्य सिन्हा, छात्र संघ अध्यक्ष आयुष मेहता, छात्र संघ सचिव आकाश मेहता, महाविद्यालय प्रभारी आशीष साहू, छात्र संघ मीडिया प्रभारी सोनू राज, रितिक कुमार, अनिकेत कुमार उपाध्याय, अवितांसु केशरी, राज कुमार साहू, बिट्टू गुप्ता, विजय कुमार सहित अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

# नेता जी की शिक्षाओं को अविराम में याद किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस पर सचिव अविराम ने दीपप्रज्वलन कर उनकी शिक्षाओ को याद करते हुए कहा कि नेता जी ने जिस दूरदर्शिता का परिचय दिया और आजाद हिंद सेना का गठन किया वह असंभव सा कार्य था जो उनके जैसे असाधारण व्यतित्व द्वारा ही संभव बन सका। उन्होंने तुम मुझे खून दो और अन्याय को सहना उससे बड़ा अन्याय है आदि नारे दिए जो आज



भी ऊर्जा भर देते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, जंगबहादुर, रेणुका, ममता, कुंदन, पंकज, आफताब, अजॉय, शिव, शशि, आदि समेत सभी प्रशिक्षुओं ने पुष्प अर्पित किए।

# भाजपाइयों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती के अवसर पर पावरगंज चौक स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने इस मौके पर कहा की नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक में हुआ था। उन्होंने आरंभिक वर्षों में कई राष्ट्रवादी जागृतियों का अनुभव किया, इसलिए नेताजी हमेशा देशभक्त रहे। वर्ष 2021 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 124 में जन्मदिन के अवसर पर पूरे भारतवर्ष में पराक्रम दिवस के रूप में



मनाने का निर्णय लिया, नई दिल्ली स्थित इंडिया गेट के समक्ष जॉर्ज पंचम की मूर्ति के स्थान पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाई गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा में माल्यार्पण करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, राजकिशोर महतो, नीरज नलिन, देवाशीष कर, अनिल पांडे, अमरेश भारती, राजकुमार वर्मा, कलावती देवी, जगनंदन पौराणिक, अनिल उरांव, भारती सिन्हा, दिलीप पटनायक, नंदलाल महतो, मंगल यादव, बृजनंदन यादव, अनूप वर्मा, दीपक कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम प्राचार्य एस के झा एवं सभी शिक्षकों ने नेताजी के चित्र पर पुष्पार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य एस के झा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस सच्चे अर्थों में मां भारती के अमर सपूत थे जो हमेशा के लिए हम भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। उन्होंने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर भारत के नौजवानों में जोश भरने का काम किया जिसके परिणाम स्वरूप देश को आजादी मिली। एस के झा ने कहा कि हमें उनके आदर्शों पर चलकर अपने अंदर देशभक्ति की जज्बा लाने की जरूरत है तभी देश सुरक्षित और संरक्षित रह सकेगा। मंच संचालन कार्यक्रम प्रमुख अनिल एक्का ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# फ्रेंडशिप क्लब किस्को क्रिकेट प्रतियोगिता का किया गया भव्य शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को फ्रेंडशिप क्लब किस्को के द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भव्य रूप से मिडिल स्कूल किसको के मैदान में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन फ्रेंडशिप कल्ब किस्को के अध्यक्ष असलम अंसारी एवं विशिष्ट अतिथि किस्को थाना के सब इंस्पेक्टर अनंत मरांडी, एस आई अविनाश कुमार एवं अतिथियों के द्वारा राष्ट्रगान के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। पहला मैच यंग वॉरियर्स बनाम मोहसिन 11 के बीच खेला गया जिसमें यंग वॉरियर्स ने 7 विकेट जीत अगला चक्र में प्रवेश किए इस मैच के मैन ऑफ द मैच मजीद अंसारी हुए।



इसी प्रकार लगातार मैच खेले गए जिसमे ईश्वर इंटरप्राइजेज ने अपना मैच जीत के अगला चक्र में प्रवेश किए। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी के सचिव रौनक इकबाल, युवा कांग्रेस आउटरीच शेल के प्रदेश सचिव कैश आलम, जिला अध्यक्ष सैफ अहमद, टूर्नामेंट के संरक्षक रामपाल उरांव, सद्दाम हुसैन, भूषण राज, सिद्धु कान्हु कल्ब के अध्यक्ष मनौवर आलम, सौरभ सहदेव, राहुल साहू, आफताब, अंसारी, दिलनवाज अंसारी, फैज अहमद, जेयौद्दीन अंसारी, आदि कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

# जिला सिमडेगा में सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला परिवहन पदाधिकारी, सिमडेगा के निर्देश पर सिमडेगा शहर थाना स्थित विभिन्न स्थलों पर सड़क पर परिचालन करने वाले सभी दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों एवं उनके सहयात्रियों को *÷ रोड एट रोज* जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूक किया गया और बताया गया कि यातायात नियम अपनाना कितना जरूरी है जो आपके जीवन से संबंधित है आप दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करें ड्राइवर एवं सहयात्री दोनों को साथ ही चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें। सीट बेल्ट का उपयोग करने से आपके वाहन में अंदरूनी



जो भी इलेक्ट्रॉनिक सामान लगे होते है जो सड़क दुर्घटना होने पर सीट बेल्ट लगे होने से काम करते हैं और गाड़ी में लगे एयरबैग खुलने में मदद भी करते हैं अगर चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट (चालक एवं सह यात्री) दोनो का न लगे होने पर यह इलेक्ट्रॉनिक समान वाहन में कार्य नहीं करेंगे इसलिए सीट बेल्ट लगाना अति आवश्यक है इसी सभी जरुरी जानकारी देने के उद्देश्य से इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिले ए सभी आमजनों एवं शहर के नागरिकों को सड़क सुरक्षा के तहत बताया जा रहा है। मौके पर ट्रैफिक सार्जेंट रवि शंकर सिंह, पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार एवं रोड सेफ्टी टीम उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय के विकास में प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का अहम योगदान : सच्चिदानंद

# विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद, महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, सेंहा के प्रधानाचार्य विमलेश तिवारी, कुडू की प्रधानाचार्य पिंकी इंदवार, कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार एवं



बड़की चांपी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी के द्वारा सामूहिक रूप से सरस्वती माता, ओम और भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का सम्मान पुष्प गुच्छ और उपहार भेंट कर किया गया। विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने कहा कि सफल होने के लिए टीम भाव के साथ काम करना और टीम का नेतृत्व करना बहुत जरूरी है, और यह गुण प्राचार्य उत्तम मुखर्जी में पूरी तरह है। प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय को छोटे से स्तर से ऊपर उठाने में प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का अहम योगदान है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि प्राचार्य उत्तम मुखर्जी की कार्य कुशलता के कारण आज विद्यालय की स्थिति बहुत अच्छी है और पर्यावरण के क्षेत्र में भी इन्होंने अपना सराहनीय योगदान दिया है। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि सभी के सहयोग से ही महाविद्यालय विकास की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा शर्मा ने किया। अतिथि परिचय, स्वागत और अनुभव कथन प्रीति कुमारी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य उत्तम मुखर्जी का स्थानांतरण धनबाद के भूली नगर सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में हुआ है और सिनीडीह धनबाद से स्थानांतरित होकर प्राचार्य सुनील कुमार सिंह महाविद्यालय लोहरदगा आ रहे हैं। साथ ही सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। चेतना प्रिया ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ऐसे नेता थे जिन्होंने पूरे भारतीयों के मन में स्वराज की भावना पैदा की। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# आशीष सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ झापा में शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा ठाकुर टोली स्थित पूर्व मंत्री एक्का के आवास में मंगलवार की सुबह भारतीय जनता पार्टी के जन विरोधी नीतियों से त्रस्त होकर भाजपा युवा नगर पूर्व अध्यक्ष आशीष सिंह अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ झारखंड पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का, युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का, कार्यकारी अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, विष्णु दयाल शर्मा, ओलिवर लकड़ा, मुखिया शिशिर टोप्पो, अभय विश्वकर्मा आदि ने सभी को पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर पार्टी में शामिल किया है। मौके पर युवाओं ने कहा कि झापा ही सभी लोगों को सम्मान देती है और क्षेत्र का विकास कर सकती है इस लिए हम सभी पार्टी में शामिल हो रहे है। भाजपा का नीति सिद्धांत जनविरोधी हो चुकी है



कार्यकताओं को उचित मान सम्मान नही मिलती है और अब जनता भाजपा से त्रस्त आ चुकी है। और आने वाली चुनाव में भाजपा की हार होगी एवं झापा प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेगी।मौके पर पूर्व मंत्री ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा-झारखंड पार्टी पूरे जोश के साथ लगातार क्षेत्र में काम कर रही है और इसी से प्रभावित होकर लोग दूसरे पार्टी को छोड़कर झारखंड पार्टी में शामिल हो रहे हैं उन्होंने शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि कार्यकर्ता के बल पर झारखंड पार्टी आगे बढ़ रही है और कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देना पहली प्राथमिकता मानती है। आज कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के द्वारा इस क्षेत्र में सिर्फ शोषण करने का काम किया जा रहा है जिससे कि यहां की जनता पूरी तरह से त्रस्त हो गई है यहां तक की पार्टी की कार्यकर्ताओं को मान सम्मान नहीं मिलता है लेकिन झारखंड पार्टी सभी लोगों को आगे लेकर जात-पात धर्म से उठकर राजनीति करते हुए लोगों का सेवा कर रही है। इस मौके पर सैकड़ो की संख्याओं में भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर झारखंड पार्टी में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## चलते चलते एक नजर

### भाजयुमो द्वारा मनाई गई आजादी के महानायक की जयंती



गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता): भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में आजादी के महानायक स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने सुभाष चन्द्र बोस के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक में हुआ था। वे बचपन से ही राष्ट्र रक्षा का संकल्प ले चुके थे। वे युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। जिस तरह से गुलाम भारत को आजाद कराने के लिए सुभाष चन्द्र बोस ने अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस घटनाक्रम से युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिन्द फौज का गठन कर जय हिन्द का नारा दिया तथा युवाओं से आह्वान किया कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आजादी के महानायक थे। देश को आजाद कराने के लिए स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उन्होंने देश भर में युवाओं के बिच अभियान चलाकर आजाद हिन्द फौज से जोड़ने का काम किया था। भारत को आजाद कराने के लिए सुभाष चन्द्र बोस ने कई देशों से संबंध स्थापित कर भारत को आजाद कराया। मौके पर भाजपा नेता बृजेन्द्र पाठक, अनवर साह, राम उनय तिवारी, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, बिपीन तिवारी, जिला कार्यसमिति सदस्य कंचन रवि, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, महामंत्री अनीत तिवारी, धनंजय विश्वकर्मा, राजु रंजन सिंह, प्रमोद जायसवाल, रितेश पासवान, राम कुमार उपाध्याय, धर्मेंद्र कुमार, रौशन कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक समिति ने नेता जी सुभाष बोस जयंती मनाई

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक समिति के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती त्रिकोण हवन कुंड सुभाष चौक में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड फोटोजर्नलिस्ट कुलदीप सिंह दीपक ने नेताजी के जीवनी पर प्रकाश डाला। .इससे पहले उन्होंने नेताजी को माला अर्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक समिति के संस्थापक जगदीश सिंह जग्गू ने भी उपस्थित युवाओं को नेताजी की जीवनी से से सीख लेकर उनके जीवनी से प्रेरित होकर देश निर्माण के कार्य में लगाने का संदेश दिया। इस अवसर राजेश ठाकुर ,रमेश गुप्ता, अजय श्रीवास्तव ,हिमांशु बॉस, अमेरिका साव, जितेंद्र साव, दीपक गुप्ता ,संदीप ठाकुर ,अजीत ठाकुर, माहि गुड्डू शर्मा, सुजल ठाकुर , प्रेम ठाकुर, परवाज खान आदि उपस्थित थे।

### केवट थे मुख्य अतिथि, इनके वंशजों का पांवपूजन मेरा सौभाग्य : अरुणा शंकर

# ऐतिहासिक दिन रहा 22 जनवरी : सांसद

*** इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया मेदिनीनगर में निकाला गया शोभा यात्रा**










**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अयोध्या में प्रभु श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हुआ। इस दिन पूरे देश के साथ मेदिनीनगर भी भगवा रंग से रंगा रहा। प्रथम महापौर एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष अरुणा शंकर एवं पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सौजन्य से निकाला गया भव्य शोभा यात्रा इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। इस यात्रा की अगवानी सांसद बीडी राम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, भाजपा महामंत्री मनोज सिंह,जिला अध्यक्ष विजयनंद पाठक, श्याम नारायण दुबे, विपिन सिंह, विभाकर पांडे, कृष्णा अग्रवाल, अविनाश वर्मा, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष सिंटू गुप्ता, रूपा सिंह, मंजू गुप्ता एवं सदस्यगण कर रही थी। वहीं चेंबर महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा, सचिन प्रियंका सिंघानिया, ममता सिंह ,राखी सोनी, प्रियंका आनंद साहू व कंचन गुप्ता ने राम-सीता व लक्ष्मण की झांकी एवं बाहर से आए कलाकारों का कमान संभाल रखा था। पूरे शोभा यात्रा की व्यवस्था चेंबर की ओर से प्रोजेक्ट चेयरमैन राकेश सोनी, आलोक माथुर, अमिताभ मिश्रा, राजहंस अग्रवाल देख रहे थे। वही गंगा आरती मंच की व्यवस्था राजदेव उपाध्याय, पुनीत सिंह व विक्रांत जी ने संभाल रखा था। शोभा यात्रा का संचालन विजय ओझा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य मंच का संचालन शालिनी श्रीवास्तव द्वारा की गई। मंच की व्यवस्था चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, एग्जीक्यूटिव सदस्य रिंकू दुबे, प्रेम जैसवाल,अमित जायसवाल, सुमित अग्रवाल,अनवर हुसैन, लाली मनोहर,अरविंद गुप्ता, अभय कुमार, सुबोध गुप्ता ,नीरज सिंहा संजय भगत , मनीष विमानिया, भूपेंद्र सिंह, सुधांशु एवं रितेश कुमार सुनील गुप्ता कर रहे थे।

इतने बड़े कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह थी कि कार्यक्रम की शुरुआत केवट के रूप में बोकिया मंदिर के पुजारी बौद्ध चौधरी के पैर धोकर अंग वस्त्र से सम्मानित करते हुए प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं सांसद वीडी राम ने आशीर्वाद लेकर शुरुआत की। इस अवसर पर पर सांसद वीडी राम ने पूरे शहर वासियों को बधाई देते हुए भगवान श्री राम के आचरण को आत्मसात करने को कहा। सांसद ने कहा कि यह ऐतिहासिक पल हम सबों के जीवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चलते देखने का अवसर मिला। जिसके लिए उन्होंने पूरे देशवासियों की ओर से कोटि-कोटि नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि आज हमारा शहर भगवा रंग से रंग गया। गली-गली में भंडारे चल रहा है। घर-घर में उत्सव है। अब वह दिन दूर नहीं, जब हमारा भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हम हिंदुओं को अपने जीवन काल में रामलला का दर्शन कराने के लिए कोटि-कोटि बधाई देती हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि आज मैं केवट के रूप में बोकिया के पुजारी का पांव पूजन कर धन्य हो गई। जिनके पूर्वज भगवान श्री राम के राजाभिषेक के इकलौते मुख्य अतिथि थे। इस शोभा यात्रा कार्यक्रम में जहां दिल्ली से आई झांकी राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान को देखने एवं फोटो लेने की भीड़ थी। वहीं कोलकाता से आया डाक नृत्य, अबीर डांस, दीप डांस को लोगों ने सराहा। कार्यक्रम का समापन भजन संध्या से हुआ। जहां सारेगामापा की कलाकार इशरत जहां ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरे कार्यक्रम की अगवानी बुलेट पर सवार साक्षी गुप्ता, विनय ओझा एवं अरविंद वसीम ने की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

